रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.8° न्यून. 23.0°
रांची: अधिक. 29.9° न्यून. 23.4°

श्रावण कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, रविवार
13 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-161, पृष्ठ-12
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 10

## युवाओं के लिए नई जिम्मेदारियों की शुरुआत का दिन है : पीएम

- प्रधानमंत्री ने 'रोजगार मेला' में 51,000 से अधिक युवाओं को वितरित किया नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली (हि.स.)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार का जोर निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। सरकार ने हाल ही में एक नई योजना 'एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम' को मंजूरी दी है। इसके तहत सरकार निजी क्षेत्र में पहली बार रोजगार पाने वाले युवाओं को 15,000 रुपए की सहायता देगी। इसके लिए एक लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। इसके माध्यम से लगभग 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'रोजगार मेला' में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन युवाओं के लिए नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। उन्होंने 'नागरिक प्रथम' के सिद्धांत को दोहराते हुए सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का अभियान लगातार जारी है और 'बिना पर्ची, बिना खर्ची' के नौकरी हमारी पहचान भी है।

पीएम मोदी ने अपनी पांच देशों की हालिया यात्रा का उल्लेख कर कहा कि हमने शेष पेज 11 पर

### 'रोजगार मेला' विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने का बना माध्यम : सेठ



- झारखंड के 25 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र, कुल 172 अभ्यर्थी हुए हैं चयनित

रांची। 'रोजगार मेला' के माध्यम से शनिवार को झारखंड के 25 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इन अभ्यर्थियों का चयन रेलवे, गृह मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और भारतीय डाक सेवा के लिए हुआ है। झारखंड से कुल 172 अभ्यर्थी चयनित किए गए थे। इस अवसर पर रांची के कांके रोड सीसीएल सभागार में लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश स्तर पर आयोजित होने वाला यह 'रोजगार मेला' विकसित भारत के लक्ष्य के साथ, 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' को पूर्ण करने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि रांची के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान नेत्रहीन विवेक भगत को नियुक्ति पत्र देकर बड़ी आत्मिक संतुष्टि मिली। शेष पेज 11 पर

## राज्य में खेल-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करेंगे काम : धोनी

- टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने मंत्री सुदिव्य कुमार से की शिष्टाचार भेंट
- मंत्री ने कहा, इस सहयोग से राज्य के खेल व पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

नवीन मेल डेस्क



रांची। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि वे झारखंड में खेल और पर्यटन के क्षेत्र में विकास को गति देने में राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। धोनी ने ये बातें शनिवार को नगर विकास, पर्यटन, कला-संस्कृति और खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार से शिष्टाचार भेंट के दौरान कही।

इस मुलाकात के दौरान मंत्री और धोनी के बीच झारखंड राज्य में खेल एवं पर्यटन गतिविधियों के व्यापक विकास को लेकर चर्चा हुई। इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे धोनी के अनुभव से राज्य में खेल और पर्यटन को नई दिशा और ऊंचाइयां दी जा सकती हैं।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धोनी के सहयोग को लेकर आश्वस्त है और उनके सहयोग से झारखंड को एक प्रमुख खेल और पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विश्वास है कि धोनी के सहयोग से झारखंड के खेल और पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव भी मौजूद थे।

## वीर सैनिकों की शहादत को नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




सविता गुप्ता

पहलगाम हमले में निहत्थे सैलानियों पर बर्बरता पूर्ण कायराना हमले को पूरे विश्व ने धिक्कारा और आतंक को जड़ से मिटाने के लिए एकजुटता दिखाई। हमारा देश भारत इस हमले से आहत था। पूरा देश एकजुट होकर इस हमले का मुंहतोड़ जवाब चाहता था। सभी देशवासियों का खून खौल रहा था, जिसे अंजाम तक पहुंचाया हमारे देश के शूरवीर सैनिकों ने। जल, थल, आकाश यानी भारतीय सेना, नौसेना एवं वायुसेना तीनों के सामंजस्य और तालमेल ने दुश्मन देश पाकिस्तान के घर में घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर मिट्टी में मिला दिया। हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, अचूक निशाने को पूरी दुनिया ने सराहा। इसमें कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारी नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व किया।

हमारे जांबाज सैनिक दुश्मन पर टूट पड़े और उनके छक्के छुड़ा दिए। उन्होंने न सिर्फ हमला किया, बल्कि दुश्मन को चेतावनी भी दी कि आइंदा शेष पेज 11 पर

### मंत्री चमरा लिंडा ने की कल्याण विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

# योजनाओं का लाभ बिना विलंब हर छात्र तक पहुंचाना प्राथमिकता

**बोले मंत्री**
- छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजनाओं को दें गति
- योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल डेस्क



**बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है हेमंत सरकार**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिक्षा के प्रति विशेष रूप से सजग हैं। हेमंत सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और ग्रामीण छात्रों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार कई योजनाएं भी चला रही है। विदेशों में पढ़ाई के लिए मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना चला रही है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई के लिए व्यवस्था कर रही है। छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजना तो चल ही रही है।

रांची। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें मंत्री ने छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण योजनाओं को गति देने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की यह प्राथमिकता है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हर छात्र तक योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की।

मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी जिलों में छात्रवृत्ति का भुगतान तेजी से किया जाए और जिन जिलों में राशि उपलब्ध है, वहां लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन हो।

पिछड़े वर्ग के छात्रों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की बकाया राशि के संदर्भ में उन्होंने विभाग को भारत सरकार से पत्राचार तेज करने का निर्देश दिया, ताकि छात्र-छात्राओं को समय पर सहायता मिल सके।

चमरा लिंडा ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर धरातल पर उतारने का निर्देश भी दिया।

बैठक में कल्याण सचिव कृपानंद झा एवं कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने भी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी दी। बैठक में विभागीय सचिव कृपानंद झा, कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी एवं राज्य के सभी जिलों के परियोजना निदेशक (आईटीडीए) एवं जिला कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन भूमि की अवैध खरीद बिक्री मामले में दो गिरफ्तार

नवीन मेल डेस्क



- बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में 100 एकड़ से अधिक वन भूमि का है मामला

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में कार्रवाई की। इस मामले में सीआईडी की टीम में किंगपिन इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी तेतुलिया मौजा में बेशकीमती करीब एक सौ एकड़ जमीन का फर्जीवाड़ा कर दस्तावेज बनाकर हड़पने और बेचने के मामले में हुई है।

इस मामले की जांच और कार्रवाई सीआईडी के साथ ईडी भी कर रही है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में भी मामले की सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार से जमीन के मूल दस्तावेज का रिकॉर्ड मांगा गया है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है। इस जमीन घोटाले की जांच के लिए सीआईडी टीम कई बार बोकारो गई थी। इसकी जानकारी जब बोकारो के सफेदपोशों और अधिकारियों को लगी तो, उनमें हड़कंप मच गया था।

ज्ञात हो कि बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया। आरोप है कि इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अफसरों की मिली भगत है। इस जमीन को बोकारो स्टील प्लांट ने वन विभाग को वापस लौटाया था। मामले को लेकर झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर जमीन घोटाला मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर रही है। वन विभाग की जमीन को माफिया द्वारा बेचे जाने का मामला सामने आने के बाद बोकारो वन प्रमंडल के प्रभारी वनपाल सह वनरक्षक रुद्र प्रताप सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। जांच के बाद सामने आया कि बोकारो में अधिकारी और भू-माफिया ने मिलकर 100 एकड़ से अधिक जमीन फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिए हैं।

## कंटेनर ने जवान को कुचला, मौत

रामगढ़। रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कंटेनर ने शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे हजारीबाग के चरही थाने में पदस्थापित पुलिस जवान रमाशंकर पांडे को कुचल दिया। इस हादसे में जवान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जब पुलिस गश्ती दल एक संदिग्ध ट्रक का पीछा कर रहा था, उसी दौरान तेज रफ्तार कंटेनर ने जवान को कुचल दिया। हजारीबाग पुलिस लाइन में शाहिद रमाशंकर पांडे को अंतिम सलामी दी गई।

## पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी : पायलट्स एसोसिएशन

- ब्यूरो



नई दिल्ली। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा, 'रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया में लीक कर दी गई। जांच में पारदर्शिता का अभाव है, क्योंकि जांच पूरी तरह से गोपनीयता में लिपटी हुई है। इससे विश्वसनीयता और जनता का विश्वास कम होता है। योग्य, अनुभवी कर्मियों खासकर लाइन पायलटों को अभी भी जांच दल में शामिल नहीं किया जा रहा है। पायलट्स एसोसिएशन का यह भी कहना है कि पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी दिखती है।

इससे सवाल उठ रहा है कि क्या पायलट को एयर इंडिया के एआई-171 विमान दुर्घटना का जिम्मेदार साबित कर विदेशी ताकतें जहाज बनाने वाली कंपनी को बचाने की साजिश तो नहीं कर रही हैं।

मालूम हो कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई-171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-आई) ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं। एसोसिएशन ने कहा, 'जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं।'

## यौन शोषण के आरोप में खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए खूंटी के जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी खूंटी जिला परिषद स्थित उनके निजी चैंबर से की गई। यह कार्रवाई चुटिया थाने में एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई यौन शोषण की शिकायत के आधार पर की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चुटिया थाने में एक महिला ने मसीह गुड़िया के खिलाफ यौन शोषण का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने मसीह गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया।

## पेशरार में छापेमारी, छह साल से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस और एसएसबी 32वीं वाहिनी की संयुक्त टीम को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीपीआई (माओवादी) संगठन के हार्डकोर नक्सली जगन लोहरा को उसके गांव रोरेद (कंरजटोली), थाना पेशरार से गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले छह वर्षों से फरार था और सुरक्षा एजेंसियां उसे लंबे समय से तलाश रही थीं।

यह गिरफ्तारी 12 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी और 32वीं वाहिनी एसएसबी लातेहार के कमांडेंट के निर्देश पर की गई। जी कंपनी (एसएसबी किस्को) के कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे और पेशरार थाना प्रभारी गैलन राजवाड़ा के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी की गई। गिरफ्तार नक्सली जगन लोहरा, पिता चुंगलू लोहरा उर्फ फुलवा लोहरा, छिपादोहर थाना क्षेत्र के समंदा जंगल में पुलिस और सीआरपीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल था। उसके खिलाफ कांड संख्या 14/2020 के तहत गंभीर आपराधिक मामला दर्ज है। शेष पेज 11 पर


## इंडिया

## तरमीम, मुजामत, मजरुब का अर्थ पुलिसकर्मियों को भी नहीं पता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक


भारत के मुख्य न्यायाधीश ने एक बार कहा था कि न्यायालय की कार्रवाई शादी के मंत्रोच्चारण की तरह नहीं होनी चाहिए जिसे सभी लोग पूरी तरह समझ न पाएं। भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और इसमें सुधार की सख्त ज़रूरत है। आजादी के 75 साल बाद भी हमारी पुलिस अंग्रेजों की तय की गई भाषा की गुलामी से आजाद नहीं हो पाई है। न्यायालयों के कामकाज में अरबी-फ़ारसी भाषा का प्रयोग आंशिक रूप से ही होता है, जबकि 1206 से 1837 तक, न्यायालयों में अरबी-फ़ारसी भाषा का पूर्ण उपयोग किया जाता था। 1837 में ब्रिटिश सरकार ने फ़ारसी को अदालती भाषा के रूप में हटा दिया पर आज भी अदालती नोटिस और पुलिस दस्तावेजों में लिखे और पढ़े जाने वाले अरबी, फारसी और उर्दू भाषा के मिले-जुले ऐसे कठिन शब्द हैं, जिनका अर्थ खुद पुलिस वाले भी नहीं जानते। 2019 में दिल्ली हाईकोर्ट ने इन कठिन शब्दों पर सवाल खड़ा करते हुए रोक लगाने का निर्देश दिया था। पुलिस विभाग के दस्तावेजों में लिखा पढ़ी की भाषा का नमूना देखिए -'पुलिस गश्त में मामूर थी तभी जरिए मुखबिर मालूम हुआ कि एक नफर अभियुक्त मयमाल मौजूद है। इस पर हमरान सिपाहियान संग दबिश देकर उसे पकड़ा गया है। उसका हश्म हुलिया जैल है। रूबरू संतरी प्रहरी जामा तलाशी ली गई (पहरे पर मौजूद संतरी के सामने उसके कपड़ों की पूरी तलाशी ली गई)। जिस्म जरवात पाक-साफ व ताजा है (शरीर साफ-सुथरा है और कहीं भी ताजा चोट के निशान नहीं हैं)। हस्ब ख्वाहिश खुराक पूछी गई, गमे गिरफ्तारी खुराक खाने से मुनकिर है (मुलजिम से खाने के बारे में पूछा गया, गिरफ्तारी से दुखी होकर होकर खाना खाने से इंकार किया)।' इन शब्दों का अर्थ न तो एफआइआर लिखने वाला जानता है और न लिखवाने वाला जैसे मौका मुरत्तिब - घटनास्थल पर की गई कार्रवाई। बाइस्तवा - शक, संदेह, तरमीम - बदलाव करना अथवा बदलना, बयान तहरीर - लिखित कथन, नक्शे अमन-शांतिभंग, माल मसरूका- लूटी अथवा चोरी गई संपत्ति, मजरूब- पीड़ित, मुजामत- झगड़ा, मुचलका- व्यक्तिगत पत्र, रोजनामचा आम- सामान्य दैनिक, रोजनामचा खास- अपराध दैनिक, सफीना - बुलावा पत्र, हाजा - स्थान अथवा परिसर, अदम तामील- सूचित न होना, अदम तकमीला- अंकन न होना, अदम मौजूदगी - बिना उपस्थिति, अहकाम- महत्वपूर्ण, गोस्वारा - नक्शा।1861 में अंग्रेजों ने भारत में पुलिस अधिनियम लागू कर पुलिस प्रणाली का गठन किया था। उस समय हिंदी भाषी राज्यों में मुगलिया प्रभाव के चलते बोलचाल की भाषा में उर्दू, अरबी और फारसी शब्दों का खूब प्रयोग किया जाता था। इस मिलीजुली भाषा को अंग्रेजों ने सरकारी दस्तावेजों में लिखापढ़ी की भाषा के तौर पर इस्तेमाल किया। आजादी के 75 साल बाद अन्य विभागों ने तो अपनी भाषा बदल ली। मगर पुलिस अभी भी दस्तावेजों की लिखा पढ़ी में परंपरागत तौर पर अंग्रेजों की उसी भाषा का इस्तेमाल करती है। पुलिस विभाग को डिजिटल करने के लिए वर्ष 2016 में सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग सिस्टम) लागू किया गया। इसके तहत की हुई भर्ती के बाद उम्मीद जगी कि महकमे में फारसी व उर्दू के भाषा के साथ हिंदी को बढ़ावा मिलेगा। पर कुछ नया नहीं हो सका और भर्ती हुए युवा भी पुलिस की पुरानी परिपाटी पर चलते हुए फ़ारसी व उर्दू के शब्दों का ही प्रयोग करने लगे।यूपी में एफआइआर व जीडी ऑनलाइन होने के बाद भी एफआइआर में फ़ारसी व उर्दू के शब्दों का ही प्रयोग होता है। जिनका अर्थ न तो एफआइआर लिखने वाला जानता है और न लिखवाने वाला।पुलिस विभाग में पहले उर्दू भाषा को पढ़ने के लिए अनुवादक की भर्ती हुआ करती थी। जिसकी अंतिम भर्ती वर्ष 1995 में की गई। अवकाश प्राप्त पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉक्टर प्रशांत करण कहते हैं कि पुलिस महकमे में अरबी ,फारसी या उर्दू भाषा के प्रयोग का लिखित तौर पर कोई निर्देश नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 383 शब्दों की उस सूची में रखा है जिन्हें अब अदालती भाषा और प्राथमिकी (एफआईआर) से बाहर रखा जाना है।हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त से पूछा था कि अब तक उर्दू और फ़ारसी के शब्दों का इस्तेमाल प्राथमिकी दर्ज करने की भाषा में क्यों होता है, जबकि शिकायतकर्ता इसका इस्तेमाल नहीं करते।कोर्ट का मानना है कि उर्दू के यह शब्द केवल वही व्यक्ति समझ सकते हैं जिनके पास उर्दू या फ़ारसी में डॉक्टरेट की डिग्री हो। अदालत ने हिदायत दी है कि पुलिस ऐसी साधारण भाषा का प्रयोग करे जिसे एक आम आदमी भी उसे पढ़कर समझ सके। सरल व सुलभ भाषा का प्रयोग होने से आमजन को सुविधा होगी। झारखंड में सरकारी कामकाज की भाषा हिंदी है और युवा पीढ़ी के पुलिसकर्मियों की बहाली होने के बाद थानों में सुस्पष्ट हिंदी का प्रयोग हो रहा है। पर पुराने फोर्मेट के फॉर्म और नोटिस में बहुत कुछ सुधार की आवश्यकता है जो अत्यंत अपमानजनक और आदेशात्मक भाषा में लिखे जाते हैं ।




## एसीबी ने रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी को किया गिरफ्तार

- राजस्व कर्मचारी ने पंजी-2 में नाम दर्ज करने के लिए रिश्वत मांगी थी

नवीन मेल डेस्क



सरायेकला। एसीबी ने शनिवार को सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अंचल के राजस्व कर्मचारी सन्नी बर्मन को जमीन के ऑनलाइन पंजी-2 में नाम दर्ज करने के लिए दस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय के अनुसार, यह कार्रवाई जमशेदपुर एसीबी की टीम ने की है। बताया गया कि राजेश हेम्ब्रम की शिकायत पर एसीबी ने यह कार्रवाई की है। राजेश ने एसीबी से की शिकायत में कहा था कि उनके पिता सुकराम मांझी की खरीदे गई जमीन, जिसकी खाता संख्या 38, 39, 40 और 41, प्लाट संख्या 46/ए पर उसने अपना नाम ऑनलाइन पंजी-2 में दर्ज कराने के लिए अंचल कार्यालय से संपर्क किया था। राजस्व कर्मचारी सन्नी बर्मन ने इस काम के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इस शिकायत के बाद एसबी ने मामले की जांच की। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को आज रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

बीएयू ने कांके के चामगुरु गांव में राष्ट्रीय बकरी दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

# बकरी प्रजनन, पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में वैज्ञानिक तकनीक अपनाएं : डॉ दुबे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) ने रांची जिला के कांके प्रखंड के चामगुरू गांव में शनिवार को राष्ट्रीय बकरी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें प्रमुख संक्रामक रोग पीपीआर से बकरियों के बचाव के लिए 71 किसानों की कुल 593 बकरियों का टीकाकरण किया गया।

किसानों को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने बेहतर उत्पादकता और लाभ के लिए बकरियों के प्रजनन, पोषण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में वैज्ञानिक तकनीक अपनाने पर बल दिया। उन्होंने पशुओं की पोषण आवश्यकता की पूर्ति के लिए हरा चारा उगाने तथा आधुनिक बकरीपालन संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त करने के लिए रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सतत संपर्क में रहने का सुझाव पशुपालकों को दिया।

निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा संकाय डॉ एमपी गुप्त, प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अलोक कुमार पांडेय, झारखंड सरकार के पशुपालन अधिकारी डॉ सरोज कुमार ठाकुर तथा बकरी परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने भी किसानों को संबोधित किया। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा वैज्ञानिक डॉ दिनेश कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार रजक तथा डॉ दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में वेटनरी विद्यार्थियों ने टीकाकरण कार्यक्रम चलाया।

राष्ट्रीय बकरी दिवस प र कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआर की अखिल भारतीय बकरी सुधार अनुसंधान परियोजना के तहत किया गया था। दो दवा कंपनियों- जेन एक्स और न्यूट्रीवेट - द्वारा 60 किसानों को पशुओं के लिए उपयोगी दवाएं निःशुल्क वितरिक की गईं।

प्रौद्योगिकी आधारित बकरीपालन विषय पर विद्यार्थियों के लिए आयोजित भाषण प्रतियोगिता में आरवीसी के राजदीप, निहाल श्रीवास्तव तथा राहुल शर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्थानीय महिला कृषकों- बचिया देवी, पौंडो देवी तथा रिशा उरांव को बकरीपालन में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निहाल श्रीवास्तव ने किया।

### बकरी भारत के पशुपालन क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक

पंद्रह करोड़ से अधिक की आबादी के साथ बकरी भारत के पशुपालन क्षेत्र का महत्वपूर्ण घटक है, जो भूमिहीन, सीमांत और छोटे किसानों को आजीविका का साधन प्रदान करता है। कम विनियोग आवश्यकताओं, छोटी पीढ़ी अंतराल, कठोर कृषि-जलवायु परिस्थितियों के प्रति अनुकूलता के कारण बकरी पालन मांस, दूध, खाद, फाइबर और रोजगार का अनुकूल स्त्रोत है। उत्पादन एवं लाभ बढ़ाने के उद्देश्य से हाल के वर्षों में युवा और उद्यमी काफी संख्या में देश की श्रेष्ठ प्रजातियों और ग्रेडेड अप स्थानीय नस्लों से युक्त व्यावसायिक बकरी फार्म स्थापित करने की और आकर्षित हुए हैं।

### आर्थिक-पोषण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है बकरी दिवस का मुख्य उद्देश्य

राष्ट्रीय बकरी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बकरी के आर्थिक एवं पोषण महत्व, बकरी दूध और मांस के पोषक तत्वों और इनके मूल्य संवर्धन तथा प्रसंस्करण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आईसीएआर के केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मथुरा के निदेशक डॉ मनीष कुमार चाटली ने बकरी अनुसंधान संबंधी सभी केंद्रों एवं राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को प्रस्ताव दिया था कि बकरीपालन को लोकप्रिय बनाने तथा भविष्य के पशु के रूप में बकरी की ब्रांडिंग करने के उद्देश्य से संस्थान के स्थापना दिवस (12 जुलाई) को राष्ट्रीय बकरी दिवस के रूप में मनाया जाए।

गंदे पानी की जलापूर्ति की शिकायत पर सैंपल कलेक्शन का दिया गया था आश्वासन

# गंदे पानी की बोतल को जांच का है इंतजार

**उठते सवाल:-**
**शिकायतकर्ता से रूखा व्यवहार तो कौन करे शिकायत**

**मनोज मिश्रा। रांची**



राजधानी की बड़ी आबादी सहदेव नगर, पंचशील नगर में बसती है। लगभग सभी घरों ने जलापूर्ति का कनेक्शन लिया हुआ है। बढ़ती आबादी और घटती जलस्तर के कारण अधिकांश घर पीने के पानी के लिए सरकार की जलापूर्ति पर आश्रित रहती है। नागरिकों के घरों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, इसके बावजूद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सप्लाई की गई पानी गंदा हो, गटर के पानी जैसी बदबू आए तो हाहाकार मचेगा ही। अमूमन होता यह है कि आम आदमी टोले मोहल्लों में आपस में बात कर ही जलापूर्ति को कोसकर शांत हो जाते हैं मगर कुछ ऐसे जागरूक नागरिक भी हैं जो इसकी शिकायत करते हैं और कार्रवाई होने की उम्मीद रखते हैं।

जिन पदाधिकारी के कंधे में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी होती है वे जिम्मेवारियों से मुंह मोड़कर अपनी व्यस्तता बताते हुए शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। हमेशा पदाधिकारी यही कहते आते हैं कि उन्हें कोई शिकायत नहीं करता। लेकिन शिकायत करने वालों पर विभाग कैसा सलूक करता है यह पेयजल एवं स्वच्छता गोंदा प्रमंडल में देखने को मिलता है।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि सहदेव नगर के किसी व्यक्ति ने घर में आ रहे गंदे पानी की शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गोंदा प्रमंडल के एसडीओ शुभम उपाध्याय से की थी। साहब यह स्वीकार करने को तैयार ही नहीं थे कि गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इस पर जागरूक नागरिक अमित कुमार ( बदला हुआ नाम) ने कहा कि आप सैंपल कलेक्शन करिए देखिए की पानी में कितनी दुर्गंध है। उन्होंने कहा कि सैंपल कलेक्शन के लिए आदमी भेजते हैं, मगर जब दो-तीन दिन बीत गए और श्री कुमार ने कहा कि कोई भी सैंपल कलेक्शन जांच करने को नहीं आया है शुभम उपाध्याय ने कहा कि सारा फोर्स को आपके पीछे ही लगा दे क्या।

रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जहां पानी की आवश्यकता होती है वहां 2 दिन इंतजार करके कोई कहे की पानी का सैंपल कलेक्शन के लिए कोई नहीं आया है और पदाधिकारी शिकायतकर्ता से रूखा बर्ताव करें तो इससे क्या समझे कि अंग्रेज चले गए लेकिन अंग्रेजियत के बाबू को छोड़ गए हैं। शिकायतकर्ता से इतना रूखा व्यवहार होगा तो कोई विभाग में शिकायत क्यों करेगा जबकि आज तक कोई सैंपल जांच करने नहीं आया। शिकायतकर्ता से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हम लोग जलापूर्ति पाइप की मरम्मत करते हैं पानी क्या सप्लाई हो रहा है। साफ है या गंदा यह देखना मेरा काम नहीं है, देखेंगे भी कैसे अपने ऑफिस में आरो जो लगाए हैं, खुद आरो का पानी पीते हैं जनता क्या पिए इससे क्या मतलब।

नदी नालों की जमीन का अतिक्रमण कर बनाए गए घरों पर गिर सकती है गाज

# पंचशील नगर के पांच लोगों को भेजा गया अंतिम नोटिस



**रांची।** पंचशील नगर चौक में बनहोरा नाले की जमीन का अतिक्रमण कर पक्के मकान दुकान बनाए गए हैं। अतिक्रमण की वजह से एनएच 75 में भारी जल जमाव होता है और नेशनल हाईवे राजधानी से कट जाता है। डाल्टनगंज और लोहरदगा से आने वाली एम्बुलेंस हमेशा जल जमाव में फंस जाती है। वही राधा नगर, शांति नगर, पंचशील नगर, सहदेव नगर पानी में डूब जाते हैं। गलियों में तीन से चार फीट पानी जमा होता है, और बहुत लोगो के घर में तो पानी घुस जाता है। चारों तरफ पानी पानी और बीच में जिंदगानी कितनी मुश्किल है या वही समझ सकता है जो यहां रहता हूं। इन मुश्किल हालातो को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र लगातार खबरें छपता आ रहा है जिसका परिणाम हुआ है कि जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रात्रि में अतिक्रमण स्थल का दौरा कर पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी नालों की जमीन का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिन्होंने अतिक्रमण किया है उस पर कड़ी करवाई करें। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के आदेश पर विभागीय सक्रियता बढ़ गई और एक सप्ताह पहले हेहल अंचल सीओ घनश्याम कुमार ने पांच अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा था और अपना पक्ष रखने को कहा था। दस्तावेज की जांच में पाया गया कि नाले की जमीन का अतिक्रमण हुआ। अब फिर एक बार पांच अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है जिसमें बताया गया है कि नाले की जमीन का अतिक्रमण कर मकान बनाए गए हैं। इसलिए नदी नालों के अतिक्रमण के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मकान तोड़े जाएंगे।

राज्यपाल गंगवार ने 'रांची कैंसर समिट 2025' का किया उद्घाटन, कहा

# कैंसर की लड़ाई में अपनत्व और औषधि दोनों आवश्यक

**बोल गवर्नर**

- यह लड़ाई केवल चिकित्सा की नहीं, संवेदना और सामूहिक उत्तरदायित्व की भी है
- कैंसर केवल पीड़ित को ही नहीं, पूरे परिवार को गहराई से करती है प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को रांची के एक स्थानीय होटल में 'रांची कैंसर समिट 2025' का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कैंसर की लड़ाई केवल चिकित्सा की नहीं, संवेदना और सामूहिक उत्तरदायित्व की भी है।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि कैंसर एक ऐसी जटिल बीमारी है, जो न केवल व्यक्ति के शरीर को, बल्कि पूरे परिवार की मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक स्थिरता को भी गहराई से प्रभावित करती है। ऐसे में इसकी चिकित्सा में मानवीय संवेदना, भरोसा और अपनत्व भी उतने ही आवश्यक हैं जितनी औषधियां।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जहां दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं अब भी एक बड़ी चुनौती हैं, वहां कैंसर जैसी बीमारियों की समय पर पहचान और समुचित उपचार के लिए समर्पित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भारत' योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक क्रांतिकारी पहल है, जिससे गरीब एवं वंचित वर्ग को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लेकिन, इस योजना की पूर्ण सफलता तभी संभव है, जब चिकित्सक, अस्पताल, राज्य सरकारें और समाज मिलकर सामूहिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। राज्यपाल गंगवार ने चिकित्सकों को 'वैद्य नारायणो हरिः' कहते हुए उन्हें जीवनदाता बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, करुणा और समर्पण को मूल में रखकर यदि चिकित्सा कार्य हो, तो हर कैंसर पीड़ित के जीवन में आशा की किरण जाग सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे बरेली में अनेक लोगों को वहां के एक विशेषज्ञ चिकित्सक के पास उपचार के लिए भेजते हैं और वहां के उपचार से लोगों को संतोषजनक परिणाम मिलते हैं।



### अपनी पीड़ा समझ कैंसर पीड़ित को जीवन की राह पर लाने का प्रयास करें

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आशा जताई कि 'रांची कैंसर समिट 2025' के माध्यम से झारखंड में कैंसर उपचार और जन-जागरूकता को एक नई दिशा मिलेगी। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि कोई भी कैंसर पीड़ित अकेला न रहे, हम सब उसकी पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर जीवन की राह पर लौटाने के लिए समर्पित प्रयास करें।

# विवि में 'एक व्यक्ति, एक पद' का सिद्धांत अविलंब लागू हो : अभिषेक झा

- अबुआ अधिकार मंच ने कहा, यह सुधार विश्वविद्यालय प्रशासन को अधिक पारदर्शी बनाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधि और छात्र नेता अभिषेक झा ने शनिवार को मांग की कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति को अविलंब और प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड की उच्च शिक्षा प्रणाली इस समय एक गंभीर मोड़ पर खड़ी है, जहां कुछ शिक्षकों द्वारा अनेक प्रशासनिक पदों पर एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल संस्थानों में प्रशासनिक असंतुलन को जन्म दे रही है, बल्कि शिक्षण, शोध एवं नवाचार जैसे शैक्षणिक मूल्यों को भी प्रभावित कर रही है। अभिषेक झा ने कहा कि यह कोई व्यक्ति विरोधी मांग नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था को सुचारु, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। जब किसी एक शिक्षक के पास अनेक प्रशासनिक जिम्मेदारियां होती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव संस्थागत कार्य-प्रणाली, निर्णय क्षमता और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ता है, जिससे अंततः छात्र सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

छात्र नेता अभिषेक झा ने कहा कि जब एक व्यक्ति स्वयं या व्यवस्था द्वारा अनेक पदों पर बना रहता है, तो यह न केवल प्रतिभाशाली शिक्षकों के लिए अवसरों को सीमित करता है, बल्कि विश्वविद्यालय की गति और साख को भी नुकसान पहुंचाता है। छात्रों के हित में यह आवश्यक है कि जिम्मेदारियों का समुचित और न्यायपूर्ण वितरण हो। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई विश्वविद्यालयों में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जहां एक ही व्यक्ति कई वर्षों से अनेक प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा रहा है, जिससे योग्य और कर्मठ शिक्षकों को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा।

उन्होंने कहा, अबुआ अधिकार मंच मांग करती है कि झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति, एक पद' की नीति को बिना किसी देरी के प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि वर्तमान में जिन शिक्षकों के पास एक से अधिक प्रशासनिक जिम्मेदारियां हैं, उन्हें केवल एक पद तक सीमित किया जा सके और भविष्य में भी प्रशासनिक नियुक्तियां इसी नीति के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। यह सुधार न केवल शिक्षकों को उनके अकादमिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित करेगा, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और संतुलित भी बनाएगा, जिससे अंततः छात्र हितों की रक्षा होगी और संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा।

## अस्पतालों में शव नहीं रोकने के फैसले को असम ने अपनाया : मंत्री



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अस्पताल, चाहे सरकारी हो या निजी, किसी मृत व्यक्ति के शव को बिल के नाम पर रोकना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके इस फैसले को अब असम राज्य ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय को पूरे भारत में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए असम सरकार का आभार जताया है। मंत्री ने आगे कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि अब भाजपा शासित राज्य भी जनकल्याण की दिशा में वही कदम उठा रहे हैं, जो हमारी सरकार ने सुधार के कार्य किए हैं। मंत्री ने कहा कि यह फैसला मानवीय संवेदना और मृतकों के परिजनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए लिया गया है। इस फैसले का पूरे राज्य में सराहना हो रही है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने ऐसे निजी अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं जो शव रोकने जैसी अमानवीय हरकतें करते हैं।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को दैनिक समाचारपत्र प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी से उनके आवास पर मुलाकात की तथा उनकी दिवंगत माता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मरांडी ने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।




केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयकर विभाग द्वारा रांची में आयोजित ह्यटैक्सपेयर्स हबह्ण के समापन समारोह में पद्मश्री अशोक भगत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयकर विभाग के इस तीन दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम में बिहार एवं झारखंड क्षेत्र के करदाताओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में जयंत मिश्रा, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, बिहार-झारखंड, सैयद नासीर अली, सेवानिवृत्त प्रधान आयकर महानिदेशक, रंजन कुमार, मुख्य आयकर आयुक्त, रांची सहित आयकर विभाग के कई अधिकारी व करदाता उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान राशि का रांची में हुआ भुगतान 3 लाख से ज्यादा महिलाओं को मिला 2500

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत रांची जिले की लाखों महिलाओं को मई महीने की सम्मान राशि 2500 रुपये का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना के पहले चरण में रांची जिले की 3 लाख 25 हजार 51 महिलाओं को उनके बैंक खातों में कुल 81 करोड़ 26 लाख 27 हजार 500 की राशि भेजी गई है। यह भुगतान पूरी तरह आधार-आधारित है, यानी जिनका आधार बैंक से लिंक था, उन्हें सीधे पैसा मिल गया।

**अब भी बाकी हैं कई महिलाएं**

जिन महिलाओं का आवेदन पहले ही मंजूर हो चुका है, लेकिन जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें अभी भुगतान नहीं हुआ है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अपील की है कि सभी लाभुक जल्दी से जल्दी आधार सीडिंग करवा लें, ताकि अगली किस्त में उन्हें भी फायदा मिल सके। साथ ही जिनका भौतिक सत्यापन अभी बाकी है, वे अपनी नजदीकी आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क करें, सत्यापन फॉर्म लें और प्रक्रिया पूरी करें। सत्यापन पूरा होने के बाद उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा।




एनएचएम झारखंड और झारखंड सांख्यिकी सोसाइटी ने किया सेमिनार का आयोजन

# बिना डाटा गतिविधियों का सही आकलन मुश्किल : शशि झा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड एवं झारखंड सांख्यिकी सोसाइटी के सामूहिक सहयोग से आरसीएच सभागार, नामकुम में शनिवार को सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शशि प्रकाश झा, अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड की अध्यक्षता में किया गया। डॉ रंजीत प्रसाद, नोडल पदाधिकारी, डाटा कोषांग द्वारा अंगवस्त्र एवं पौधा देकर अभियान निदेशक का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शशि प्रकाश झा (भाप्रसे) ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

शशि प्रकाश झा, अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सांख्यिकी को जो लोग भूलते जा रहे हैं, वे लोग चाह कर भी इसे भूल नहीं पाएंगे। केवल लोग संख्यिकी को उस रूप में याद नही करते हैं कि सांख्यिकी की क्या जरूरत है। उन्होंने सांख्यिकी की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि कहा कि बिना डाटा के सारी गतिविधियों को सही रूप से आकलन करना मुश्किल है। लोग सांख्यिकी को गणित का सिर्फ एक अंग समझते है, लेकिन मेरा मानना है की गणित ही सांख्यिकी का एक भाग है।

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि अगर संभव हो, तो सांख्यिकी पर माह में कम से कम एक बार सेमिनार जरूर आयोजित करें। उन्होंने जिला डाटा प्रबंधक को निदेश देते हुए कहा कि सभी आंकड़े के महत्व को समझें एवं गलत डाटा की जानकारी किसी को न दें, क्योंकि पूरी दुनिया आज डाटा पर निर्भर हैं, और इसका महत्व बहुत है।

झारखंड सांख्यिकी सोसाइटी के सचिव, प्रो डॉ एसबी सिंह ने कहा कि शशि प्रकाश झा एक प्रतिष्ठित भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के मिशन निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। प्रशासनिक सेवा में उनके उत्कृष्ट अनुभव और समर्पण ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित प्रो डॉ प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने भारत में आधुनिक सांख्यिकी प्रणाली की नींव रखी थी।

झारखंड सांख्यिकी सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो डॉ सौभिक चक्रवर्ती ने कहा कि आज हम इस अवसर को 'राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के 75 वर्ष' विषय पर आधारित संगोष्ठी के रूप में मना रहे हैं। प्रो महालनोबिस के प्रमुख योगदानों में इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट की स्थापना, बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे का प्रारंभ, और 'महालनोबिस दूरी' का विकास शामिल है। उन्हें भारत में आधुनिक सांख्यिकी का जनक माना जाता है।

नोडल पदाधिकारी डाटा, डॉ रंजीत प्रसाद ने स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि आप लोग उपस्थित हुए है, इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

इस मौके पर डॉ रंजीत प्रसाद, नोडल पदाधिकारी, डाटा, डॉ लाल माझी, नोडल पदाधिकारी आईईसी, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कू, राज्य डाटा प्रबंधक, सुबोध कुमार, जिला से सभी जिला डाटा प्रबंधक सहित विभाग के तमाम कर्मचारी एवं अधिकारी के साथ-साथ झारखंड सांख्यिकी सोसाइटी से प्रो डॉ सौभिक चक्रवर्ती, अध्यक्ष, प्रो डॉ एसबी सिंह, डॉ राजेश कुमार, एम्स देवघर, रंधीर कुमार उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 100 बच्चे सम्मानित




**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में शनिवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया। समारोह का उद्घाटन झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल मौजूद थे। मौके पर सुरेश चंद्र अग्रवाल ने छात्रों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर सतत ध्यान देना, अनुशासन, परिश्रम और विनम्रता किसी भी छात्र की सफलता की कुंजी होती है।

### शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# गौमाता सेवा समिति ने छात्राओं में वितरित की 170 डिक्शनरी

- केशव बजाज के जन्मदिन पर प्रति वर्ष दिया जाता है यह सहयोग
- छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और जन्मदिन गीत की प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में शनिवार को वर्ग 4 से लेकर वर्ग 8 तक की उन छात्राओं को जिनके पास डिक्शनरी नहीं थी, गौमाता सेवा समिति ने डिक्शनरी प्रदान किया। प्रति वर्ष यह सहयोग प्रमोद एवं अनीता बजाज द्वारा अपने पुत्र केशव बजाज के जन्मदिन के आलोक में किया जाता है। इस वर्ष 170 पीस डिक्शनरी दी गई। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव वेद प्रकाश बागला ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से की। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। जन्मदिन गीत से केशव बजाज को शुभकामनाएं दीं। गौ माता सेवा समिति के सचिव मुकेश पोद्दार ने छात्राओं को समझाया कि वे कठिन शब्दों को डिक्शनरी के माध्यम से जान सकती हैं और अपनी एक छोटी डिक्शनरी भी स्वयं बना सकती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सहसचिव विजय सरायका ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर बड़ी संख्या में गोमाता सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीता बघेल और सीमा सिन्हा ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापिका मीना ओझा, रानी शांता, पिंकी रानी, शुभम कुमारी, मीरा कुमारी, सुनीता ओझा, ममता शर्मा और कामिनी कुमारी उपस्थित थीं।

# अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करेगा नगर निगम : अपर प्रशासक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- शहर को अतिक्रमण मुक्त और सुगम यातायात व्यवस्था वाला बनाना है उद्देश्य
- कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

रांची नगर निगम के प्रशासक के आदेश के अनुसार शहर को स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त एवं सुगम यातायात व्यवस्था युक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम निरंतर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाती है। इसी क्रम में विगत बुधवार (09.07.2025) को कचहरी चौक से समाहरणालय भवन तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान अज्ञात व्यक्तियों, वेंडर द्वारा निगम की इनफोर्समेंट टीम के अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की गई एवं अपशब्दों का प्रयोग करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। इस असंवेदनशील एवं आपत्तिजनक कृत्य को अपर प्रशासक संजय कुमार ने गंभीरता से लिया है।अपर प्रशासक संजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को कोतवाली थाने में लिखित प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रांची में बढ़ी साइबर ठगी, थानों में रोजाना दर्ज हो रहे 7-8 मामले

## महीने भर में लगभग 250 मामले आ रहे हैं सामने



- ठगों के अंतरराज्यीय गिरोह के कारण रिकवरी में आती हैं समस्याएं

**काजल मेहता। रांची।** साइबर क्राइम के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान हुए हैं और हो रहे हैं, और लोगों में जागरूकता आई भी है। लेकिन ठगी के नए नए उपायों से साइबर पुलिस भी परेशान है। वहीं, जागरूकता के अभाव में कई मामले दर्ज भी नहीं हो पाते हैं। राजधानी रांची में प्रतिदिन साइबर ठगी के 7 से 8 मामले सामने आते हैं। जिसमे कई मामलों में रिकवरी काफी मुश्किल हो जाता है जिसकी बड़ी वजह है साइबर अपरिधियों का अंतर्राज्यीय तरीके से ठग को अंजाम देना। राजधानी रांची में रहने वाले लोग यदि साइबर ठग का शिकार होते हैं तो वे साइबर थाना जाकर शिकायत कर सकते हैं वहीँ यदि थाना जाना मुमकिन नहीं है तो हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 8987790674 पर भी काल करके शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा cyberps@jhpolice।gov।in पर जीमेल भी कर सकते हैं।

### ओटीपी मांगने के बहाने से आने वाले ठगों से सावधान

कई प्रकार के उपायों से साइबर ठग ठगों को अंजाम देते हैं।



जिसमे ओटीपी मांगने का तरिका भी शामिल है। साइबर ठग आपके मोबाइल नंबर पर कॉल करके आपसे किसी भी प्रकार का ओटीपी मांग कर वह आपके खाता को हैक करने कर खाते से रुपये निकाल सकते हैं इसलिए ध्यान रहे किसी भी व्यक्ति को कोई भी ओटीपी साझा ना करे। महतवपूर्ण बात है कि कोई भू बंचक आपसे फ़ोन करके किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगेगा यदि मांगता भी है तो सबसे पहले आप बैंक के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करके जानकारी प्राप्त कर लें उसके बाद ही आगे बढ़ें।

### एटीएम के भीतर भी हो सकती है ठगी, रहें सावधान

दूर तरिका एटीएम के भीतर सटे ए फॉर



साइज़ पर लिखे मोबाइल मुनर पर फ़ोन करने से भी आप साइबर ठग के शिकार हो सकते हैं। कई बार ऐसा होता है कि एटीएम में कार्ड फास जाता है इस का फायदा उठाने के लिए स्खर ठग पहले से ही एटीएम बूथ में कोई भी नंबर लिख कर इंजिनियर को कॉल करें लिख कर चिपका देते हैं। आम लोग हड़बड़ी में दिए गए नंबर पर फ़ोन कर बैठते हैं। ऐसा करना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है इसलिए यदि ऐसी कोई परेशानी हो तो आप समबन्धित बैंक के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें और जानकारी हासिल कर के आगे बढ़ें।

### लोभ और लालच से दूर रहकर इन्वेस्टमेंट फ्रॉड से बचें

साइबर ठगी में इन्वेस्टमेंट फ्रॉड भी अहम भूमिका



निभाता है। फ़ोन पर कई संकेत आते हैं जिसमे लिखा होता है घर बैठे पैसा कमाए और आम लोग इस लालच में लिंक पर क्लिक कर देते हैं जिस से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जब व्यक्ति को समझ में आने लगता है की वह किसी ठग का शिकार हो रहा है और अपने रुपये मांगने की कोशिश करता है तो कई तरह के बहाने देकर शुरुवात में ठगों के द्वारा थोड़े बहुत रुपये का फायदा दिखा कर बड़े रकम वसूले जाते हैं और जब भारी रकम की वसूली हो जाती है तो व्यक्ति से ठगी के द्वारा संपर्क ख़त्म कर दिया जाता है। वहीं, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक या किसी भी ऑनलाइन एप्स में एपीके लिखा हुआ मेसेज आये तो उसे क्लीक ना करें जाने अनजाने यदि उसे क्लीक करते हैं तो तुरन्त साइबर थाना में इसकी जानकरी दें।

### साइबर क्राइम डीएसपी श्रीनिवास ने बचने के बताए उपाए

साइबर क्राइम डीएसपी श्रीनिवास ने कहा आज कल कई तरह से स्खेर ठग स्खेर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कई खुलासे भी हो रहे और गिरफ्तारियां भी हो रही है लेकिन फिर भी लोग शिकार हो ही रहे हैं । ऐसे में लोगों को जागरूक होने की जरुरत है। उन्होंने कहा बताये गए चीजों का ध्यान रखते हुए खुद को बचाना चाहिए। लोग जागरूक होंगे और लोभ लालच के चक्करों में नहीं पड़ेंगे तो साइबर ठगों का मनोबल कम होगा। इसलिए आम जनों का जागरूक होना बेहद जरुरी है।

# ड्रग्स एवं साइबर क्राइम पर रोक लगाने में सहयोग करे रोटरी क्लब : अनुराग गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रोटरी क्लब ऑफ रांची का 72वां अधिष्ठापन समारोह रांची के एक स्थानीय होटल में हुआ। समारोह में अमित अग्रवाल ने रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं भावना तनेजा ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। समारोह की शुरुआत निर्वतमान अध्यक्ष रोटेरियन गौरव बगरॉय की वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुति से हुई। उन्होंने क्लब के किए गए सामाजिक कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए रोटरी मिशन के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने रोटरी क्लब को समाज में बढ़ते ड्रग्स की लत को कम करने के लिए सरकार के कार्यों में सहभागिता निभाने का सुझाव दिया। समारोह में डीजीपी ने रोटरी क्लब ऑफ रांची के मानद सदस्य के रूप में भी शपथ ली। नए अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने रोटरी रांची के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विश्व स्तर पर एक होकर 'स्वयं से ऊपर सेवा' के मंत्र को अपनाना है एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सेवा प्रदान करनी है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में रांची शहर में तीन डायलिसिस मशीन, एक अफ्रेसिस मशीन एवं एक आई चेक वैन देने का निर्णय लिया। उन्होंने वर्ष 2025-26 में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, आर्थिक सुधार एवं रोटरी इमेज जैसे सभी क्षेत्रों मे काम करने का प्रण लिया।




# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड के भंडारे में 2700 से ज्यादा भक्तों ने पाया प्रसाद



- 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने दिया सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 163वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। 2700 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, सतनारायण अग्रवाल, नवीन, नेहा, आरूषी अग्रवाल, एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया और ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों को भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। अग्रवाल परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया।



# सफलता पाने के लिए लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए : प्रेमलता


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप 'ड्रामा बड्स' का शनिवार को समापन हुआ। वर्कशॉप का आयोजन समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट और एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या प्रेमलता कुमारी समापन समारोह में मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने बच्चों से ऊंचा सोचने और उसी अनुरूप मेहनत करने की अपील की। प्राचार्या व अन्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला के दौरान एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के निदेशक एवं अभिनेता आकाश दीप ने बच्चों को अभिनय के विविध पक्षों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि एक अभिनेता अपने किरदार में कैसे ढलता है, आवाज में किस तरह का उतार-चढ़ाव लाता है और भावनाओं के अनुरूप संवाद कैसे बोलता है, ये सभी पहलू प्रतिभागियों को अभ्यास के जरिए सिखाए गए।

# श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर के निर्माता व संचालक श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक रविवार (13 जुलाई 2025) को दिन में 11:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम उपासना भवन के प्रथम तल्ले पर स्थित सभागार में होगी। इस बैठक में सत्र 2025-2027 के लिए निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी । श्री श्याम मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष व चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि संविधान के तहत सभी कार्य किए गए। 12 जनवरी 2025 की साधारण सभा की बैठक स्थगित हो गई थी। वह स्थगित बैठक ही 13 जुलाई 2025 को हो रही है। विश्वनाथ नारसरिया ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## धूमधाम से मना रांची विश्वविद्यालय का 66वां स्थापना दिवस

# शिक्षकों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता : कुलपति डॉ डीके सिंह

**कुलपति ने कहा**

- रांची विवि को राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार लेकर आगे बढ़ेंगे
- हमें नई शिक्षा नीति 2020 को लक्षित कर काम करना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय का 66वां स्थापना दिवस बेसिक साइंस परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएफए विभाग के छात्रों की ओर से प्रस्तुत राष्ट्रगान और कुलगीत से हुआ। रांची विश्विविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह, कुलसचिव डॉ जीसी साहु, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहु, एफए अजोय कुमार, प्रॉक्टर सह निदेशक सीवीएस डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कुलपति, सभी वरीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों का स्वागत किया। इस अवसर पर पीएफए विभाग की छात्राओं ने कत्थक नृत्य की तराना शैली में शिव वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी।स्थापना दिवस कार्यक्रम में कुलपति डॉ डीके सिंह ने अपने संबोधन में कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखंड से आकर मुझे झारखंड में रांची विश्वविद्यालय में कार्य करने का अवसर मिला है। मैं स्वयं को यहां पाकर बहुत सम्मानित महसूस करता हूं। यहां के शिक्षक और कर्मचारी बहुत ही समर्पित और जिम्मेदार हैं। हमें रांची विश्वविद्यालय के लिए और भी बहुत कुछ नया करना है। हमें राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना है, तभी राष्ट्र की भी सेवा संभव होगी। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुसार लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, शिक्षकों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता है, हमें नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लक्षित कर काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह ने किया। इस आयोजन में रांची विश्वविद्यालय के सभी वरीय पदाधिकारी, विभागों के निदेशक, हेड, संकायाध्यक्ष सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।




### रीसर्च और इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार देनी होगी शिक्षा

रांची विश्विविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह ने कहा, हमें रीसर्च और इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार शिक्षा देनी होगी। पूर्ववर्ती छात्रों का एक अल्युम्नी ग्रुप होना चाहिए, जो बड़े जगहों पर हैं और उनकी मदद लेकर उद्योगों में रोजगारपरक आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करना चाहिए। इससे हम सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि प्लेसमेंट भी दे सकेंगे। कुलपति ने कहा कि एक्सपर्ट्स को बुलाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की आवश्यकता है। ताकि, प्राध्यापक स्वयं को और अनुभवी बना सकें। उन्होंने कहा, मैंने बहुत जगहों पर कार्य किया है, पर देखा कि रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी बहुत ज्यादा जिम्मेदारीपूर्वक अपना कार्य करते हैं।



### ऐतिहासिक महादानी मंदिर में विशेष श्रृंगार पूजा का किया गया आयोजन

# श्रद्धालुओं के भजन कीर्तन से पूरा महादानी मंदिर परिसर गुंजायमान रहा

**नवीन मेल संवाददाता**





**बेड़ो।** बेडो. ऐतिहासिक महादानी मंदिर में 25वीं श्रृंगार पूजा महोत्सव के दौरान शनिवार को भव्य श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। समाजसेवी संजीत कुमार साहु के द्वारा श्रृंगार पूजा के साथ साथ भंडारा का आयोजन किया गया। श्रृंगार पूजा के दौरान श्रृंगार पूजा समिति के अध्यक्ष विजय टंडन सहित पुजारियों क्रमशः अशोक पंडित, सोनू पंडित, मेघनाथ गिरी, बाबा बजरंगी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी एवं हम-तुम मोबाइल के प्रोपराइटर संजीत कुमार साहु ने सपत्नीक मनीता देवी, उपेंद्र साहु, पूनम देवी ने महादानी मंदिर के गर्भगृह में स्थित भगवान भोलेनाथ का विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से श्रृंगार किया गया। इस दौरान मंदिर को खूबसूरत तरीके से सजाया गया। देर शाम में स्थानीय भजन गायक मोतीलाल गुप्ता सहित अन्य लोगों के नेतृत्व में भजन कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मंदिर परिसर में सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया इसके उपरांत विभिन्न अनुष्ठानों के साथ श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और भंडारा के दौरान लोगों में काफी भीड़ देखी गई। इस मौके पर मोतीलाल गुप्ता, सोमा नायक, राजेन्द्र रौनियार, जीतराम गोप, पंकज कुमार गुप्ता, राजगीर प्रसाद राजेन्द्र प्रजापति, ब्रजेश कुमार गुप्ता, मदन वर्मा, विजय सहाय, अभिषेक सिन्हा, चंद्रशेखर प्रसाद सहित सैकड़ों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्री जानकीरमन मंदिर खलारी में आज सुबह होगा गुरूदक्षिणा कार्यक्रम

**खलारी।** श्री जानकीरमन मंदिर, खलारी में आज दिनांक 13 जुलाई को सुबह 8 बजे से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खलारी खंड का गुरूदक्षिणा कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर जिला बौद्धिक प्रमुख द्वारा बौद्धिक सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें संगठन, राष्ट्र निर्माण एवं समाज जागरण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा। मालूम हो कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है, जिसे देशभर में विशेष आयोजन कर मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में निर्धारित परंपरा के अनुसार स्वयंसेवकों द्वारा गुरूदक्षिणा अर्पित की जाएगी। खलारी क्षेत्र के सभी स्वयंसेवकों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## मुरी सिल्ली से देवघर बाबानगरी के लिए जत्था रवाना



सिल्ली। मुरी सिल्ली से देवघर बाबानगरी के लिए लगभग दर्जनों लोगों का जत्था रवाना हुआ। बताते चलें कि यह जत्था सुल्तानगंज में गंगा माता में स्नान कर पुरोहित के द्वारा संकल्प कराकर जल लेकर बाबानगरी जाकर जलाभिषेक करेगा। तत्पश्चात बासुकीनाथ धाम पहुंचकर बाबा पर जल चढ़ाकर अपना मनोकामना मांगते हुए बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेगा साथ ही साथ यह जत्था लगातार पांच वर्षों से बाबा नगरी जाते रहा है।रवाना होने से पहले जत्था के द्वारा जय भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए रवाना हुआ। इस मौके पर समाजसेवी रासुदेव कोईरी,बिहारी कोईरी, सुशील महतो,कमलेश दुबे,प्रवीण पांडेय, तारकेश्वर सिंह मुंडा समेत दर्जनों लोग जत्था में शामिल थे।

### आशा लकड़ा से मिले कांके के ग्रामीण

# कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 निर्माण को लेकर की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

- आयोग के समक्ष उन्होंने बताया था कि यह मामला बहुत ही गंभीर है। जमीन के अलावा उनके पास खेती लायक कोई जमीन नहीं है। नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 का निर्माण कराने की योजना बनायी जा रही है।

**कांके।** कांके प्रखंड स्थित नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 के निर्माण से संबंधित प्रस्तावित योजना को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा से शिकायत की थी। शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डा. आशा लकड़ा नगड़ी पहुंची और ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नगड़ी के रैयत उनसे मिलने आए थे। आयोग के समक्ष उन्होंने बताया था कि यह मामला बहुत ही गंभीर है। जमीन के अलावा उनके पास खेती लायक कोई जमीन नहीं है। नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 का निर्माण कराने की योजना बनायी जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, कांके से नगड़ी की ओर पूर्व क्षेत्र में 202 एकड़ व पश्चिमी क्षेत्र में 25 एकड़ भूमि है। इस भूमि के मालिक लगभग 250 परिवार हैं। यदि इस भूमि पर रिम्स-2 का निर्माण करा दिया जाएगा तो जब उन रैयतों की मृत्यु होगी तो उनके अंतिम संस्कार के लिए भी जमीन नहीं मिलेगी। अनुसूचित जनजाति के लोगों का जीवनयापन जल, जंगल व जमीन से जुड़ा है। जब जमीन ही खत्म हो जाएगा तो धान का भंडारण व खाने-पीने की सुविधा कहां से आएगी। खेती के लायक जमीन होगा ही नहीं। इसी प्रकार स्थानीय लोगों के पास आय का भी कोई स्त्रोत नहीं होगा। ऐसे में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी कि वे दूसरों के घर में नौकर का काम करने के लायक हो जाएंगे।निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि साल 2011 तक गांव वालों ने संबंधित जमीन का रसीद कटाया है।साल 2012 के बाद संबंधित जमीन की रसीद नहीं कटी है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत भी ग्रामीणों ने जमीन से संबंधित कागजात की मांग की थी। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी से पूछा था कि उनकी जमीन का अधिग्रहण कब किया गया है। जबकि हकीकत यह है संबंधित विभाग को जमीन अधिग्रहण से संबंधित कोई जानकारी ही नहीं है।

### डा. आशा लकड़ा ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने शनिवार को पांच सदस्यीय टीम के साथ राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस क्रम में उन्होंने राज्यपाल से पेसा कानून, कृषि योग्य भूमि पर रिम्स-2 के निर्माण व आयोग की ओर से आदिवासी समाज से संबंधित मामलों पर की जा रही कार्रवाई पर चर्चा की।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**विष्णुगढ़।** धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर विष्णुगढ़ प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि वे छह बार विधायक तथा एक बार धनबाद लोस के सांसद रहे। वर्ष 2013 में ग्रामीण विकास मंत्री रहकर गरीब-मजदूरों की सेवा करते हुए इंटक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। पार्टी के लिए उनका अहम योगदान रहा। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र, अब्बास अंसारी, विशेश्वर स्वर्णकार, जगदीश बर्मन, रामजन्म राय, बटेश्वर मिश्र, गणपति स्वर्णकार, कमल राम, शिव प्रसाद लाहकार, अब्दुल गफ्फार अंसारी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेलवे सुरक्षा बल ने 9 युवतियों को तस्करों के चंगुल से किया मुक्त, तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** रांची में रेलवे सुरक्षा बल ने शनिवार को मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान श्रुति देवी, कुंदन कुमार और रणधीर करमाली के रूप में की गई है। आरपीएफ की टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए रांची रेलवे स्टेशन से नौ युवतियों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। युवतियां झारखंड के रामगढ़, बोकारो और गढ़वा जिलों की रहने वाली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन युवतियों को नौकरी का झांसा देकर तमिलनाडु ले जाया जा रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि तस्कर लड़कियों को बाहर नौकरी दिलाने के नाम पर भेजते थे और उनके वेतन से कमीशन के रूप में पैसा चसूलते थे। सभी लड़कियां ट्रेन के इंतज़ार में स्टेशन पर बैठी थीं, तभी आरपीएफ की टीम ने संदेह के आधार पर पूछताछ की, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ। रेस्क्यू की गई लड़कियों को रांची के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के हवाले कर दिया गया है और इस संबंध में संबंधित थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच में यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी नेटवर्क से और कौन-कौन जुड़े हैं।

## मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**कोडरमा।** डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश और पुलिस पदाधिकारी कमल लाल तांती ने मारपीट कांड के नामजद आरोपित रामलाल यादव एवं सनोज कुमार यादव को छापेमारी कर विगत रात्रि उनके निवास स्थान महथाडीह से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने गिरफ्तारी की पूरी प्रक्रिया करते हुए आरोपित का सदर अस्पताल कोडरमा में स्वास्थ्य जांच कराकर व्यवहार न्यायालय कोडरमा में पेशी के लिए प्रस्तुत किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से शनिवार को उन्हें कोडरमा जेल भेज दिया गया। डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा पुलिस के पैनी नजर से मुजरिम का बचना मुश्किल है। उल्लेखनीय है कि डोमचांच थाना मे अजय कृष्ण डोमचांच निवासी ने लिखित आवेदन देकर जानलेवा हमला, मारपीट, गाली गलौज, छिनतई और रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप महथाडीह निवासी रामलाल यादव, नकुल यादव पर लगाया था। साथ ही सनोज यादव उर्फ सोनू सागर, सुनील यादव सहित अन्य लोगों को भी आरोपित बनाया था।

### लोकहित अधिकार पार्टी का प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

# पार्टी की बैठक में सामाजिक न्याय का लिया गया संकल्प : हरिनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**




**पिठौरिया।** झारखंड प्रदेश कार्यालय कांके भामाशाह नगर आइटीबीपी क्षेत्र हथिया पत्थर के समीप लोकहित अधिकार पार्टी का प्रदेश स्तरीय बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू एवं संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गौतम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश और जिला स्तरीय बैठक कर संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने उपस्थित प्रदेश पाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा लोकहित अधिकार पार्टी का गठन सर्व समाज के शोषित उपेक्षित और वंचित लोगों को सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी दिलाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय पार्टी के रूप में रजिस्टर्ड कराया गया है। श्री साहू ने कहा पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारी आपस में समन्वयक बनाकर पार्टी के मूल नीति एवं सिद्धांतों को जनसंपर्क जागरूकता के तहत सदस्यता अभियान और संगठन विस्तार के माध्यम से गांव-गांव में बूथ स्तर पर बैठक कर जन-जन तक पहुंचाना पार्टी की पहली प्राथमिकता है। बैठक में विशेष कर रांची जिला से जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकुल नायक, रांची महानगर अध्यक्ष कपिल साहू,डॉ दानेश्वर, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष प्रेमचंद कुमार,प्रदीप महतो, लोहरदगा जिला से कयूम अंसारी, दीपक साहू, आदित्य साहू, हजारीबाग जिला से पार्टी के प्रदेश सचिव रामविलास साव,राजू नायक प्रदेश स्तरीय प्रमुख पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

## बुढ़िया माता मंदिर में हुआ भक्ति जागरण

**इचाक।** आषाढ़ पूर्णिमा और पवित्र सावन माह के आगमन पर बुढ़िया माता दरबार में जागरण का आयोजन स्थानीय कलाकारों ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जय बुढ़िया माता कीर्तन मंडली के संयोजक राम किसुन वैद्य ने किया। रात्रि जागरण में प्रखंड के लगभग आधा दर्जन स्थानीय कीर्तन मंडली के कलाकारों ने भाग लिया। मौके पर रामायण के सुंदर कांड पाठ का आयोजन महेश वेद के द्वारा किया गया। मंडली में शामिल जागरण के कलाकारों ने आषाढ़ मास की विदाई एवं पवित्र सावन माह के आगमन पर कई तरह के गीत गजल निर्गुण भजन आदि प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। कीर्तन मंडली में परासी,कुटुमसुकरी,मोक्तमा, कुरहा आदि गांव के कलाकारों ने भाग लिया ।जिसमें शंभु पांडे श्री कांत पांडे रवि कुमार सिंह,बिरजू राणा, विश्वनाथ वैद्य, रवि शंकर वैद्य, जागेश्वर साव ,सुशीला देवी लक्ष्मी देवी, मोहनी देवी सरस्वती कुमारी किरण देवी ममता देवी शामिल थे।

## भारत रत्न राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, कृषि मंत्री हुईं शामिल



**नवीन मेल संवाददात**

**चान्हो।** शनिवार को प्रखण्ड मुख्यालय में भारत रत्न राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री व सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की से शामिल हुए।इस समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 280 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाणपत्र, पुरस्कार और प्रशस्तिपत्र शामिल थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी जिद और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है। ग्रामीण एवं गरीब परिवारों से आने वाले छात्र-छात्राएँ इसका उदाहरण हैं। इस दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि इस विकट परिस्थिति में छात्रों को बेहतर सुविधा प्रदान करना एक बेहतर जनप्रतिनिधि का दायित्व है।

# न्यूज बॉक्स

## पुलिस जवान को एक कंटेनर ने कुचला, मौत



**हजारीबाग।** डीजल चोरी रोकने के दौरान पुलिस जवान को एक कंटेनर ने कुचल दिया। इस दौरान मौके पर ही जवान की मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर भी सड़क पर पलट गया। इससे ड्राइवर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक पुलिस जवान की पहचान पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र निवासी रामा शंकर पांडेय के रूप में हुई है, वे 2005 में झारखण्ड पुलिस में नियुक्त हुए थे, इन दिनों हजारीबाग में तैनात थे, पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मांडर के हेसमी ग्राम में 100 KV ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



मांडर। विधायक प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग के नसीम अंसारी और आबिद अंसारी ने संयुक्त रूप से 100 kv का ट्रान्सफार्मर का उद्घाटन किया पिछले 8 दिनों से हेसमी ग्राम का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामवासी काफी परेसान थे फिर विधायक प्रतिनिधि के प्रयास से 100 kv का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया

## एनके एरिया में असंगठित मजदूरों की आज से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

**खलारी।** आरसीएमएस के बैनर तले 13 तथा 14 जुलाई को एनके एरिया में प्रस्तावित असंगठित मजदूरों का हड़ताल अगले तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरसीएमएस एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन के कारण यह निर्णय लिया गया है। हड़ताल की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

## निर्माणाधीन जलमीनार का सोलर प्लेट चोरी



**खलारी।** प्रखंड के तुमांग पंचायत अंतर्गत रोहणियांटांड़ करकट्टा स्थित आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र के निकट निर्माणाधीन जलमीनार का सोलर प्लेट चोरी हो गया। जिला के एनआरईपी टू विभाग से सोलर जलमीनार का निर्माण कराया जा रहा है। संवेदक पंकज मुंडा ने बताया कि जलमीनार का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार सुबह सूचना मिली कि लगाया गया सोलर प्लेट गायब है। इस संबंध में मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## लापुंग प्रखंड में भारी बारिश के कारण खेती हुई प्रभावित, नहीं लगी कोई फसल



**लापुंग।** भारी बारिश के कारण दोन भूमि में जल जमाव और टांड़ भूमि में भूगर्भीय जल का रिसाव के कारण लापुंग प्रखंड में किसानों के समक्ष अभूतपूर्व संकट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। पूरे लापुंग में टांड़ लैंड सबसे अधिक 65 से 70 प्रतिशत है जबकि दोन भूमि 30 से 35 प्रतिशत है। अत्यधिक बारिश के कारण जहां एक ओर दोन में जल जमाव के कारण बिचड़े सड़ रहे हैं और धान की रोपनी नहीं हो पा रही है। लापुंग के सैकड़ो किसानों ने काफी ऊंचे दरों में धान का बीज की खरीदारी की लेकिन बिचडो.के खराब होने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक जल जमाव के कारण तैयार बिचड़ो.के बावजूद धान की रोपनी नहीं हो पा रही। वहीं दूसरी ओर टांड़ भूमि में अब तक एक प्रतिशत भी खेती नहीं हो पाई है। मड़ुआ, उरद, सकरकंद, गोडा.धान, मूंगफली जैसी कई प्रकार की फसलों पर मानसून की मार ने किसानों को बड़ी संकट में डाल दिया है। लापुंग में न टांड़ की खेती हो पा रही है और न दोन की। मालगो के युवा किसान प्रेम कुमार साहु ने बताया कि प्रत्येक साल वे सकरकंद, उरद, मूंगफली, गोडा.धान की खेती करते हैं लेकिन इस वर्ष टांड़ में होने वाली खेती बिल्कुल नहीं हो पा रही है। ऐसा सिर्फ उनके साथ नही बल्कि लापुंग के 60 से 70 प्रतिशत किसानों के समक्ष संकट के बादल गहरा गए है। उन्होंने बताया कि लापुंग टांड़ की खेती पर पूरी तरह निर्भर है। वहीं दूसरी ओर झिकी के किसान सोमरा उरांव ने कहा कि टांड़ की खेती इस वर्ष अगर नहीं होगी तो लोगों को दाने दाने के लिए तरसना पड़ सकता है।

## गर्भवती महिला ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी मंडप रोड में शनिवार को एक गर्भवती महिला ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान 24 वर्षीया शिवानी कुमारी (पति सोनू कुमार) के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतका के पड़ोस में रहने वाले सपन कुमार ने बताया कि उन्हें शिवानी के घर से रोने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वे उक्त मकान में गए। वहां जाने पर इन्होंने देखा कि शिवानी का शव कमरे में रखे बेड पर पड़ा हुआ था। जब उन्होंने इस संबंध में उसकी बहन से पूछताछ की तो उसने बताया कि शिवानी ने फांसी लगा ली है। उन्होंने बताया कि उक्त महिला नौ महीने की गर्भवती थी। उसका इसी महीने डिलीवरी होने वाला था। उन्होंने बताया कि उसकी डिलीवरी के लिए उसकी एक बहन यहां आई हुई थी। वहीं उन्होंने बताया कि मृतका का पति और बहन दोनों से किसी बात को लेकर शनिवार की दोपहर में ही झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसके पति दूसरे कमरे में और शिवानी किसी अन्य कमरे में चली गई। इधर, पति अपने कमरे में सोया हुआ था कि शाम को उसे उसके बच्चों के रोने की आवाज आई। इसके बाद पति अपने कमरे से बाहर आकर पत्नी के कमरे में घुसा तो देखा कि वह कमरे में पंखे से फंदा के सहारे झूल रही थी। आनन-फानन में वह शव को फंदे से उतारकर सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गया। उल्लेखनीय है कि मृतका को पहले से दो पुत्र हैं और उसके पति फल विक्रेता है। मृतका अपने पति के साथ उक्त मकान में किराए पर रहते थे। इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।

# नशीला इंजेक्शन बेचने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने 12 जुलाई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को उन्हें गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ बरकाकाना पक्की सड़क पर फ्लाईआवर के नीचे हरहरी नदी के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बेचा जा रहा है। जिसपर थाना प्रभारी रामगढ़ थाना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ बरकाकाना पक्की सड़क पर फ्लाईआवर के नीचे हरहरी नदी के पास पहुंच छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान कुछ व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस बल द्वारा 7 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा अन्य व्यक्ति भाग निकले। पकड़े गए व्यक्तियों के पास से मोबाईल फोन, पेंटाजोसिन लैक्टेज इंजेक्शन, आइपी रिडूफ इंजेक्शन, इन्सुलीन सिरिंज, बिफेसिक आइसोफेन इंसुलिन इंजेक्शन नशीला (इंजेक्शन) बरामद किया गया। बरामद नशीला (इंजेक्शन) के संबंध में पुछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि पकड़ाये एवं भागने वाले व्यक्तियों द्वारा संगठित होकर षडयंत्र के तहत् कई वर्षों से लगातार नशा के इंजेक्शन एवं दवा का व्यापार पुरे रामगढ़ क्षेत्र में चला रहे है और स्कूल-कॉलेज के नवयुवकों को नशीला इंजेक्शन, टेबलेट का आदत लगाकर उसे नशा का आदि बना देते है। एसपी ने बताया कि जिससे अच्छा मुनाफा कमाते है। बताया कि इस कार्य हेतू सभी लोग नशा का इंजेक्शन एवं दवा एक दुसरे को देने के लिए फ्लाईआवर के नीचे हरहरी नदी पुल के पास इक्टट्ठा हुए थे। पकड़ाये व्यक्तियों के द्वारा भागने वाले व्यक्तियों का नाम पत्ता बताया गया है तथा यह भी बताया कि पूर्व में नशीला इंजेक्शन बेचने के आरोप में जेल जा चुके है।

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

1. मुस्ताक अली, उम्र 27 वर्ष, पिता-जमालुद्दीन नट, सा0-आजाद मोहल्ला, नियर जामा मस्जिद, थाना-पतरातु (बरकाकाना), जिला-रामगढ़। 2. सन्नी राम, उम्र 30 वर्ष, पिता राजु रविदास, सा0-कोयरी टोला, रविदास मुहल्ला, थाना$जिला-रामगढ़। 3. विक्की राम, उम्र 24 वर्ष, पिता मुन्नीलाल राम, सा0-कोयरी टोला, रविदास मुहल्ला, थाना$जिला-रामगढ। 4. सोनु राम, उम्र 32 वर्ष, पिता-छोटेलाल राम, सा0-पारसौतिया, थाना$जिला-रामगढ़ 5. राकेश यादव, उम्र 40 वर्ष, पिता स्व0 मंगल यादव, सा0-पुरनी मंडप, गोलपार, थाना जिला-रामगढ 6. राहुल सोनी, उम्र-28 वर्ष, पिता-वैधनाथ सोनी, सा0-न्यू कॉलोनी पुरनी मंडप, थाना जिला-रामगढ़ 7. विपिन कुमार सिंह, उम्र 36 वर्ष, पिता महेश्वर सिंह, सा0-तिरंगा चौक, पुरनी मंडप गोलपार, थाना जिला-रामगढ़।

**बरामद सामान:** 1. एक सफेद रंग का ओपो कंपनी का स्मार्टफोन 2. पेंटाजोनिक लेक्टेक इंजेक्शन आइपी रिडूफ इंजेक्शन कुल 310 पीस। 3. बिफेसिक आइसोफेन इंसुलिन इंजेक्शन 01 पीस। 4. इंसुलीन इंजेक्शन कुल 05 पीस। 5. स्कूटी नं0 जेएच24ए-4484, 6. फेनोबोरबिशन सोडियम इंजेक्शन 04 पीस, 7. टोजोविन इंजेक्शन 03 पीस, 8. केटामिन इंजेक्शन 03 पीस, 9. ट्रामाडोल इंजेक्शन 4 पीस , 10. अलप्राजोलाम टेबलेट 0.5 एमजी 01 पत्ता 11. ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड एलेटामिनोफेन टेबलेट 01 पत्ता, 12. लोराजेपाम टेबलेट 01 पत्ता, 13. एलप्राजोलाम टेबलेट 01 पत्ता, 4 पारासिटामोल एंड ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टेबलेट 01 पत्ता शामिल है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ पुनि सह थाना प्रभारी डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह, पुअनि दीपक रजक , पुअनि अरविंद सिंह, थाना के रिजर्व गार्ड और पैंथर मोबाईल के सशस्त्र बल शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेरमगड्डा में विद्युत करंट के चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। मेरमगड्डा निवासी चेतलाल रविदास पिता लालजी रविदास की गाय खेत में चर रही थी। वहीं विद्युत तार खेत में गड़े अर्थ तार में टच होने के कारण करंट प्रवाहित हो गया और गाय उसके चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही गई। मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि बीते एक साल से बिजली विभाग के अधिकारियों को झुल रहे तार के विषय में जानकारी दी जा रही है साथ ही विडियो बना कर भी विभाग को भेजा गया लेकिन किसी की निंद नहीं खुली। मवेशी मौत की जवाबदेही विद्युत विभाग है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान समय रहते नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### महाविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर सेमिनार

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विगत शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसका थीम बैलेंसिंग पोपुलेशन एंड रिसोर्सेज : ग्लोबल चैलेंज था। बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से सेवानिवृत्त पूर्व छात्र संकायाध्यक्ष सह पीजी भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो कमला प्रसाद ने कहा कि जनसंख्या को नियंत्रित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षित लोग बढ़ती जनसंख्या से होनेवाली परेशानियों को बखूबी समझते हैं। सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उसे जीवन में अपनाने की जरूरत है। उन्होंने वैश्विक समस्या जनसंख्या के नियंत्रण में युवाओं, महिलाओं आदि की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही बताया कि भारत विश्व की सर्वाधिक आबादी 1.46 अरब वाला राष्ट्र बन गया है। चीन 1.40 अरब आबादी के साथ दूसरे स्थान पर चला गया है। दुनिया की सबसे कम आबादी वाला देश वेटिकनसिटी है। यहां महज 800 लोग रहते हैं। इससे पहले प्रशिक्षुओं ने लेखन और भाषण के जरिए जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया। हालांकि सरकार योजना बनाकर मानव संसाधन का सही उपयोग करे तो जनसंख्या वरदान भी साबित हो सकता है। प्राचार्य डॉ बसुंधरा कुमारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मंच संचालन प्रशिक्षु कपिल देव ने किया। राष्ट्रगान के साथ सेमिनार का समापन हुआ। सेमिनार में असिस्टेंट प्रोफेसर सह कार्यक्रम प्रभारी कुमारी अंजलि, वर्षा कुमारी, अनिल कुमार, एसएस मैती, जगेश्वर रजक, डॉ अनुरंजन कुमार, डॉ मीरा कुमारी, संदीप खलखो डॉ गुलशन कुमार समेत सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

### संसाधन व शिक्षक की कमी से जूझ रहा स्कूल

**हजारीबाग।** इचाक के चंदा गांव स्थित रामेश्वर महतो उच्च विद्यालय पिछले पांच दशकों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाए हुए है। वर्ष 1978 में स्थापित यह विद्यालय न सिर्फ शिक्षा का केंद्र बना, बल्कि सैकड़ों गरीब बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा दान दी गई भूमि पर खड़ा यह विद्यालय संसाधनों की कमी, असामाजिक गतिविधियों और प्रशासनिक उपेक्षा से जूझते हुए भी आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए है। बोले हजारीबाग कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी परेशानियां हिन्दुस्तान के साथ साझा की। हजारीबाग । रामेश्वर महतो उच्च विद्यालय, इचाक प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले लगभग पांच दशकों से शिक्षा की एक अखंड ज्योति जलाए हुए है इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी, जिसका शिलान्यास तत्कालीन कोडरमा सांसद रितलाल प्रसाद वर्मा ने किया था। इचाक प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर इराक-बरकट्ठा रोड पर स्थित चंदा गांव में यह विद्यालय अवस्थित है। यह विद्यालय महान स्वतंत्रता सेनानी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर महतो की दूरदृष्टि का परिणाम है। आसपास के ग्रामीण इसे 'प्रजा उच्च विद्यालय के नाम से भी जानते हैं। दरअसल, इचाक प्रखंड मुख्यालय स्थित पदमा महाराज कामाख्या नारायण सिंह के नाम पर स्थापित एक अन्य विद्यालय को 'राजा विद्यालय' कहा जाता है, इसलिए ग्रामीणों ने इसे प्रजा विद्यालय का नाम दे दिया। आज से लगभग पचास वर्ष पूर्व इचाक के पिछड़े इलाके में एक विद्यालय खोलना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था।

### शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में क्लस्टर चार स्तर पर वॉलीबॉल और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डीएवी के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। अंडर 14 वॉलीबॉल ब्वॉयज में प्रथम स्थान डीएवी बरकाकाना। द्वितीय स्थान डीएवी कोडरमा ने प्राप्त किया। अंडर 17 में प्रथम स्थान डीएवी गिद्दी और द्वितीय स्थान डीएवी बरही ने प्राप्त किया। अंडर 19 में प्रथम डीएवी स्कूल बरही और द्वितीय स्थान डीएवी कोडरमा ने प्राप्त किया। शतरंज के खेल में अंडर 14 गर्ल्स में प्रथम स्थान डीएवी स्कूल रजरप्पा ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान डीएवी स्कूल भरेचनगर ने प्राप्त किया। अंडर 19 गर्ल्स में प्रथम स्थान डीएवी स्कूल रजरप्पा और द्वितीय स्थान डीएवी स्कूल हजारीबाग ने प्राप्त किया। अंडर 17 गर्ल्स में प्रथम स्थान डीएवी बरही को मिला और द्वितीय स्थान डीएवी स्कूल भरेचनगर को प्राप्त हुआ। शतरंज के अंडर 14 ब्वायज में प्रथम स्थान डीएवी जूनियर विंग हजारीबाग और द्वितीय डीएवी स्कूल रजरप्पा ने प्राप्त किया। अंडर 17 में प्रथम डीएवी स्कूल हजारीबाग और द्वितीय डीएवी स्कूल रजरप्पा को मिला। अंडर 19 में प्रथम डीएवी स्कूल हजारीबाग और द्वितीय डीएवी स्कूल बरही ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### चार दिनों में पागल कुत्ते ने 22 लोगों को काटा

**चरही।** प्रखंड क्षेत्र के बहेरा पंचायत के फुसरी, कजरी और करीमगंज में विगत शुक्रवार सुबह को एक पागल कुत्ता ने तीन लोगों को काट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। एक महिला को भी गुरुवार को काट कर जख्मी कर दिया था। जानकारी के अनुसार रुकसाना प्रवीण उम्र आठ वर्ष, पिता इरशाद अंसारी, स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे स्कूल गाड़ी का इंतजार कर रही थी। उसी समय पागल कुत्ता ने उस बच्ची के मुंह पर हमला कर दिया। उसी समय कुत्ता को भगाने के लिए उसका मामा ने जब कुत्ता को पत्थर से मारकर भागने कि कोशिश किया तो उसे भी चपेट में ले लिया। उसके आंख के पास काट के जख्मी कर दिया। ठीक आधे घंटे के बाद फिर उस पागल कुत्ते ने घर के आंगन में बैठे प्रेम टुडू को पैर में काट डाल और भाग गया। उसी पागल कुत्ते ने गुरुवार को कजरी, भुरकुंडा निवासी संतोष मुर्मू, कि पत्नी बसंती देवी को पैर में काट दिया। कुत्ते काटने के दो तीन दिनों के अंदर लगभग चरही उप स्वास्थ्य केन्द्र में 20 से अधिक मामले आ चुके है। इस तरह से पूरे प्रखंड में कुत्ते काटने के लगभग 22 से अधिक मामले आ चुके है। इस संबंध में मामले को लेकर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक राम ने बताया कि प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरचू और चरही उप स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में रेबीज़ कि इंजेक्शन उपलब्ध है।

## गुमटी का ताला तोड़कर चोरों ने नगद सहित सामान की चोरी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा स्थित काली मंडा चौक पर स्थित रघु राम पिता स्वर्गीय लालधारी राम के गुमटी से बीते रात चोरों ने ताला तोड़ कर नकदी समेत 16000 रुपया के सामान ले गया। रघुराम शुक्रवार रात 9:00 बजे अपने दुकान को बंदकर घर चला गया था। सुबह जब गुमटी खोलने आया तो देखा कि गुमटी मे ताला नहीं है और खेढु तोड़ कर चोरों ने चोरी कर लिया है। रघुराम ने आसपास के लोगों को यह जानकारी दिया तथा प्रशासन को सूचना दिया। इस संबंध में गैड़ा पंचायत के उप मुखीया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि 1 सप्ताह के अंदर गैड़ा हाई स्कूल में भी चोरों ने नगद सहित आवश्यक कागजात चोरी कर लिया तथा उसी दिन अंबा बगिया में विनोद महतो के मुर्गी फार्म में ताला तोड़कर दुकान में चोरी कर लिया गया। यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन इसमें असफल साबित हो रही है । ग्रामीण तथा आसपास क्षेत्र में इस विषय पर भय और चिंता बना हुआ है। क्षेत्रवासी अशांति महसूस कर रहे हैं। चोरी को लेकर लोग आक्रोशित नजर आ रही है। उनलोगों को पुलिस पर सवाल खड़े क रहे हैं।

## बाईक दुर्घटना में दो युवकों की मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**बरही ।** दोपहर करीब ढाई बजे पटना रोड स्थित जवाहर घाट में बाईक दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. दोनो युवक बाइक से तिलैया डैम घूमने जा रहे थे. इसी दौरान बाईक डिवाइडर से टकराया, सर में चोट लगी और घटना स्थल पर ही निधन हो गया. मृतकों की पहचान बरही अफीम कोठी निवासी सूरज कसेरा पिता संतोष कसेरा और सुमित कुमार पिता स्व. विजय प्रजापति के रूप में हुई है. मृतक सूरज के पिता के अनुसार दो माह पूर्व ही उन्होंने नई बाईक खरीदी थी. रविवार को उनके घर में चचेरे भाई का श्राद्ध कार्यक्रम था. जिसमे सभी लोग व्यस्त थे, इसी दौरान उनके पुत्र ने धोखे से चाभी निकाल अपने दोस्त के साथ तिलैया डैम घूमने निकल गया. वही दूसरे मृतक सुमित की मां ने बताया कि उनका पुत्र बरही रियाड़ा स्थित प्लांट में काम करता था. सुबह काम पर गया था, लेकिन देरी होने के कारण प्लांट गार्ड ने उसे वापस घर भेज दिया. नाश्ता करके घर के बाहर बैठा था इसी दौरान कब वह बिना बताए अपने दोस्त के साथ घूमने चला गया और यह हादसा घटी. घटना बरही पुलिस ने दोनो के शव को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मनोहर यादव, असलम ऊर्फ टिंकू, आकाश भारती आदि सहित दर्जनों ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के दौरान यदि युवक हेलमेट नहीं पहने थे. यदि हेलमेट होता तो संभवतः दोनो की जान बच सकते थे.

### कामरेडके निधन से अपूरणीय क्षति: सीटू


**हजारीबाग।** झारखंड मजदूर आन्दोलन नेता ,सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू झारखंड राज्य कमेटी के अध्यक्ष, सीटू के पूर्व अखिल भारतीय जनरल काउंसिल सदस्य और बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष कॉमरेड मिथिलेश सिंह के निधन पर सीपीआईएम जिला कमेटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सीपीआई के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने उनके निधन को ट्रेड यूनियन आंदोलन को गहरा क्षति हुई है। उन्होंने अविभाजित बिहार, विशेष रूप से वर्तमान उत्तरी छोटानागपुर के बड़े क्षेत्रों में, कोयला श्रमिकों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## जल्द से जल्द योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

- उपायुक्त में वर्तमान में जल जीवन मिशन के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



**रामगढ़।** जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली। इस दौरान उपायुक्त में जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें तत्काल हैंडोवर करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त में वर्तमान में जल जीवन मिशन के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रामगढ़ जिले में चार योजनाएं निर्माण अधीन है जिनके माध्यम से 28480 घरों को जलापूर्ति कनेक्शन उपलब्ध कराया जाना है। इस संबंध में उपयुक्त में तीव्र गति से कार्य करने एवं जल्द से जल्द योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल को स्थल निरीक्षण कर जल जीवन मिशन के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ का जायजा लेने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के सफल संचालन हेतु बैठक के दौरान उपायुक्त ने ग्राम जल स्वच्छता समिति की नियमित बैठक आयोजित करने एवं उनके माध्यम से विभिन्न कार्य किए जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन प्रखंडों में अब तक प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नहीं किया गया है उनमें जल्द से जल्द कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अंतर्गत सिटिजन फीडबैक के प्रति आम जनों को विभिन्न माध्यम से जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया।

### जिले में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**हजारीबाग।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 से 25 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के माध्यम से जन-जन को फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवा दिया जाएगा। इस बाबत सिविल सर्जन-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग द्वारा दी गई। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस अभियान के तहत एमडीए आईडीए की दवाएं अभियान के पहले दिन निर्धारित बूथों यथा आंगनबाड़ी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, महाविद्यालय तथा तकनीकी संस्थानों में दवा खिलाई जाएगी। छूटे हुए लोगों को शेष दिनों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए कई गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। जिसमें ग्रामीणों के साथ साथ ग्राम प्रधान, मुखिया, स्वास्थ्य प्रतिनिधि, युवाओं के समूह, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### डाक पार्सल वैन में लदा 40 लाख का अवैध शराब बरामद

## चालक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** उत्पाद विभाग का बरही क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी है. इसी क्रम में विभागीय टीम ने शुक्रवार को तिलैया रोड एनएच के किनारे से डाक पार्सल की गाड़ी से सेल फॉर चंडीगढ़ लिखा विभिन्न ब्रांड के 400 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद किया है. मौके पर से ही वाहन चालक पंजाब निवासी जगदीश सिंह पिता स्व हरनेक सिंह को भी गिरफ्तार किया गया. जिन्हे विधि सम्मत कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज कारोबार में संलिप्त लोगों की जांच की जा रही है. विभागीय एसआई सुमितेश कुमार के इस कारोबार के मुख्य आरोपी मोंटी पानीपत (हरियाणा) निवासी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं. जब्त शराब की कीमत अनुमानतः 40 लाख रुपए बताए गए हैं, जिसे रांची से पटना ले जाए जाने की संभावना थी. विभागीय टीम में एस आई सहित सिपाही भुवनेश्वर नायक व कृष्णा प्रजापति शामिल थे.

### विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग होता है: डॉ सुनील



**रामगढ़।** जिला अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना रामगढ़ के ज्ञापांक एसएसए-आर/25-26/485 रामगढ़ दिनांक 14, 5,2025 के आलोक में विद्यालय प्रबंधन समिति का 3 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात नयी प्रबंधन समिति का गठन करने के लिए 12 जुलाई को उत्कर्मित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के परिसर में आमसभा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन सर्वसम्मति से मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में किया गया । सभा का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। जबकि पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी सत्येंद्र कुमार देख रेख बीपीओ अहिया इस्लाम, समाजसेवी छोटेलाल भुईयां, नागेश्वर ठाकुर, योगेश्वर महतो की देखरेख में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

### अपराध की योजना बनाते दो युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

## अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा : एसपी



### गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम व पता

1. राजेश गंझू उम्र 21 वर्ष, पे0 देवकी गंझू, सा0-मनातु, थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग। 2. फुलेन्द्र गंझू, उम्र 20 वर्ष, पे0-बेचन गंझू, सा0-मसुरिया, थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग।

**बरामद सामाग्री का विवरण**

1. एक देशी पिस्टल 7.65 एम0एम0 का तीन जिन्दा गोली। 2. एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, पुनि मांडू अंचल रजत कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानन्द कुमार, पुअनि संतोष उरांव सहित रिजर्व गार्ड शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने 12 जुलाई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह 05:00 बजे उन्हें गुप्त सूचना मिली कि मांडू थाना क्षेत्र के नोनियाबेड़ा जंगल में दो संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घूम रहे हैं। बताया कि सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद.के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से मांडू थाना क्षेत्र के नोनियाबेड़ा के जंगल में अलग-अलग टीम बनाकर छापामारी की गई जिसमें 2 व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगे जिन्हें पुलिस बल द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल और तीन जिन्दा कारतूस बरामद उनके पास से बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। नाम पता पूछने पर पकड़े गए युवकों द्वारा अपना नाम 1. राजेश गंझू जो पूर्व में झारखंड प्रस्तुत कमेटी का सदस्य था और पूर्व में जेल भी गया था। 2. फुलेन्द्र गंझू एवं अन्य लड़को के साथ जुड़कर केरेडारी क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना थी।

### मवेशी लदा दो पिकअप जब्त चालक गिरफ्तार

## वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** बीते रात्रि बरही पुलिस ने जीटी रोड स्थित बिलौतिया मोड़ के पास प्रतिबंधित पशु लदा दो पिकअप संख्या बीआर 03 जीसी 0732 व जेएच 10 सीएम 5818 जब्त किया है. मौके पर से दोनो वाहनों के चालक को भी गिरफ्तार किया गया है. बरही थाना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार सिन्हा को मवेशी गाड़ी की सूचना मिली. जिस पर त्वरित कारवाई करते हुए बिलौतिया मोड़ के पास दोनो वाहनों को जब्त किया गया. जिस पर अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक गोवंशीय पशुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था.

गिरफ्तार दोनो चालक बिहार के भोजपुर जिला के लच्छु टोला मुफ्फसिल थाना निवासी अजीत यादव उम्र 30 वर्ष पिता स्व. धुपनारायण यादव तथा शैलेश यादव उम्र 30 वर्ष पिता हरीशंकर यादव ग्राम बरसिधाहेरा थाना मुफ्फसिल शामिल हैं. दोनो पिकअप से से कुल 5 गाय, 3 बछड़े एवं 1 भैंस को बरामद किया गया जिसे हजारीबाग पिंजरापोल भेज दिया गया. संबंधित मामले में सुसंगत धाराओं के तहत वाहन मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए दोनो गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है.

# श्रावण की पहली सोमवारी पर बानो में बोल बम का जयघोष

- 251 कांवरियों का जत्था हाटिंगहोडे शिव मंदिर से यात्रा पर रवाना
- जत्था सौदे घाट होते हुए अर्जुनस्वर धाम पहुँचा, किया जलाभिषेक

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को लेकर बानो क्षेत्र पूरी तरह भक्ति के रंग में रंग गया। शनिवार को कांवरियों के जत्थे के बानो चौक से गुजरते ही पूरा क्षेत्र 'बोल बम' के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।मिली जानकारी के अनुसार, हाटिंगहोडे, हुरदा, पाड़ो, नौमिल समेत प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। हाटिंगहोडे स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर जत्था ने अपनी यात्रा प्रारंभ की। जत्था सौदे घाट होते हुए अर्जुनस्वर धाम पहुंचा, जहाँ पुनः जलाभिषेक किया गया।इस जत्थे में कुल 251 कांवरिए शामिल थे, जिसमें महिला, पुरुष, बालक और बालिकाएं भी सम्मिलित थे। भक्तगण नाच-गान करते हुए पैदल यात्रा कर रहे थे। बानो पहुँचने पर कांवरियों ने शिव मंदिर की परिक्रमा की और फिर कोलेबिरा के लिए कूच किया। कोलेबिरा में कांवरियों का रात्रि विश्राम होगा तथा सोमवार की अहले सुबह जलाभिषेक किया जाएगा।बानो पहुँचने पर स्थानीय व्यवसायियों सनातन पंडा, उदय कुमार और बिनोद ठाकुर ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उन्हें नाश्ता-पानी की व्यवस्था कर आतिथ्य प्रदान किया। जत्थे में तिलक ओहदार, हेमंत लोहरा, जीतू बारवा, हिराधर बारवा सहित कई अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

# एनएच-143 पर पानी कटाव से बना गड्ढा दे रहा खतरे को आमंत्रण



- सड़क हादसे की आशंका : यदि मरम्मत नहीं हुई, तो यह गड्ढा गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकता है
- सुनील खड़िया और कांग्रेस नेता राकेश कोंगाड़ी ने स्थल का दौरा किया और शीघ्र मरम्मत की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत वन विभाग चेक नाका के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 143 पर बारिश के कारण हुए पानी कटाव से एक बड़ा गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोग इसे दुर्घटना को आमंत्रण देने वाला स्थल कह रहे हैं। हाल के दिनों में हुई लगातार बारिश के कारण न केवल चेक नाका के पास, बल्कि पूरे राजमार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं। इससे वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से गड्ढों की मरम्मत की मांग करते हुए कहा है कि यह सड़क क्षेत्र की "लाइफलाइन" है और इसके क्षतिग्रस्त होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया और कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश कोंगाड़ी ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया ने बताया कि, "लगातार बारिश के कारण सड़क के विभिन्न हिस्सों में गड्ढे बन गए हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। संबंधित विभाग से आग्रह है कि वे शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।"स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो यह गड्ढा कभी भी गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकता है।

## बूढ़ीकुदार और भुटकुदार में भारी बारिश से क्षति का जायजा लेने पहुंचे विधायक



ठेठईटांगर: ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोमिया पंचायत के बूढ़ीकुदार और भुटकुदार गांवों में लगातार हो रही भारी बारिश से ग्रामीण जनजीवन प्रभावित हो गया है। अत्यधिक वर्षा से फसल और ग्रामीण सड़कों को नुकसान पहुंचने की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शनिवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक ने कहा कि बारिश से जिन स्थानों पर क्षति हुई है, वहाँ प्राथमिकता के आधार पर राहत कार्य और मरम्मत की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा क्षेत्र भ्रमण के दौरान जो भी क्षतिग्रस्त होने की समस्याएं सामने आई हैं, उसके समाधान के लिए संबंधित विभाग को लिखा जाएगा ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके और लोगों को पुन: सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश ईश्वर की देन है, लेकिन बारिश से होने वाली क्षति को रोकने के लिए ग्रामीणों को भी जागरूक और सतर्क रहना होगा। बहुत से गांवों में पानी निकासी के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है, जिससे पानी अन्य रास्तों से तोड़कर निकलता है और नुकसान होता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा विधायक ने कहा। मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, पंचायत समिति सदस्य प्रिसिला डुंगडुंग, प्रखंड सचिव बसंत सुरीन, राजेश डुंगडुंग, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, मुकुल डुंगडुंग, सुलेमान टोपनो सहित कई ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में समीक्षात्मक बैठक, डीडीसी दीपांकर चौधरी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बांसजोर।** आकांक्षी प्रखंड बांसजोर में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने की। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारी, साझेदार संस्थाएं तथा आकांक्षी ब्लॉक फेलो बांसजोर उपस्थित थे। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास से संबंधित कुल 39 सूचकों की समीक्षा की गई। डीडीसी चौधरी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे आगामी एक माह में सभी सूचकों पर पूर्ण संतृप्ति प्राप्त करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें और सुनिश्चित करें कि प्रगति धरातल पर परिलक्षित हो। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि आकांक्षी जिलों में कार्यों का प्रभाव सीधे तौर पर लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करता है, इसलिए तत्परता से कार्य करना आवश्यक है। बैठक के दौरान डीडीसी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर से दो विद्यालयों को गोद ले और फील्ड विजिट के दौरान सप्ताह में कम से कम दो घंटे बच्चों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लें। इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है, विशेषकर बांसजोर जैसे पिछड़े क्षेत्रों में। बैठक के उपरांत डीडीसी ने मनरेगा योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया और उरते पंचायत का दौरा कर वहां स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं पंचायत भवन की भौतिक स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश भी दिए। चौधरी ने सभी विभागों एवं साझेदार संस्थाओं को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने का आग्रह किया, ताकि सितंबर 2025 तक बांसजोर प्रखंड नीति आयोग की आकांक्षी ब्लॉक डेल्टा रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सके बैठक में बांसजोर प्रखंड विकास पदाधिकारी ई जयबीरस लकड़ा, अंचल अधिकारी श्री पंकज भगत, जालडेगा बीडीओ सह सीडीपीओ, पिरामल फाउंडेशन के सौमन साव, सीएसओ पार्टनर्स तथा अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसपी ने 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' की शुरुआत, फगुआ मुंडा को मिला पहला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा जिला के पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नैतिकता के लिए प्रेरित करने हेतु 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार योजना की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्तव्य परायणता और सकारात्मक सोच वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाना है। इस योजना के तहत हर सप्ताह आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक तक के पुलिसकर्मियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मी का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, चयनित कर्मी की तस्वीर संबंधित थाना, ओपी या पुलिस प्रतिष्ठान के सूचना पट पर पूरे सप्ताह प्रदर्शित की जाएगी। इसी कड़ी में कुरडेग थाना में तैनात आरक्षी संख्या 570 फगुआ मुंडा को उनके उत्कृष्ट टर्न आउट, ड्यूटी के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुलिसकर्मी फगुआ मुंडा द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन और कुशलता के साथ किया जा रहा है, जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। पुलिस अधीक्षक ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह पहल पुलिस बल में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी तथा कर्मियों को अपने कार्यों के प्रति और अधिक समर्पित बनाएगी।

**विश्व आदिवासी दिवस पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होगा भव्य कार्यक्रम**

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी शुरू टॉपर विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** संयुक्त आदिवासी मोर्चा के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस परम वीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में पूरे हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर अध्यक्ष अनुप लकड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस पर जिले के सभी समुदायों के प्रतिनिधित्व में एक-एक पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही जिले के टॉपर आदिवासी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े।कार्यक्रम में जिले के सभी आदिवासी ग्राम प्रधानों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि आदिवासी हक और अधिकारों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे समाज अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक हो।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप कई लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में किशोर डांग, प्यारा मुंडु, डेविड तिर्की, अनिल कंडुलना, नील जस्टिन बेक, अजय एक्का, नुवस केरकेट्टा, निरज बड़ाईक, शिशिर टोप्पो, मिरा लोंगा, रेजिना टोप्पो, अशीषन बिलुंग, सुनील मिंज, रितेश बड़ाईक, अब्राहम लकड़ा, शंकर मांझी, राजेश टोप्पो, विमला बेक, नारायण मांझी, प्रदीप टोप्पो समेत कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

## बांकी विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड के आरसी उच्च विद्यालय बांकी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. सम्मान समारंह मे इंटर मे सफल छात्रो को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित थे. कार्यक्रम मे छात्र अजय हेमरोम को इंटर में सफल होने पर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षक एव शिक्षिकाओं को विधायक सुदीप गुड़िया द्वारा सम्मानित किया गया इसमें फादर अलक्जेंडर कुल्लु, प्रफुलित जोजो , फुल्केरिया डांग, सुनीत कंडुलना, फ्रांसिस डांग, गोपाल डांग , शांता, फादर शशिभूषण कुल्लू, जोन डांग, फुल्केरिया सुरीन, बेली डांग, नीलिमा बाड़ा, सुकरा करकेट्टा, मर्यानुस डांग, तेलेस्फोर गुड़िया, बेनिदिक डांग, सुमन बडिंग, सुनीत डांग शामिल है. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षको ने विधायक व आगत अतिथयो का स्वागत किया.इस अवसर पर लोगों को संबंध करते हुए विधायक ने कहा कि परिश्रम से ही सफलता मिलती है. जीवन में आगे बढ़ाने के लिए हमेशा मेहनत करने की आवश्यकता है।

## पेड़ से गिराकर व्यक्ति घायल, खटिया ही बनी एंबुलेंस

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के सोय पंचायत अंतर्गत तिनसोंगड़ा गांव में शनिवार शाम एक व्यक्ति के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद सड़क और पुलिया की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीणों ने घायल को खटिया पर एक किलोमीटर तक पैदल ढोकर डबल रेलवे लाइन पार करते हुए सरना टोली तक पहुंचाया, जहां से उसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया।घायल की पहचान सिदमा मुंडा (उम्र 42 वर्ष), पिता खिरू मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सिदमा मुंडा शनिवार को शाम करीब 4 बजे कटहल तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था, इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया और घायल हो गया।घटना की सूचना मिलने पर सोय पंचायत की मुखिया सोमवारी कैथवार ने तत्काल मदद का प्रयास किया। वहीं, सूचना मिलते ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने तुरंत एंबुलेंस भेजवाया, जिससे घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि, घायल के दोनों हाथ और दोनों पैरों में चोटें आई हैं, प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है।"इस घटना ने एक बार फिर बानो क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं की कमी को उजागर कर दिया है, जहाँ आज भी कई ग्रामीण इलाकों में सड़क और पुलिया के अभाव में मरीजों को खटिया पर ढोने जैसी विवशता झेलनी पड़ती है।

**जागरूकता रैली** जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया जागरूकता अभियान

# प्लास्टिक हटाओ-पेपर बैग अपनाओ का दिया संदेश

- प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की
- प्लास्टिक का बहिष्कार और पेपर बैग का उपयोग बढ़ाने की अपील की गई

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, सिमडेगा के एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान और पेपर बैग दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली और छठ तालाब की सफाई कर प्लास्टिक मुक्त जलाशय का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा ने हरी झंडी दिखाकर की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का बहिष्कार कर हमें पेपर बैग का इस्तेमाल बढ़ाना होगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस पहल करनी होगी।एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने बताया कि पूरे देश में एनसीसी द्वारा चलाया जा रहा पुनीत सागर अभियान जलाशयों को स्वच्छ बनाने का एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जलाशयों को गंदा न करें क्योंकि जल ही जीवन है।तालाब से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक बोतलें और कचरा एकत्र कर नगर परिषद सिमडेगा को सौंपा गया। सफाई अभियान में शिक्षक संजीव कुमार एवं कुंदन कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और आम लोगों को प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में प्रेरित किया गया।

## पेपर बैग डे पर जागरूकता के साथ नवाचार का संदेश

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा में "पेपर बैग डे" के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा पर्यावरण-संरक्षण के लिए कागज से बने बैग, थोंगा, लिफाफा आदि के उपयोग को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या पी.एल. केरकेट्टा ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा एक्का उपस्थित रहीं। दोनों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर एक क्रिएटिव वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कागजों की सहायता से सुंदर पेपर बैग, थोंगा और लिफाफे बनाए। शिक्षकों ने बच्चों को कागज काटने, मोड़ने और चिपकाने की तकनीक सिखाई।

# न्यूज बॉक्स

## बारिश और अच्छी फसल के लिए महिलाओं ने चढ़ाया जल

**बोलबा।** अच्छी बारिश और समृद्ध फसल की कामना को लेकर बोलबा में सोमवार को परंपरागत धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने पीपल वृक्ष पर जल अर्पित किया और क्षेत्र में सुख-शांति एवं खेती की उन्नति की प्रार्थना की। इसके उपरांत श्रद्धालु महिलाएं बोलबा थाना परिसर स्थित मंदिर पहुंचीं, जहां भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान गांव के पारंपरिक पाहन द्वारा धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विशेष पूजा सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर गांव की महिलाओं में विशेष श्रद्धा और उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पूजा वर्षा ऋतु के आरंभ में हर वर्ष की जाती है ताकि समय पर अच्छी बारिश हो और फसलों की अच्छी पैदावार हो।

## कांवरिया सेवक संघ सिमडेगा की नई समिति का हुआ गठन, पिंटू सिन्हा बने अध्यक्ष

**सिमडेगा।** कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा की बैठक संजय बडालिया की अध्यक्षता में शुक्रवार संध्या महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें संजय बडालिया ने पूर्व के वर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि सभी लोगों के सहयोग से उन्होंने कांवरिया सेवा संघ में 25 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी है। कुछेक लोगों के साथ 25 वर्ष पूर्व कांवरिया सेवा संघ ने कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। वह अब वटवृक्ष का विशाल रूप ले चुका है। इसके पश्चात संजय बडालिया ने सबके समक्ष नई कमिटी के गठन का प्रस्ताव रखा। तत्पश्चात सर्वसम्मति से संरक्षक दिनेश कुलूकेरिया, संजय बडालिया, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल उर्फ पप्पू, मुरारी बामलिया, पवन जैन को बनाया गया। वहीं अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू, सचिव सत्येंद्र रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बरणवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह उर्फ शिवा, सोनी वर्मा, कुणाल सिंह, मुकेश प्रसाद, सह सचिव हरि सिंह, दीपक प्रसाद, रितेश अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष सुधीर जैन को चयनित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के पक्का बांध के समीप शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय घटी जब पल्सर बाइक सवार हरीश साय निवासी बनड़ेगा, उड़ीसा, अपने साथी प्रथम सोरेंग (पिता - तुलसी सोरेंग), महुआडीह निवासी के साथ बड़की बिउरा से मेहमानी कर घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक की गति तेज होने के कारण चालक हरीश साय ने नियंत्रण खो दिया और पक्की सड़क पर गिर पड़ा। दुर्घटना में हरीश साय के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची कुरडेग पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरडेग पहुँचाया, जहाँ डॉ. तृप्ति सोरेन ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे प्रथम सोरेंग को हल्की चोटें आईं, जिनका इलाज कुरडेग सीएचसी में किया गया। गौरतलब है कि दुर्घटना के समय बाइक चालक हरीश साय ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था, जिससे सिर में गहरी चोटें आईं।

## गांव में युवक ने महुआ पेड़ पर लगाई फांसी

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत पाकरबहार गाँव में मंगलवार रात एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय निर्मल बिलुंग, पिता कारी बिलुंग के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, निर्मल ने अपने घर के पास स्थित एक महुआ पेड़ पर रात करीब 10 बजे फांसी लगा ली। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन की, जहां उन्हें निर्मल पेड़ से लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे तुरंत पेड़ से नीचे उतारकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## प्रोन्नति मिलने पर कोलेबिरा बीडीओ को भाजपा ने किया सम्मानित

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो को झारखंड सरकार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में प्रोन्नति देने की जानकारी मिलने पर कोलेबिरा भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कोलेबिरा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में प्रोन्नति मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर दिलेश्वर सिंह, कृष्ण दास आदि लोग उपस्थित थे.वीरेंद्र किंडो के अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में प्रोन्नति मिलने सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया,कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश कोंगगाड़ी,जोसेफ लुगुन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,वरिष्ठ कांग्रेसी श्याम लाल प्रसाद,झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे,सन्नी रिजवान,फुलकुमारी समद,प्रखंड प्रमुख दूतामी हेमरोम,कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा,मुखिया कल्पना देवी,अंजु रीना मिंज, अंकिता केरकेट्टा,संदीप सद मुंडा,जीरेन मड़की,जीरेन डांग,शुशीला डांग,महिमा लकड़ा,अनिता जड़िया, विलियम समद,उप प्रमुख सुनीता देवी,कोलेबिरा पंचायत के उप मुखिया संजीत कुमार,समाजसेवी उपेंद्र प्रसाद,जितेंद्र तिवारी, प्रदीप डे,भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार,मंडल महामंत्री रोहित साहू,के अलावा अन्य लोग हैं।

## कोलेबिरा में ग्राम सभा जागरूकता पर महिलाओं की सहभागिता विषय पर

**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एस.एस. प्लस टू स्टेडियम हॉल में शनिवार को ग्राम सभा जागरूकता में महिलाओं की सहभागिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जुनस तोपनो ने की जबकि संचालन ग्राम सभा मंच के सदस्यों द्वारा किया गया।कार्यशाला में विभिन्न गांवों से पहुँचीं 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और ग्राम सभा को लेकर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता सामाजिक विश्लेषक राजेश कुमार महतो ने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की जड़ है और महिलाओं की भागीदारी इसे मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि महिला नेतृत्व वाली ग्राम सभाओं ने जल-जंगल-ज़मीन संरक्षण और स्थानीय शासन में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है।जिला ग्राम सभा मंच के प्रतिनिधि समर्पण सुरीन ने वनोपज जैसे महुआ, लाह, सखुआ आदि के सतत उपयोग और बाजारीकरण पर जोर देते हुए कहा कि यह ग्रामीण आजीविका का आधार है।कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से ग्राम सभा बैठकों में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की गई।

## सीएनआई चर्च पारिस, बानो में धर्म जिला की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के सोड़ा स्थित सीएनआई चर्च पारिस में शनिवार को कामडारा धर्म जिला की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धर्म जिला चेयरमैन अशोक मानकी ने की।बैठक के आरंभ में मुखिया कृपा हेमरोम के नेतृत्व में महिला मंडली ने पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के अनुरूप मांदर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर बानो सीएनआई चर्च के पादरी मुकुट कंडुलना को धर्म जिला सचिव के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए बिरजो कंडुलना ने बताया कि धर्म जिला की यह बैठक हर तीन माह के अंतराल पर विभिन्न पारिसों में आयोजित की जाती है, जिसमें संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की जाती है और समीक्षा रिपोर्ट डायसिस ऑफ छोटानागपुर, रांची कार्यालय को भेजी जाती है।बैठक में संस्था द्वारा संचालित विद्यालय, छात्रावास, अस्पताल और अन्य समाजसेवी कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न पारिस क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के उपाय भी सुझाए गए।बैठक में केरसई किनकेल पारिस पादरी सुधीर लकड़ा,रामतोलोया पारिस पादरी एंड्रियास टुटी,कामडारा पारिस पादरी बरनाबस हंस,धर्म जिला चेयरमैन अशोक मानकी,चर्च पारिस सचिव रोशन उपस्थित थे।

# नेशनल हाईवे के किनारे बना गोफ, हादसे का खतरा

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** पश्चिम बंगाल के रामपुर हाट से गिरिडीह के डुमरी तक जाने वाली नेशनल हाईवे 114 ए के किनारे एक बार फिर से भू-धंसान हुआ है. इस बार जिला के बिट्टा गढ़ा और गिरिडीह स्टेडियम के बीच गोफ बनने की घटना घटी है. घटना शुक्रवार की देर शाम की बतायी जा रही है. शुक्रवार की इस घटना की जानकारी सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी गोपाल सिंह मीणा को मिली, जिसके बाद गोफ को भरने का काम किया जा रहा है.



**एक ही जगह हर साल धंस जाती है जमीन :** बता दें कि इस बार जहां जमीन धंसी या गोफ बना है, वह इलाका सीसीएल गिरिडीह डीएवी पब्लिक स्कूल के ठीक बगल में है. यहां से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर मुफ्फसिल थाना है. इस जगह पर पिछले डेढ़ दशक से गोफ बनने का सिलसिला जारी है. बीते वर्ष भी यहीं पर भू-धंसान हुआ था. पिछली दफा सड़क ही धंस गई थी.

**जानकारी देते सीसीएल के सुरक्षा कर्मी :** लोगों का कहना है कि एक ही जगह पर धंसान होना और अचानक गोफ बन जाना बड़ी घटना है. लेकिन नेशनल हाईवे इस समस्या का पूरी तरह से निराकरण करने को लेकर गंभीर नहीं है. हालात यही रहा और इस समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं निकाला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

## युवक को गोली लगने से अफरा-तफरी का माहौल, अस्पताल रेफर हालत गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के कीताडीह इलाके में शुक्रवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया। जब साईं कॉम्प्लेक्स के समीप एक युवक को गोली मार दी गई। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल की पहचान आशीष कुमार भगत के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात के समय अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए और इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बागबेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। गोलीबारी में शामिल युवकों की पहचान कर ली गई है। आशीष कुमार भगत के जानने वाले लोगों ने बताया कि घटना को रंजन सिंह, बाबू सिंह उर्फ टेपर, राहुल यादव उर्फ छोटू, शुभम प्रसाद, सूरज दास सहित अन्य युवकों ने अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देकर सभी भाग गए है। इन लोगों ने बताया कि दो दिन पहले भी गोली मारने की धमकी इन युवकों ने दी थी।

## पुलिस ने ट्रैक्टर के टैंकर में छिपाई अवैध शराब जब्त की



**गांडेय,गिरिडीह।** ताराटांड़ थाने की पुलिस ने बीते रात्रि वाहन जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ सदर जीतवाहन के नेतृत्व में एक टीम गठित कर। ताराटांड़ थाना गेट के पास विशेष वाहन जांच लगाया गया वाहन जांच के क्रम में शुक्रवार रात्रि करीब नौ बजे धनबाद की ओर से आ रही एक लाल रंग इंजन की ट्रेक्टर के साथ हरा रंग के सेप्टिक टैंक को जांच के लिए रोका गया परन्तु वाहन के चालक के द्वारा वाहन नहीं रोका गया भागने का प्रयास किया गया जिसे वाहन जांच में शामिल पुलिस बल द्वारा रोका गया और जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि ट्रेक्टर के सेफ्टी टैंक में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब लदा पाया गया जिसमें करीब 93 पेटी हरा प्लास्टिक से बंधा हुआ 2112 बोतल इंपीरियल ब्लू की अवैध विदेशी शराब जप्त किया गया अनुमानित मूल्य करीब पांच लाख रुपया बताया गया है साथ ही साथ ट्रेक्टर चालक गोपाल पासवान उम्र करीब 30 वर्ष पिता ब्रह्मदेव पासवान बिहार के खगड़िया जिला के थाना मुफ्फसिल के सकिन ननकू मंडल टोला को गिरफ्तार किया गया है ।

## बूथ लेवल पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया गया



**गिरिडीह।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध चतुर्थ दिवस के प्रशिक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनरों के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा एवं 31 गांडेय विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियों को को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 ,8,घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी ट्रेनी बूथ लेवल पदाधिकारियों को ट्रेनिंग के उपरांत लाइव रॉल डिमॉन्स्ट्रेशन के माध्यम से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। SIR 2003 में कार्यरत रहे वरिष्ठ BLO संत कुमार लाल के द्वारा अपने अनुभवों को भी सभी वर्तमान BLO से शेयर किया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन मतदाता सूची देखने और मोबाइल एप के बारे में विशद प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## विभावि में भूगर्भ विज्ञान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# संगोष्ठियों के अलावा विद्यार्थियों के लिए होंगी ऑनलाइन कक्षाएं : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के आर्थिक खनिज संसाधनों की भूविज्ञान एवं अन्वेषण" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग द्वारा आर्यभट्ट सभागार में किया गया। यह संगोष्ठी झारखंड राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा प्रायोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मेजबान विभाग के स्नातकोत्तर समसत्र दो और चार के अलावे संत कोलंबस महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय , आईआईटी आईएसएम धनबाद , आईआईटी खड़गपुर आदि से कुल 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। भूषण शर्मा ने अपने संबोधन के क्रम में भूगर्भविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो एच एन सिन्हा को सर्वप्रथम इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा में शिक्षकों की कमी की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके समाधान हेतु प्रयास किए जाने की बात कही। उन्होंने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न





कॉलेजों के बीच सहयोग स्थापित करने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर मंच पर वित्त सलाहकार श्री अखिलेश शर्मा, कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक, और प्रॉक्टर डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। डॉ. मिथिलेश ने अपने वक्तव्य में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पर रियो डी जनेरियो सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के दौर में पर्यावरण से जुड़े समझौते मुख्यतः विकासशील देशों से अपेक्षित होते हैं, विकसित देशों से नहीं। इस अवसर पर संगोष्ठी की विस्तारित शोध-सार संकलन पुस्तिका (Extended Abstract Volume) का विमोचन सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आज के दो तकनीकी सत्रों में देशभर से पधारे विशेषज्ञ वक्ताओं ने झारखंड की भूवैज्ञानिक संरचना एवं खनिज संसाधनों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ एस के सिन्हा ने किया तथा द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ हर्षवर्धन ने किया। मनोज कुमार, निदेशक, खान एवं भूविज्ञान, झारखंड सरकार ने कोडरमा एवं गिरिडीह जिलों में लिथियम युक्त मिका-पेग्माटाइट जमाओं तथा सामरिक एवं महत्वपूर्ण खनिजों की खोज में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. एस. सारंगी, विभागाध्यक्ष, एप्लाइड जियोलॉजी, आईएसएम धनबाद ने बोकारो कोलफील्ड में लैम्प्रोफायर अंतःप्रवेश (Intrusives) में लाइट रेयर अर्थ एलिमेंट्स की उपस्थिति एवं झारखंड में उनके भविष्य के संभावित भंडारों पर जानकारी दी। कुमार अमिताभ, अपर निदेशक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, झारखंड सरकार ने झारखंड की खनिज अर्थव्यवस्था पर प्रस्तुति दी। बोधिसत्व हाजरा, वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद ने हाइड्रोकार्बन भूविज्ञान में रॉक-इवैल तकनीक के अनुप्रयोग पर व्याख्यान दिया। डॉ. प्रीति कुमारी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, ने सिमडेगा के निकट छोटानागपुर ग्रेनाइटिक निष्सिक कॉम्प्लेक्स में पाए जाने वाले लैम्प्रोफायर एवं एम्फीबोलाइट शैलों पर जानकारी दी। डॉ. दिव्या कुमारी, वैज्ञानिक, बीरबल साहनी जीवाश्म विज्ञान संस्थान, लखनऊ ने दक्षिण करनपुरा बेसिन में पर्मियन कोयला श्रृंखलाओं की स्रोत शैल विशेषताओं पर व्याख्यान दिया तथा अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन स्रोतों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. दिनेश कुमार, भूविज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय ने गढ़वा जिले के भवनाथपुर क्षेत्र में सेमरी समूह की चूना पत्थर शैलों की तलछटी एवं भू-रासायनिक विशेषताओं पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई में 200 पेटी अवैध शराब लदा ट्रक जब्त





**गिरिडीह।** गिरिडीह में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग द्वारा शनिवार को अवैध शराब से लदा एक ट्रक जब्त किया गया है. जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई जा रही है. मामला जिला अंतर्गत निमियाघाट थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी पर उत्पाद विभाग द्वारा टीम का गठन करने के बाद विभाग के एएसआई रवि रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है. अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग ने ट्रक चालक को दबोच लिया. हालांकि कार्रवाई करने वाली टीम तब हैरान रह गई जब उन्होंने देखा कि पूरा ट्रक बाहर से खाली दिख रहा था, लेकिन खाली ट्रक के बीच एक लोहे का बॉक्स बना था, जिसके भीतर 200 पेटी शराब लोड था. फिलहाल, टीम चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मामले में जानकारी जुटा रही है कि अवैध शराब लोड ट्रक कहां से चला था. शुरूआत पूछताछ के दौरान स्पष्ट हुआ है कि अवैध शराब लोड ट्रक को चालक बिहार की और लेकर जा रहा था. जब ट्रक बिहार की सीमा में प्रवेश करता, तो उसे आगे कहां जाना है, इसकी सूचना मिलती. उत्पाद एएसआई रवि रंजन के अनुसार ट्रक में रॉयल केसियो के शराब के बोतल से भरे करीब 200 पेटी लोड है. और जब्त पेटियों की कीमत 50 लाख लगभग आंका गया है.

## राजद ने विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पूर्वी सिंहभूम।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी ने मानगो नगर निगम के महापौर (मेयर) पद को अन्य पिछड़ा वर्ग ( ओबीसी) के लिए आरक्षित करने की मांग की है। इस संबंध में राजद जिला अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी ने शनिवार को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को ज्ञापन सौंप कर प्रर्दशन की। ज्ञापन में कहा गया है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में ओबीसी वर्ग की जनसंख्या बहुसंख्यक है। ओबीसी के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। राजद का कहना है कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और इससे ओबीसी समाज को उनकी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों में रोष

**धनबाद।** 15वें वित्त आयोग (वर्ष 2024-25) की बकाया राशि अब तक जारी नहीं होने से नाराज धनबाद के पंचायत प्रतिनिधि एक बार फिर गोलबंद हो गए हैं. इस मुददे पर शनिवार को विशेष बैठक हुई, जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, सभी जिप सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र राशि निर्गत नहीं की गई तो विधानसभा से लेकर दिल्ली तक चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा. प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि हाल ही में केंद्र सरकार की जारी सूची में झारखंड का नाम नहीं है. इससे यह प्रतीत होता है कि झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि राशि निर्गत नहीं होने से ग्रामीण विकास के कार्य पूरी तरह ठप पड़ जाएंगे. इससे आम जनता को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ेगा. जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अब चुप नहीं बैठेंगे. शांतिपूर्ण तरीके से हर स्तर पर अपनी मांगों को रखेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर खेल मंत्री व राज्यपाल से मिलने की भी तैयारी की जा रही है. इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है.

## उपायुक्त ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक

# सफल क्रियान्वयन के लिए पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में जिला उपायुक्त ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस योजना का उद्देश्य घरों के छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करके मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। योजना के तहत, घरों को सब्सिडी मिलती है ताकि वे सौर पैनल स्थापित कर सकें, जिससे उन्हें बिजली बिलों पर बचत होती है और उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। इसके अलावा उपायुक्त ने जरेडा द्वारा लगाए गए सोलर सिस्टम की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी से 5000 से अधिक आबादी वाले ग्राम/पंचायतों सूची प्राप्त करें तथा जरेडा से समन्वय स्थापित करते हुए सोलर लाइट का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराएं। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण का कार्य संपन्न कराए। साथ ही विद्युत विभाग को बिजली आपूर्ति में सुधार करने तथा आमजनों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभाग को नियमित रूप से निगरानी रखने और बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत रहने को कहा।



## महुदा में सड़क धंसने से हड़कंप, आवागमन बाधित

धनबाद। महुदा थाना क्षेत्र के हाथूडीह वाशरी कॉलोनी जाने वाली मुख्य सड़क शुक्रवार को अचानक धंस गई. भू-धंसान की इस घटना के बाद इलाके मे अफरातफरी मच गई. सड़क धंसने से वहां गहरा गड्ढा बन गया है. गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां से कोई गुजर नहीं रहा था. अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. घटना के बाद कॉलोनी का संपर्क मार्ग बाधित हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है. घटना की सूचना मिलते ही बीसीसीएल प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल जेसीबी मशीन भेजकर गड्ढे को भरकर सड़क को समतल कराया गया. वहीं स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यह घटना पहली बार नहीं हुई है. इससे पहले भी इस स्थान पर भू धंसान हो चुका है.

## राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यकाल कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार द्वारा अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
**E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in**

**Short Term**
**e-Procurement Notice**
**e-Tender Reference no.- RCD/Gumla /418 Dated :- 11.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुरुमगढ़–परसा, शहीद नयमन कुजूर विल्लेज लिंक पथ के 7, 11, 15, 17, 20 और 21वां कि० मी० में उच्चस्तरीय आर० सी० सी० सेतु के पहुँच पथ का साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | Rs. – 89,99,166.00 |
| 3 | बीड सिक्युरिटी (राशि) | Rs. – 180000.00 |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 Months |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.07.2025 from 10.30 A.M. |
| 6 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.07.2025 upto 12.00 Noon |
| 7 | निविदा खुलने का तिथि एवं समय | 31.07.2025 at 12.30 P.M. |
| 8 | निविदा खुलने का स्थान | Chief Engineer (Com)cum-Nodal Officer, e-Procurement Cell, RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम, पता एवं दूरभाष संख्या | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गुमला। मोबाईल न०– 8709076211 |
| 10 | ई–मेल | eercdgumla-jhr@nic.in |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का सहायता दूरभाश संख्या | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Gumla

PR.NO.357140 Road(25-26):D


## श्रद्धालुओं की सुरक्षा व उनकी आवश्यकताओं को मुहैया कराना जरूरी

# देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधाएं सर्वोपरि : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

- **श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं**



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता सर्वोपरि है। प्रियेश लकड़ा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप विभिन्न नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं, जिसके पश्चात त्वरित समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही समस्या के मॉनिटिरिंग के लिए कंट्रोल रूम में एक विशेष सेल बनाया गया है, ताकि मानीटर पर समस्या दिखते ही उस पर तत्काल कार्य करते हुए समस्या का समाधान किया जा सके। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिल रही है। साफ-सफाई नहीं है या आप सुविधा से असंतुष्ट हैं अथवा कोई सुधार चाहते हैं या कांवरिया रूटलाइन या होल्डिंग प्वाइंट पर परेशानी है तो तत्काल उस जगह लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के लिए बारकोड स्कैन करते ही गूगल पेपर खुलेगा। उसमें शिकायत करने का ऑप्शन आएगा। शिकायत भरने के बाद जरूरत हो तो तस्वीर भी साझा कर दें। आपकी ओर से किया गया शिकायत और अपलोड किया गया फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में डाउनलोड होते ही उस पर संबंधित विभाग को टैग कर उसके समाधान का निर्देश दे दिया जाएगा, जिसके पश्चात मेला में प्रतिनियुक्त टीम वहां पहुंच जाएगी। सिस्टम को इस तरह विकसित किया गया है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो जाना है, ताकि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## बिहार चुनाव में एनडीए की होगी जीत- डॉ. राज भूषण चौधरी

**धनबाद।** केंद्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी शनिवार को धनबाद पहुंचे. वह यहां रेलवे के रोजगार मेले में भाग लेने आए थे. सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन पूरी तरह मजबूत है. वहां की जनता एक बार फिर स्थिर और विकासशील सरकार को चुनेगी. बीते 20 वर्षों में बिहार का कायाकल्प हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं. जनता इसे समझती है और एनडीए को फिर बहुमत मिलेगा उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर विपक्ष पर भ्रम और भय फैलाने का आरोप लगाया. कहा कि विपक्ष सीएए और एनआरसी जैसे मुद्दों पर पहले भी इसी तरह का भ्रम फैलाने का प्रयास कर चुका है.


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**मोटरचालित नाव प्राप्त करने के लिए अवसर**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10रा(वि0), दिनांक–04.07.2025(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2025–26) द्वारा जिला–खूँटी को कुल 01 मोटरचालित नाव वितरित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। राज्यादेशानुसार जलाशयों में मछली पालन के दौरान मत्स्य पालकों की सुरक्षा तथा आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली मोटरचालित नाव की माँग को ध्यान में रखते हुए जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को 4 से 6 सीटर क्षमता वाले मोटरचालित नाव {FRP Boat, Size-14'-0" x 5'-4" x 2'-0" के साथ 9.9 HP OBM HIDEA/SUZUKI/YAMAHA/OUTBOARD etc. equivalent, Manual Rope Start 2 Stroke Petrol operated तथा Accessories-Oars (2Nos.) एवं PP Rope-50Ft.} मत्स्य जीवी सहयोग समितियों को दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

योजना की विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र० | योजना का नाम | इकाई | कोटि | लक्ष्य | इकाई लागत | राज्य सरकार का अनुदान | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों को मोटरचालित नाव | सं० में | ST | 1 | मो० 414000/– रु० प्रति नाव | 90 प्रतिशत् अर्थात् अधिकतम मो० 372600/– रु० प्रति नाव | 10 प्रतिशत् अर्थात् मो० 41400/– रु० प्रति नाव | नाव का क्रय करते हुए GST अभिश्रव/बिल कार्यालय में समर्पित करने के बाद अनुदान की राशि लाभुक मत्स्य जीवी सहयोग समिति के ESCROW बैंक खाता में डी०बी०टी० के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी। क्रय के उपरांत नाव के साथ लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का GPS फोटोग्राफ भी समर्पित करना होगा। |

योजना हेतु ऑफलाईन(Offline) आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक– 30.07.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में ऑफलाईन(Offline) आवेदन जमा करना होगा। योजना की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त की जा सकती है एवं नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

यह योजना "पहले आओ पहले पाओ" की तर्ज पर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
खूँटी

PR 357126 (Fish)25-26*D

# दिल से बजाना

ऋषभ अब आठवीं में आ चुका था। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाता था। इसी उम्र में वह इतनी प्रवीणता प्राप्त कर चुका था, जिसे कई वर्षों तक अभ्यास करने के बाद भी लोग नहीं प्राप्त कर पाए थे। वह हर दिन अपने गुरु जी से वायलिन सीखने जाता था। घर में वह सीखे हुए पाठ का दो घंटे अभ्यास करता। उसके बाद ही वह अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों को पढ़ने बैठता। यही क्रम कई वर्षों से चल रहा था। आखिर वह दिन आ ही गया जिसका उसे इंतज़ार था। एक दिन बाद शहर के सबसे बड़े हॉल में उसका वादन आयोजित किया गया था। देश के प्रसिद्ध वायलिन वादक इस बालक की प्रतिभा के साक्षी बनने वाले थे। वह अपने गुरु जी से आशीर्वाद प्राप्त करने गया। गुरु जी ने आशीर्वाद देते हुए कहा था कि दिल से वायलिन बजाना। उसके हाथों में एक कागज का टुकड़ा थमाते हुए कहा कि इसे वायलिन बजाने के पहले खोलना और अपने सामने रख लेना। वह बहुत असमंजस में था। वह तो हाथों और उँगलियों की मदद से वायलिन बजाना जानता था। दिल से कैसे बजा सकता था। दिल को तो निकालना मुश्किल था। अगर दिल निकाल भी लिया जाय, तो उसके हाथ और उंगलियाँ तो होती नहीं। उससे कैसे वायलिन बजेगा। उसकी समझ में नहीं आ रहा था, वह क्या करे? इसी उधेड़बुन में आज उसने अभ्यास भी नहीं किया था।



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

पूरा हॉल दर्शकों से भर चुका था। बड़े से मंच के बीच में एक और छोटा मंच बनाया हुआ था। प्रसिद्ध वायलिन वादक हॉल के आगे की प्रथम पंक्ति में बैठे थे। उसका नाम पुकारा गया था। वह उदास और थके कदमों से छोटे से मंच की ओर बढ़ रहा था। उसे गुरु जी याद आ रहे थे। उनकी बात "दिल से बजाना।" उसके कानों में गूंज रहे थे। वह मंच पर चढ़कर निर्धारित स्थान पर बैठ गया। वह गुरु जी के दिये हुए कागज के टुकड़े को सामने खोलकर बैठ गया। कागज के टुकड़े में एक तितली की तस्वीर बनाई हुई थी। उसके हाथ कांप रहे थे। उसकी उंगलियाँ सुन्न हो रही थी। उसने वायलिन को अपनी ठुड्डी के नीचे टिकाया ही था कि एक तितली उड़ती हुई आयी और उसके कंधे पर आकर बैठ गयी। उसके हाथों और उँगलियों में ऊर्जा आ गयी। उसने बो को हाथ में लिया उसकी उंगलियाँ तारों पर चलने लगी थी। तितली धुन गुनगुना रही थी। उसके संकेत गुरुजी के दिये हुए कागज पर उभर रहे थे। तितली की धुन पर वायलिन से निःसृत संगीत लहरियों से हॉल गूंज रहा था। लोग स्तब्ध थे। पूरे सभागार में वायलिन के तारों से निकले स्वर थे और श्रोताओं की सांसें थी। एक घंटे से अधिक तक स्वरों और सुरों की गंगा बहती रही और लोग उसमें अवगाहन करते रहे, डूबते-उतराते रहे। उसने वायलिन वादन को विराम दिया। सभागार में स्तब्धता छायी थी। लग रहा था कि वायलिन की ध्वनि अभी भी गूंज रही हो। जब आमंत्रित प्रासिद्ध वायलिन वादक मंच पर आ गए तब ऋषभ ने उनके चरणों में झुककर प्रणाम किया। उन्होंने उसे हृदय से लगा लिया। अपने घुटनों पर बैठे हुए और उसको हृदय से लगाये हुए ही उन्होंने माइक पर कुछ कहा था। लेकिन उसे तीन ही शब्द याद रहे। "आज ऋषभ ने 'दिल से बजाया' है।" हॉल में तालियां बजती रहीं। अब उसे गुरुजी के सूत्र – वाक्य "दिल से बजाना" का अर्थ समझ में आ गया था।



## गजल



अभिनव अरुण

बहुत होने पे भी कुछ भी यहाँ हासिल नहीं होता।
अगर इंसान में इंसान जैसा दिल नहीं होता।
ये रुतबा रौब माल-ओ-ज़र धरे रह जाते सबके सब,
मियाँ सामान कम हो तो सफ़र मुश्किल नहीं होता।
अगर मीज़ान पे बैठे हो तो गहरी नज़र रखना,
लहू के छींटे होने से कोई क़ातिल नहीं होता।
बहुत गहरा समंदर है सफर में ने किया रखना,
बदी की नाव का अक्सर कोई साहिल नहीं होता।
जलाता कौन अपना दिल पिघलते मोम से यारो,
अगरचे इश्क़ के अंजाम से ग़ाफ़िल नहीं होता।
ख़ुदा की नेमतें होती हैं तो इक शेर होता है,
कोई शाइर किसी के हुस्न का बिस्मिल नहीं होता।
मगर इक शेर जो हर बार उद्धृत आप करते हैं,
न होता उनके गालों पर अगर वो तिल नहीं होता।
अगर हर आदमी जुगनू बने तो,
यहाँ कण कण में उजियारे मिलेंगे।
जो जंगल से हुए थे बेदखल कल,
शहर में आज बंजारे मिलेंगे।

## काव्य कोना

### क्यों नींद से जगा दिया?

किसी चिर-परिचित आवाज ने
क्यों नींद से जगा दिया?
छवियों के घेरे में चुप थी जिन्दगी
यादों के साये में गुम थी जिन्दगी
हल्के झोंकों ने और भी ठहरा दिया
फिर आवाज दे,
क्यूँ दिल में हलचल मचा दिया?
क्यों नींद से जगा दिया?
चलो, अच्छा किया जगा दिया
अतीत से निकाल कर
वर्तमान और भविष्य से सामना करवा दिया
यत्न और प्रयत्न के बीच ला दिया
यथार्थ का आईना दिखला दिया
किसी चिर-परिचित आवाज ने
क्यों नींद से जगा दिया?

नाग मणि

# तुलसीकृत श्रीरामचरितमानस में वर्षाकाल



गीता सिन्हा 'गीतांजलि'



रामचरितमानस के "किष्किंधा काण्ड"में तुलसी ने वर्षा-काल का अद्भुत चित्रण किया है। जब राम अनुज लक्ष्मण के साथ मनोहर और अनुपम पर्वत को देखकर, वहीं किष्किंधा में रह गए। तब देवता, सिद्ध, मुनि, भौंरा का, पंक्षियों का, पशुओं का, रूप धरकर प्रभु की सेवा करने लगे।

"लछिमन देखु मोर गन नाचत बारिद पेखि।
गृही बिरति रत हरष जस बिष्णु भगत कहुँ देखि।।"

हे लक्ष्मण !देखो मोरों के झुंड बादलों को देखकर नाच रहे हैं। जैसे वैराग्य में अनुरक्त गृहस्थ किसी विष्णुभक्त को देखकर हर्षित होते हैं।

"घन घंमड नभ गरजत घोरा, प्रिया हीन डरपत मन मोरा । दामिनि दमक रह न घन माहीं,
खल कै प्रीति जथा थिर नाहीं ।।"

आकाश में मेघ उमड़ घुमड़कर बरस रहे हैं। सीता के बिना मेरा मन भयभीत हो रहा है। बिजली की चमक बादलों में ठहरती नहीं।जैसे दुष्ट की प्रीति थिर नहीं रहती।

"बरसहिं जलद भूमि निअराएँ, जथा नवहिं बुध बिद्या पाएँ, बूंद अघात सहहिं गिरि कैसे,
खल के बचन संत सह जैसे।"

बादल पृथ्वी के समीप आकर बरस रहे हैं, जैसे विद्या पाकर विद्वान नम्र हो जाते हैं। बूंदों की चोट पर्वत कैसे सहते हैं, जैसे दुष्टों के वचन संत सहते हैं।

महाकवि तुलसीदास बर्षा-काल के वर्णन में कैसे, माया, जीव, ब्रह्म को समझाते हैं ? देखें --

"क्षुद्र नदी भरि चलीं तोराई, जस थोरेहुँ धन खल इतराई। भूमि परत भा ढाबर पानी, जनु जीवहि माया लिपटानी।।"

छोटी नदियाँ भरकर किनारे को तोड़ती बह चलीं, जैसे थोड़े धन पाकर दुष्ट इतरा जाते हैं। पृथ्वी पर पड़ते पानी गंदला हो गया जैसे शुद्ध जीव माया से लिपट गई हो।

"समिटि समिटि जल भरहिं तलावा, जिमि सदगुन सज्जन पहिं आवा, सरिता जल जलनिधि महुँ जाई, होइ अचल जिमि जीव हरि पाई।"

जल एकत्र हो होकर तालाबों में भर रहा है। जैसे सदगुण एक एककर सज्जन के पास चले आते हैं। नदी का जल समुद्र में जाकर एकत्र हो जाता है, जैसे जीव श्री हरि को पाकर आवागमन से मुक्त हो जाता है।

"हरित भूमि तृन संकुल, समुझि परहिं नहिं पंथ। जिमि पाखंडवाद तें, गुप्त होहिं सदग्रंथ।।"

पृथ्वी घास से परिपूर्ण होकर हरी हो गई है, जिससे पंथ समझ नहीं पड़ते। जैसे पाखंडवाद के प्रचार से सदग्रंथ लुप्त हो जाते हैं।

"दादुर धुनि चहु दिसा सुहाई, बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई, नव पल्लव भए बिटप अनेका, साधक मन जस मिलें बिबेका।"

चारों दिशाओं से मेढ़कों की आवाज ऐसी सुनाई पड़ती है जैसे विद्यार्थी वेद का अध्ययन कर रहे हों। वृक्षों में नव पल्लव आ लगे हैं, जैसे साधक के मन में विवेक प्राप्त हो गया हो।

आगे श्रीराम कहते हैं कि वायु कभी बड़े तेजी से चलने लगती है और बादल जहाँ तहाँ गायब हो जाते हैं। जिस तरह कुल में कुपुत्र के जन्म लेते ही, सद्कर्मों का उत्तम धर्म नष्ट हो जाता है।

"कबहुँ प्रबल बह मारूत, जहँ तहँ मेघ बिलाहिं। जिमि कपूत के उपजें, कुल सद्धर्म नसाहिं।।"

"कबहुँ दिवस महँ निबिड़, तम कबहुँक प्रगट पतंग। बिनसइ उपजइ ग्यान जिमि, पाइ कुसंग सुसंग।"

कभी दिन में घोर अंधकार छा जाता है, कभी सूर्य प्रकट हो जाते हैं। जैसे कुसंग पाकर ज्ञान नष्ट हो जाता है तथा सुसंग पाकर प्रकट हो जाता है।

"बरषा बिगत सरद रितु आई, लछिमन देखहु परम सुहाई। फूलें कास सकल महि छाई, जनु बरषाँ कृत प्रगट बुढ़ाई।"

वर्षा काल बीत चुका है। शरद ऋतु आ गई है। हे लक्ष्मण, देखो, प्रकृति कितनी सुन्दर लग रही है। कास के फूल सम्पूर्ण पृथ्वी पर फूल गए हैं। जैसे यह वर्षा - काल बूढ़ा हो गया है। इस ऋतु की बुढ़ापा प्रकट हो गई है।

अब निर्मल आकाश ऐसा शोभित हो रहा है जैसे भगवत-भक्त सभी आशाओं को छोड़कर सुशोभित होते हैं। शरद काल में कहीं कहीं थोड़ी थोड़ी बर्षा होती है।जैसे विरले ही लोग भगवान की भक्ति पाते हैं।

"बिनु घन निर्मल सोह अकासा। हरिजन इव परिहरि सब आसा।। कहुँ कहुँ बृष्टि सारदी थोरी, कोउ एक पाव भगति जिमि मोरी।"

राम के इन कथनों में जिसे वे प्रकृति के सहारे लक्ष्मण को समझाते हैं, कितनी सत्यता है यह विज्ञ पाठक स्वयं जानते हैं। जी तो चाहता है तुलसी के कलम को बारम्बार प्रणाम करूँ।

## रिश्तों की खुशबू

दादी सुबह से ही अपनी भौजाई का बेसब्री के साथ इंतजार कर रही थी। हमेशा आराम से रहने वाली दादी, सुबह से ही अपनी भौजाई के स्वागत की तैयारी में लगी हुई थी । नंदिनी की भी उत्सुकता बढ़ती जा रही थी कि कैसी है दादी की भौजाई और कैसा है उनका ननद-भाभी का रिश्ता ? थोड़ी देर में आखिर दादी की भाभी का पदार्पण हो ही गया। अपने बेटे का सहारा लिए उन्होंने घर में प्रवेश किया। उम्रदराज दादी की भाभी के बाल चाँदी जैसे चमक रहे थे। चेहरे पर झुर्रियों का सम्राज्य था और उनकी साड़ी को देखकर प्रतीत हो रहा था कि उन्होंने कितना यत्नपूर्वक उसको पहना होगा ।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

चरण स्पर्श करने के लिए जब नंदिनी उनके निकट गयी तो उनके शरीर से आती हुई अप्रिय बदबू तन की समुचित सफाई न होने की गवाही दे रहे थे । लेकिन दादी पर इन सब बातों का कोई असर नहीं हो रहा था। वह अपनी भाभी के स्नेह में सराबोर हो रही थी। भाभी भी अपनी प्यारी ननद पर अपने वात्सल्य की बौछार कर रही थी। दादी भी भाभी के शरीर से आ रही दुर्गंध और उससे सब के चेहरे के बदलते रंग से अनभिज्ञ न थी। थोड़ी देर बाद ,सफर की थकान उतर जाने पर वह खुद अपनी भाभी को फ्रेश कराने के लिए बाथरूम में ले गई । उनके बालों में शैंपू कर ,पूरे शरीर में साबुन मलकर उन्हें नहलाया। फिर जैसे गुड़िया को साड़ी पहनाया जाता है वैसे उन्हें साड़ी पहनाकर, बालों में कंघी करके उन्हें बड़े प्रेम से कुर्सी पर बिठा दिया। महारानी सी बैठी भाभी का चेहरा खुशियों से चमक रहा था । वह अपने नैनों से अपनी ननद पर स्नेह की बरसात कर रही थी और दादी आग्रह कर कर के उन्हें प्यार से खाना खिला रही थी। ननद- भाभी के प्रेम का नजारा नंदनी अभी और देखना था । भाभी अपना बक्सा खोले बैठी थी । उसमें जो साड़ियाँ थोड़ी सी भी चटक थीं, उन्हें वह निकालती जा रही थी। उन साड़ियों को दादी के हाथ में देकर वह बोली ,"यह सब साड़ियाँ अब इस उम्र में मुझ पर शोभा नहीं देती। इसे तुम ही पहनो।" 'दादी की भी तो उम्र कम नहीं।'... नंदिनी के चेहरे पे स्मित मुस्कान आ गई । वह सोच में पड़ गई...'रिश्तों की ऐसी खुशबू आजकल कहाँ खो गई है ?'

## बुरा सपना

मैं देख रही हूँ...
सदियों पुरानी इमारतों को
खामोशी से ढहते दरकते हुए
छायादार दरख़्तों
को
ज़मीदोज़ होते हुए
और जिस जगह मैं
खड़ी हूँ
महसूस कर रही हूँ
पाँव के नीचे की
उस जमीन को
धीरे-धीरे गर्म लावे में पिघलते हुए!
मैं देख रही हूँ...
उन परिंदो को
जिन्हें अपनी उड़ान से गान से
अब विरक्ति सी होने लगी है
अपने ही चोंच से वो
अपने परों को कतरने में व्यस्त हैं
में देख रही हूँ
उनके नीले आसमान को
सुनहरे पिंजड़े में बदलते हुए!
मैं महसूस रही हूँ...
खिले हुए फूलों में से
खुशबू की जगह धुँए की गंध
हवा में भी राख की खुशबू है
जैसे..जलाए गए हों
कहीं कागज के पन्ने
और देख रही हूँ पहली बार
शमा की आग में परवानों को नहीं
बल्कि जिंदा इंसानों को जलते हुए..!
आसमान सिमटा
परिंदे...परिंदे न रहे
हवा जहरीली हुई
फूल...फूल न रहे
इंसान भी कहाँ अब इंसान रहे...
मैं देख रही हूँ...
वक्त के साथ-साथ तेजी से
सबको अपनी परिभाषा बदलते हुए..!
या फिर शायद...
मैं देख रही हूँ कोई बुरा सपना..!



सरिता सिंह

## मन के रिश्ते

जाने कितने प्यारे रिश्ते -साथ हमारे
चलते हैं, खुशियों के कुछ पल अपने हों,
दिल से प्यारे लगते हैं
सुख दु:ख के कोमल धागों में ,मन बंधता
है, जाने क्यों, अनजाने पथ के राही भी ,
स्नेह-सहारे लगते हैं।
फुरसत में रहकर भी हम
स्वप्न सृजन के बुनते हैं,
मिट जाते मन के अंधियारे,
सब.उजियारे लगते हैं।
तुम हो साथ अगर मेरे तो
,काँटों से भी प्यार करूँ ,
एकाकी चलना भी जैसे -सब
अनियारे लगते हैं, सरल हृदय बुनता
रहता है,कोई सपना पलकों पर ,
आंसू से भींगे गीतों में -भाव तुम्हारे सजते
हैं , मन-दर्पण में देखा तुमको , जाने
कितने रूपों में, मोहक है हर रूप तुम्हारा,
चाँद-सितारे कहते हैं।




पद्मा मिश्र

# डंके की चोट पर .... कुआँ चला प्यासे के पास



मनीषा सहाय सुमन



## व्यंग्य वचन

यह कहावत तो आपने सुनी होगी कि प्यासा कुँए के पास जाता है, कुआँ प्यासे के पास नही !

पर भैया इस कलियुग में कुछ भी हो सकता है। और ऐसा ही कुछ हिंदी साहित्य के इस छपास युग में संभव हो रहा है। अब हमारी हिंदी इतनी सरल सफल भाषा है कि मुझे यह पढ़ने से ज्यादा लिखने में रूचिकर लगती है और लगे भी क्यों नही मातृभाषा जो ठहरी । माँ की तरह जो चाहो जैसा चाहो व्यवहार करो, मातृत्व के आँचल की छाया का सुख और साथ ही भूख मिटाने का उपाय तो इसकी प्रवृति में ही रचा बसा है। बाकी भाषाओं के बारे में कुछ कहने से बचते हुए मैं हिंदी पर एकाधिकार जमाते हुए,मैं भी छपास समर में कूद पड़ी हूँ ।

व्यंग्य लेखन में वैसे आधी आबादी की स्थिती थोड़ी तंग है क्योंकि उसके अपने हजारों दुखड़े व सुख है बयाँ करने के लिये तो इसमे हाथ आजमाने की कोशिश करना मतलब सीधे एक और पुरुष प्रधान क्षेत्र में घुसपैठ करना है! अब हमारी आदते भी शुरु से कुछ ऐसी ही है कि बिना पंगा लिये चैन भी नही मिलता है!

तो क्या आइये प्रचलित छपासों के मिथक से दो दो हाथ करते हैं ।

ऐसा कई बार कहते सुना गया है कि "आजकल पाठकीय वर्ग का ह्रास देखने को मिलता है । यह वही कहते है जिनके झोली में करीबन दस बीस isbn तो जरूर होगा। लिखने का शौक इस कदर सवार है कि पढ़ना की जरूरत क्या??

और किसी निम्न या नवांकुर रचनाकार को पढ़े इसकी जरूरत भी क्या???

आज फेसबुक के जमाने में बड़े छोटे हो चुके हैं और छोटे रचनाकार बड़प्पन दिखा रहें है। यही कारण है कि वह पढ़ भी रहें हैं और बढ़िया लिख भी पा रहें है। आज पाठक का एक बड़ा वर्ग लेखक वर्ग में बदल चुका है । आज दुनिया में किसी भी युग से ज्यादा पुस्तके छप रहीं हैं और बट भी रहीं हैं। जब लोग लिख ज्यादा रहें है तो बेशक वह कहीं न कहीं तो पढ़ भी रहें होंगे! क्योकि बिना पढ़े लेखन असंभव है!

गुगल महाराज की कृपा सभी पर बनी रहे और हाँ सारी दुविधा का एक हल मोबाइल पर हाथ का अँगूठा अपना कमाल दिखाता रहे, छापने के लिये संपादक के साथ पत्र पत्रिकाएँ खुद ब खुद अब प्यासे के पास आ पहुँचती हैं और यदि आप अब भी इनकी पहुँच से दूर हैं तो एक सरल छपास उपाय अपना लिखा मुखपोथी अथार्त फेसबुक पर एक जबरदस्त तस्वीर के साथ चिपका दें ! छपास का यह हठधर्मी तरीका व्यवहारिक रूप से सफल है। जहाँ कभी कविता तो कभी वनिता की तस्वीर अपना कमाल दिखा ही देती है। अब एक अन्य मिथक "रचना चोरी" का कोहराम फेसबुक पर मचता है ! पर आज के युग में मौलिकता का दावा कहाँ तक उचित है यह प्रश्न खुद से पूछना ही ठीक है। और चलिए किसी नें चुरा भी लिया तो क्या? लेखक तो समाजिक सरोकार बदलाव के लिये एक गंभीर लड़ाई लड़ता रहता है फिर उसकी लेखनी प्रेरणा बन रूप बदल कर दिखे तो चोरी का सवाल नही उठता है। हमसे उपर वाले अपने उपर वाले से प्रेरणा लेते हैं और हम उनसे।

भलाई इसी में है कि चुपचाप से मंचो पर बने रहो , लिखने के शौकीन तरह - तरह की रचना प्रस्तुत करेंगे बस पकापकाया माल तैयार मिल जाएगा , शब्दों की हेरा फेरी या कहें की विषय वस्तु को थोड़ा तोड़ - मरोड़ अपनी कविता कहानी तैयार करो । जहाँ जैसी उपयेगिता दिखाई दे वहाँ उसका प्रयोग कर लो और बस वाहवाही हर तरफ से झोली में । सीखना और सिखाना बहुत दूर की बात , लेखन छिप- छिपाकर करों , पेपर व पत्रिका तक दौड़ो और देखन मंचों पर सुबह- सुबह फेंक मारो कि मैं छप गई ! मै छप गया! अतः यहाँ का माल वहाँ और वहाँ का माल यहाँ ! बड़ी महिमा है इस युग की ,पर इन सभी खींचतान में अपनी हिंदी सरल सीधी बड़ी प्रसन्न नजर आ रही है । हर वर्ग हर क्षेत्र के लोग इसमें पहचान बना रहें है निःसंदेह पत्रकार और साहित्यकार के पंजों में छटपटाती हिंदी अब खुलकर साँस ले पा रही है।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## कलयुग का राम

अरे सुमित्रा ! तू यहाँ अपने काम में व्यस्त है, और देख तेरे रोशन को पुलिस पकड़ कर ले गयी ।"

"दीदी क्या कह रही हो ! मेरे इतने सीधे-साधे बच्चे को पुलिस क्यों पकड़ कर ले जाएगी !"

"यह तो मैं भी नहीं जानती हुआ क्या था, सुना है उसने किसी बड़े गुंडे को मार-मार कर घायल कर दिया। वह गुंडा अस्पताल में पड़ा जीवन मौत की घड़ियाँ गिन रहा है, इसलिए पुलिस हमारे रोशन को पकड़ कर ले गई है।"

बदहवास सी सुमित्रा कुछ पैसे निकालकर घर को ताला बंद कर जल्दी-जल्दी भाग चली पुलिस स्टेशन की ओर। चलते-चलते रोशन का पूरा बचपन उसकी आँखों के समक्ष चलचित्र के समान घूम गया।

एक सड़क दुर्घटना में पति को खोने के बाद लोगों के कपड़ों की सिलाई के साथ-साथ अनेक छोटे-छोटे काम कर अकेले माता-पिता बनकर सुमित्रा ने अपने रोशन का पालन पोषण किया था। रोशन भी अत्यंत मेधावी था साथ ही माता के द्वारा दिए गए संस्कार के कारण वह सभी का सम्मान भी करता था। उसके पड़ोसी हमेशा कहते –

"तुमने इसका नाम रोशन क्यों रखा है, इसका नाम तुम्हें राम रखना चाहिए था।" वह हँसकर कहती –यह मेरे अंधेरे जीवन की रोशनी है।" थाने के लॉकअप में बंद बेटे को देखते ही उसकी आँखें आँसुओं से सराबोर हो गईं । " यह क्या किया तूने रोशन ! तूने उस गुंडे से मारपीट क्यों किया, तेरा भविष्य बर्बाद हो गया। एक बार भी मेरे लिए नहीं सोचा उस गुंडे को इस बुरी तरह मारते हुए ?"

"मैं क्या करता माँ ! वह एक लड़की का अपहरण करके ले जा रहा था, और वह लड़की बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थी। क्या मैं उसे बचाता नहीं ? उसे बचाने के लिए ही मैंने गुंडे को मारना शुरू किया। यदि मैं उसे नहीं मारता तो लड़की को कैसे बचाता ! वह बहुत करुणा भरी आँखों से मुझे देखते हुए कह रही थी –'भैया मुझे बचा लो'।" "तूने एक लड़की को बचाते हुए उसे घायल किया है?'' "हाँ माँ !" "मुझे तुझ पर गर्व है, आज सच में मेरा बेटा राम हो गया! बेटा! यह राम-राज्य नहीं है इसलिए तू जेल में है।"



निर्मला कर्ण

## सावन की संपूर्णता



सावन महीने का नाम सुनते ही मन में हरियाली छा जाती है। शीतल मंद पवन के साथ हल्की फुहारें और चारों तरफ हरीतिमा ही हरीतिमा, ऐसा ही कुछ दृश्य नैनों में उभर कर आता है। कविताओं और कहानियों के माध्यम से सावन को मनभावन बताते हुए उसका इतना मनमोहक वर्णन प्रस्तुत किया गया है कि लगता है इस पावन मास में पृथ्वी की जो सुंदरता होती है, उसके सम्मुख तो शायद स्वर्ग की छवि भी फीकी पड़ जाए। बारिश की फुहारों में भीगते हुए, सखियों के साथ खेलना, हँसी-ठिठोली करते हुए झूले झूलना आदि अनेकों कल्पनाएँ मन में उभर कर आती हैं। श्रृंगार रस के लिए तो यह महीना जैसे सर्वाधिक उपयुक्त ही माना जाता है। मिलन ही नहीं विरह के श्रृंगार के लिए भी इस मास में लिखी गई कविताएँ मन को मोह लेती हैं। "कोयल की कूक के साथ विरहन के दिल की हूक", "बूंदों के जलतरंग के साथ हदय के झंकृत तार", "सावन के झूले और राधे-श्याम के हिंडोले" ..... आदि अनेकों वर्णन मिल जाते हैं हिंदी साहित्य की काव्य परंपराओं में जहाँ सावन अपने रूप-लावण्य के साथ सभी के मन को लुभाते हुए पूर्णतया साकार हो उठता है। लेकिन अब शायद भूमंडलीय उष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का प्रभाव कहें या कुछ और, सावन की यह काल्पनिक तस्वीर सच्चाई से अत्यधिक भिन्न प्रतीत होने लगी है। रवि किरणों का तेज तो जैसे कम होने का नाम ही नहीं लेता है। बारिश होती जरूर है लेकिन एक हठीले और शरारती बच्चे की तरह ही ग्रीष्म ऋतु विदा होने से जैसे मना कर रही हो। या फिर शायद ग्रीष्म ऋतु को भी यह सावन मास अत्यधिक प्रिय लगने लगा है इसीलिए वर्षा ऋतु के साथ शायद उसकी प्रतिस्पर्धा चल रही है कि इस पावन मास का आनंद कौन लेगा?



रुणा रश्मि 'दीप्त'

लेकिन ऋतुओं की इस प्रतिस्पर्धा में मानव मन और तन अवश्य ही विकल हो जाता है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो सदियों से चली आ रही है इस मास की जो मनमोहक छवि है, वह शायद धूमिल ही हो जाएगी।

अगर इस मास का आनंद इसकी संपूर्णता के साथ लेना है तो हम मनुष्यों को ही इसके लिए प्रयास करना होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं पर थोड़ा सा अंकुश लगाते हुए अपनी आदतों में कुछ परिवर्तन लाने होंगे जिससे प्रकृति खुशहाल हो सके और हमें हर ऋतु का आनंद उसकी संपूर्णता के साथ मिल सके, जैसा कि उस विशेष ऋतु का चित्र साहित्यकार प्रस्तुत करते आ रहे हैं।

## आज का दोहा

मेघा बरसे हैं मगर, बहुत दिनों के बाद।
धरती हरियायी वहीं, जहाँ वृक्ष आबाद।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अमरनाथ यात्रा : 1.63 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी। श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा ने आस्था और भक्ति का एक नया इतिहास रच दिया है। 3 जुलाई से शुरू हुई इस पवित्र यात्रा में अब तक 1.63 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। इसके साथ ही शनिवार को जम्मू से 6,639 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ।

इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यह यात्रा पहलगाम हमले के बाद हो रही है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। 180 अतिरिक्त सीएपीएफ कंपनियों को सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत बढ़ाने के लिए लाया गया है। जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से गुफा मंदिर तक के पूरे रास्ते और दोनों आधार शिविरों के रास्ते में सभी पारगमन शिविरों को सुरक्षा बलों ने सुरक्षित कर लिया है। सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की 180 अतिरिक्त कंपनियां लाई गई हैं। पूरे मार्ग को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वाले लोग चंदनवाड़ी, शेषनाग और पंचतरणी से होकर गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं और 46 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हैं।तीर्थयात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं। वहीं, छोटे बालटाल मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है और यात्रा पूरी करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौटना पड़ता है।

## 3 जुलाई से यात्रा शुरू तीर्थयात्रा के लिए सख्त सुरक्षा इंतजाम



अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक 1.63 लाख लोग बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। आज 6,639 तीर्थयात्रियों का एक और समूह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों के साथ कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने कहा कि 2,337 यात्रियों को लेकर 116 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला तड़के 2.50 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ, जबकि 4,302 यात्रियों को लेकर 161 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला तड़के 3.55 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। पहलगाम में गुरुवार को 'छड़ी मुबारक' (भगवान शिव की पवित्र गदा) का भूमि पूजन किया गया।

## कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक इंतजाम, पुलिस ने बनाए 5 कंट्रोल रूम और 10,000 'कांवड़ मित्र'




**गाजियाबाद।** सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है और गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि जिले में 85 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा और सुविधा के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने कांवड़ मार्ग को 124 बीट में विभाजित किया है, प्रत्येक बीट की लंबाई 700-800 मीटर है। हर बीट में एक सब-इंस्पेक्टर की अगुवाई में चार पुलिसकर्मी तैनात हैं, जो दिन-रात ड्यूटी पर रहकर समस्याओं का तुरंत समाधान करेंगे। इसके अलावा, 10,000 कांवड़ मित्र नियुक्त किए गए हैं, जो पुलिस के साथ मिलकर कांवड़ियों की मदद करेंगे। ये कांवड़ मित्र कांवड़ियों की सुविधा और यात्रा को निर्बाध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कांवड़ मार्ग की निगरानी के लिए गाजियाबाद में पांच मुख्य कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिनमें मेरठ तिराहा और तीनों जोनल कंट्रोल रूम शामिल हैं। इनके अधीन अस्थायी उप-कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं, जैसे राज चौपला, निवाड़ी रोड और एनएच-9 चौराहा। इन कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से पूरे मार्ग पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। दूधेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## राहुल गांधी को ज्ञान नहीं, जो उन्हें लिखकर दिया जाता है, वही बोलते हैं : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी। भुवनेश्वर**



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ओडिशा की संस्कृति का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को कोई ज्ञान नहीं है। वह आमतौर पर जनसभा में वही बोलते हैं, जो उन्हें लिखकर दिया जाता है।उन्हें उस विषय वस्तु के बारे में तनिक भी जानकारी नहीं होती है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी ने ओडिशा की जनता और उनकी पार्टी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान के लिए माफी मांगने की बजाय अहंकार दिखाया।उन्होंने कहा, "राहुल गांधी को ओडिशा की संस्कृति और परंपराओं का कोई ज्ञान नहीं है। ओडिशा में जब कोई बड़ा नेता या राष्ट्रपति जैसे सम्मानित व्यक्ति आते हैं, तो उन्हें भगवान जगन्नाथ का पवित्र वस्त्र भेंट किया जाता है। यह हमारी परंपरा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, रामनाथ कोविंद और गृहमंत्री अमित शाह ने सम्मान दिया। लेकिन, राहुल गांधी ने इस परंपरा का अपमान किया।" उन्होंने कहा, "राहुल गांधी को ओडिशा की भाषा, साहित्य और सभ्यता की कोई समझ नहीं है। वे सिर्फ नाटक करते हैं। उनकी बातों में कोई दम नहीं है।"उन्होंने राहुल गांधी की तुलना एक ऐसे व्यक्ति से की, जिसकी "पढ़ाई कम, लेकिन स्कूल बैग बड़ा" है,।

### राधिका यादव हत्याकांड

## पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, पूर्व कोच से बातचीत सामने आई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राधिका हत्याकांड में एक नए घटनाक्रम में, आरोपी पिता दीपक यादव को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह घटना गुरुग्राम के सेक्टर 57 स्थित सुशांत लोक स्थित परिवार के दोमंजिला घर में हुई, जहाँ 25 वर्षीय राधिका की उसके 49 वर्षीय पिता ने कथित तौर पर नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, राधिका एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। जांचकर्ताओं ने पहले कहा था कि दीपक अपनी बेटी की कमाई पर पलने-बढ़ने के कारण उपहास किए जाने से शर्मिंदा और परेशान था, जिसकी वजह से घर में तनाव बढ़ सकता है। पुलिस के अनुसार, कई संपत्तियों से स्थिर किराये की आय होने और राधिका पर आर्थिक रूप से निर्भर न होने के बावजूद, दीपक पिछले कुछ हफ़्तों से अवसादग्रस्त था। माना जा रहा है कि अपनी बेटी की सफलता को लेकर चल रहे भावनात्मक तनाव और कथित तानों ने इस दुखद घटना में भूमिका निभाई।

## आज का राशिफल

**मेष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**वृष :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**तुला :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**धनु :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुंभ :** होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

### एयरलाइन पायलट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एएआईबी रिपोर्ट पर उठाये सवाल, कहा-

# रिपोर्ट हुई लीक, जांच में पारदर्शिता नहीं

**एजेंसी। अहमदाबाद**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शनिवार आधी रात के कुछ ही देर बाद एयर इंडिया फ्लाइट 171 दुर्घटना की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की। जाँच ब्यूरो ने एयर इंडिया B787-8 विमान दुर्घटना पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि जेट ईंधन स्विच 'हवा में 1 सेकंड के अंतराल पर बंद हो गए', एक पायलट को यह कहते हुए सुना गया कि 'मैंने ईंधन बंद नहीं किया'। नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने ज़ोर देकर कहा है कि 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जाँच रिपोर्ट में केवल प्रारंभिक निष्कर्ष हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाँच दल ने सराहनीय काम किया है। हम एआईबीबी (विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो) के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो। हमें उम्मीद है कि अंतिम रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी ताकि हम किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकें। वहीं अब जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर, एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भी अपना बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा, "जांच का लहजा और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं और निष्पक्ष, तथ्य-आधारित जांच पर ज़ोर देते हैं।"रिपोर्ट बिना किसी ज़िम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया में लीक कर दी गई।



### अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर एएआईबी की जांच रिपोर्ट

## पायलटों की आखिरी बातचीत ने दिया नया मोड़

**अहमदाबाद।** विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (एएआईबी) ने शनिवार आधी रात के कुछ देर बाद एयर इंडिया फ़्लाइट 171 दुर्घटना की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कॉकपिट की नाटकीय आवाज़ों की रिकॉर्डिंग सामने आई है जिसमें एक पायलट को एहसास हुआ कि उड़ान भरते समय दोनों इंजनों का ईंधन बंद हो गया था, जबकि उसके सहयोगी ने इस बात से इनकार किया कि उसने ऐसा किया था। 260 लोगों की जान लेने वाली इस दुर्घटना के ठीक एक महीने बाद प्रकाशित 15-पृष्ठों की यह रिपोर्ट, दशकों में भारत की सबसे भीषण विमानन दुर्घटना के अंतिम क्षणों का पहला आधिकारिक विवरण प्रस्तुत करती है और एक साथ दो इंजनों के फेल होने के कारणों को लेकर नए सवाल खड़े करती है।

### जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट कई संदेह छोड़ती है

जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर, एयर मार्शल संजीव कपूर (सेवानिवृत्त) कहते हैं, 'कल रात आई प्रारंभिक रिपोर्ट, मेरी राय में, कई संदेह छोड़ती है। इंजन क्यों फेल हुए? पायलट ने मेडे कॉल दिया है, जो पायलट द्वारा गंभीर आपात स्थिति में दिया जाता है। आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) इंगित करता है कि संपूर्ण विद्युत और संपूर्ण इंजन दोनों फेल हो गए हैं। 787 मैनुअल की समीक्षा करने पर, मैंने देखा कि जब दोनों इंजन बंद हो गए हैं, तो लीवर को पुन: आरंभ करने के लिए मैन्युअल रूप से हिलाना होगा। मेरी राय में, पायलट उड़ान भर रहे हैं और इंजन फेल हो गए हैं, और मेडे कॉल देने के बाद इस छोटी अवधि में, उन्होंने इंजन को पुन: आरंभ करने का प्रयास किया है'

### जांच में पारदर्शिता का अभाव है

जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर, एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा, 'जांच का लहजा और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं और निष्पक्ष, तथ्य-आधारित जांच पर ज़ोर देते हैं।' रिपोर्ट बिना किसी ज़िम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया में लीक कर दी गई। जांच में पारदर्शिता का अभाव है क्योंकि जांच गोपनीयता में लिपटी हुई है, जिससे विश्वसनीयता और जनता का विश्वास कम हो रहा है। योग्य, अनुभवी कर्मियों, खासकर लाइन पायलटों को अभी भी जांच दल में शामिल नहीं किया जा रहा है।

### रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि दोनों इंजन बंद हो गए

रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दोनों इंजन बंद हो गए और इंजन 1 और इंजन 2 के ईंधन कटऑफ स्विच एक सेकंड के भीतर ही RUN से CUTOFF में बदल गए। एएआईबी के अनुसार, दुर्भाग्यपूर्ण विमान के दोनों इंजनों में शुरुआती गतिरोध के बाद क्षणिक सुधार हुआ, लेकिन अंततः वे स्थिर नहीं हो पाए। इस दुर्घटना में अंततः 260 लोगों की मौत हो गई।

### एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) ने 12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया B787-8 विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया, 'ड्रोन फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी सहित मलबा स्थल की गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं और मलबे को हवाई अड्डे के पास एक सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया है। दोनों इंजनों को मलबा स्थल से निकालकर हवाई अड्डे के एक हैंगर में अलग रखा गया है। आगे की जांच के लिए आवश्यक घटकों की पहचान कर उन्हें अलग रखा गया है। विमान में ईंधन भरने के लिए इस्तेमाल किए गए बोसर और टैंकों से लिए गए ईंधन के नमूनों का DGCA की प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया और वे संतोषजनक पाए गए। एपीयू फ़िल्टर और बाएं पंख के रिफ्यूल/जेटसन वाल्व से बहुत सीमित मात्रा में ईंधन के नमूने प्राप्त किए जा सके। इन नमूनों का परीक्षण एक उपयुक्त सुविधा में किया जाएगा।

### एयर इंडिया हादसे की रिपोर्ट प्रारंभिक, जल्दबाज़ी न करें: उड्डयन मंत्री

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने ज़ोर देकर कहा है कि 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जाँच रिपोर्ट में केवल प्रारंभिक निष्कर्ष हैं। शनिवार को आई रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने विशाखापत्तनम में पत्रकारों से कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाँच दल ने सराहनीय काम किया है। हम एआईबीबी (विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो) के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो। हमें उम्मीद है कि अंतिम रिपोर्ट जल्द ही आ जाएगी ताकि हम किसी निष्कर्ष पर पहुँच सकें। राम मोहन नायडू ने कहा कि मैं सचमुच मानता हूं कि पायलटों और चालक दल के मामले में हमारे पास पूरी दुनिया में सबसे शानदार कार्यबल है। एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे और इसके बाद पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, जिसके कुछ ही सेकंड बाद विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने ईंधन क्यों बंद किया, तो जवाब मिला कि उसने ऐसा नहीं किया। इसी वर्ष 12 जून को बोइंग 787 विमान से जुड़ी इस दुर्घटना में 260 लोगों की मौत हो गई थी। विमान में सवार 242 व्यक्तियों में से केवल एक ही जीवित बचा था।



विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा शनिवार को जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया कि विमान के ऑपरेटरों के लिए फिलहाल कार्रवाई की कोई सिफारिश नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जब विमान ने उड़ान भरी, उस समय सह-पायलट विमान उड़ा रहा था और कप्तान निगरानी कर रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है, "विमान ने भारतीय समयानुसार अपराह्न एक बजकर 38 मिनट 42 सेकंड पर अधिकतम दर्ज की गई गति 180 नॉट्स आईएएस हासिल की और एक सेकंड बाद ही इंजन-1 और इंजन-2 के ईंधन 'कटऑफ स्विच' क्रमशः रन' से कटऑफ' स्थिति में चले गए।

### उत्तराखंड में फर्जी साधुओं पर शिकंजा

## देहरादून-हरिद्वार में पकड़े गए 30 से ज्यादा ढोंगी, एक बांग्लादेशी भी शामिल

**एजेंसी। उत्तराखंड**

उत्तराखंड में ढोंगी साधुओं के खिलाफ अभियान ऑपरेशन कालनेमि जोर-शोर से चल रहा है। शुक्रवार को देहरादून में एक बांग्लादेशी समेत 25 ढोंगी बाबाओं को पकड़ा गया। हरिद्वार पुलिस ने इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए धर्मनगरी में 13 फर्जी बाबाओं को पकड़ा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने ऑपरेशन कालनेमि का स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उत्तराखंड में ऑपरेशन कालनेमि के आदेश दिए। राजधानी देहरादून में ऑपरेशन कालनेमि के पहले दिन 25 फर्जी बाबाओं को पकड़ा गया।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि ऑपरेशन 'कालनेमि' के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 50 से ज़्यादा ऐसे कालनेमि (फर्जी बाबा) गिरफ्तार किए जा चुके हैं।इनमें 7-8 ऐसे लोग भी हैं जो बाबा का वेश धारण किए दूसरे धर्मों के हैं। ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है और कार्रवाई की जा रही है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने इस अखबार को बताया कि इस अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों में साधुओं और संतों के वेश में घूम रहे संदिग्धों की पहचान की गई। एसएसपी सिंह ने कहा कि मैं खुद नेहरू कॉलोनी गया और इन लोगों से पूछताछ की। चूँकि उनके पास ज्योतिष या आध्यात्मिक मार्गदर्शन का कोई प्रमाण पत्र नहीं था, इसलिए उन्हें जनता को धोखा देने का दोषी माना गया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## वन विभाग का लिपिक 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एसीओ) ने मथुरा में शुक्रवार को वन विभाग के प्रधान लिपिक को पेट्रोल पंप लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के नाम पर कथित रूप से पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आगरा से आई एसीओ की टीम ने आरोपी के खिलाफ जमुना पार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर उसे अपने साथ ले गई है। उसे शनिवार को मेरठ में भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

## पीर पंजाल में 50 आतंकियों की तलाश अमरनाथ यात्रा हेतु 'ऑपरेशन शिव' शुरू

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पीर पंजाल पर्वतीय क्षेत्र और इसके दक्षिणी भागों में सुरक्षा बलों ने एक व्यापक और सुनियोजित आतंकवाद-विरोधी अभियान शुरू कर रखा है।इस अभियान का उद्देश्य, लगभग 40–50 आतंकवादियों का पता लगाना और उन्हें निष्क्रिय करना है, जो कि क्षेत्र में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं। हम आपको बता दें कि उधमपुर, रेयासी, डोडा और किश्तवाड़ जिलों में करीब 30 जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी सक्रिय बताए जा रहे हैं। राजौरी और पुंछ जिलों में 15–20 अन्य आतंकी मौजूद हैं। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, इन आतंकवादियों में से 80–85% पाकिस्तानी नागरिक हैं, जो घाटी में घुसपैठ कर छिपे हुए हैं। सुरक्षा बलों ने इन आतंकियों को पकड़ने और उनके ठिकानों को खत्म करने के लिए बहु-स्तरीय रणनीति अपनाई है। आतंकियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन और निगरानी विमान तैनात किए गए हैं।इसके अलावा, आतंकियों को सीमा पार से मिलने वाली हथियार और सामान की हवाई आपूर्ति को रोकने के लिए एंटी-ड्रोन तकनीक सक्रिय की गई है।

### विधानसभा चुनाव | चुनाव से पहले नीतीश सरकार का मास्टरस्ट्रोक

# बिहार में अब 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की तैयारी

- ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव को वित्त विभाग से मंजूरी मिल चुकी है

**एजेंसी। पटना**

बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले, नीतीश सरकार मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए नई-नई योजनाओं का ऐलान कर रही है। पिछले दिनों पेंशन में बढ़ोतरी की गई थी। अब, बिहार सरकार ने मुफ्त बिजली देने की तैयारी में है। यह फैसला सीधे तौर पर आम लोगों की जेब पर असर डालेगा, पैसों की बचत होगी। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि यह सुविधा केवल घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाएगी। चुनाव से पहले इसे नीतीश कुमार का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।

बिहार सरकार ने हर परिवार को 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना तैयार की है। ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव को वित्त विभाग से मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है कि जल्द ही यह प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष लाया जाएगा। इस चुनावी साल में नीतीश सरकार बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। राज्य सरकार 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना पर विचार कर रही है, जिसका सीधा फायदा लाखों परिवारों को होगा। इससे उपभोक्ताओं को हर महीने सैकड़ों रुपये की बचत होगी और उनकी जेब पर महंगाई का बोझ भी कम होगा। इस योजना पर अंतिम फैसला कैबिनेट की बैठक में लिया जाएगा। अगर इस योजना को मंजूरी मिल जाती है, तो जल्द ही राज्य में इसकी घोषणा की जा सकती है। माना जा रहा है कि इस योजना से उन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें हर महीने बिजली का बिल चुकाना मुश्किल होता है। उल्लेखनीय है कि बिहार में 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं और राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।



### पेंशनधारियों के खातों में पहुंचे पैसे

**भागलपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 1,11,19,949 पेंशनधारियों के खातों में 12,27,27.38 लाख रुपए का हस्तांतरण डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भागलपुर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के श्रम संसाधन मंत्री सह भागलपुर के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। जिसे अब बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ी हुई राशि जून 2025 से प्रभावी होगी।

# केएल राहुल का शतक भारत का स्कोर- 254/4



**लॉर्ड्स,** । इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के प्रथम सत्र की समाप्ति पर भारतीय टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 248 रन बना लिए हैं। केएल राहुल ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक लगा दिया है। भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल तीन विकेट पर 145 रन से शुरू किया। राहुल और पंत ने पहला सत्र बेहतरीन तरीके से खेला। दोनों ने रन भी बनाए और विकेट भी बचाया। लेकिन सत्र के आखिरी ओवर में दोनों बल्लेबाजों के बीच गलतफहमी हो गई, जिसका खामियाजा पंत को रन आउट के रूप में भुगतना पड़ा। अंगुली की चोट से जूझ रहे पंत ने इस बार भी बढ़िया पारी खेली। उन्होंने 112 गेंद में 2 छक्के और 8 चौके की मदद से 74 रन बनाए। पंत ने चौथे विकेट के लिए राहुल के साथ 141 रन की अहम साझेदारी की। लंच तक केएल राहुल 171 गेंद पर 98 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने दूसरे सेशन की शुरुआत में आर्चर की गेंद पर अपना शतक पूरा किया। राहुल ने 176 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से यह पारी खेली। यह टेस्ट क्रिकेट में राहुल का 10वां और इस दौरे का दूसरा शतक है। राहुल दूसरे दिन के आखिरी सत्र से बल्लेबाजी कर रहे हैं। अपनी बल्लेबाजी के दौरान राहुल ने धैर्य और संयम का परिचय दिया है और एक छोर को मजबूती से संभालकर रखा है। भारत को अगर पहली पारी में इंग्लैंड पर बढ़त बनानी है, तो राहुल बड़ी शतकीय पारी खेलनी होगी।

## जोटा के निधन से दुखी हुए मोहम्मद सिराज



**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पुर्तगाल और लिवरपूल के फॉरवर्ड डियोगा जोटा के निधन से बेहद दुखी हैं। मोहम्मद सिराज मानते हैं कि जिंदगी की कोई गारंटी नहीं होती। हमें यह नहीं पता होता कि कल क्या होने वाला है। शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दौरान जब लंच के बाद सिराज ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ को आउट किया, तो अपने हाथों से नंबर-20 का इशारा किया। यह जोटा की लिवरपूल जर्सी का नंबर है। जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा गुरुवार को कार हादसे में अपनी जान गंवा बैठे थे। यह दुर्घटना स्पेन के जमोरा प्रांत में हुई। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर सिराज का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा, "डियोगा जोटा के निधन के बारे में जानकर मैं भावुक हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### लिवरपूल ने डियोगो जोटा की 'जर्सी नंबर 20' को रिटायर किया



**लिवरपूल।** लिवरपूल ने डियोगो जोटा के सम्मान में सभी स्तरों पर 'जर्सी नंबर 20' को रिटायर करने का ऐलान किया है। 28 वर्षीय डियोगो जोटा ने तीन जुलाई को कार दुर्घटना में अपनी जान गंवाई थी। प्रीमियर लीग चैंपियन ने बयान में कहा, "इस जर्सी नंबर को उन्होंने गर्व के साथ पहनकर हमें अनगिनत जीत दिलाईं। डियोगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब के 'नंबर 20' रहेंगे। यह कदम न केवल बीते पांच वर्षों में रेड्स की मैदान पर सफलताओं में पुर्तगाल के हमारे इस खिलाड़ी के अथाह योगदान को दर्शाता है, बल्कि साथियों, सहकर्मियों और समर्थकों पर उनके गहरे प्रभाव को भी साबित करता है।" स्पेन के जमोरा प्रांत में हुए कार हादसे में जोटा के साथ उनके भाई आंद्रे सिल्वा भी अपनी जान गंवा बैठे थे। स्पेनिश पुलिस के अनुसार, तेज गति से गाड़ी चलाते समय जोटा की कार सड़क से उतर गई और टायर फटने के बाद गाड़ी में आग लग गई। एफएसजी फुटबॉल के सीईओ माइकल एडवर्ड्स ने कहा, "एक क्लब के रूप में हम सभी अपने समर्थकों की भावनाओं से अच्छी तरह वाकिफ थे। हमने भी बिल्कुल वैसा ही महसूस किया।

#### ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज

### सीरीज गंवाने के बाद सम्मान बचाने उतरेगी कैरेबियाई टीम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच शनिवार देर रात तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना चुका है। ऐसे में जमैका में खेला जाने वाला सीरीज का यह अंतिम टेस्ट मैच मेजबान टीम के लिए सम्मान की लड़ाई होगा। यह 'पिंक बॉल टेस्ट' मैच है, जो भारतीय समयानुसार शनिवार देर रात शुरू होगा। गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। ऐसे में कैरेबियाई टीम के सामने बड़ी चुनौती है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट को 159 रन से अपने नाम किया था। ग्रेनेडा में खेले गए दूसरे मुकाबले को 133 रन से जीतकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से इस सीरीज में ट्रेविस हेड ने चमक बिखेरी है, जिन्होंने चार पारियों में 47 की औसत के साथ 188 रन बनाए हैं। हेड सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## भारत-इंग्लैंड टी20 सीरीज



### टीम इंडिया के खिलाफ अपने ही घर पर सम्मान की लड़ाई लड़ेगी इंग्लिश महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच शनिवार को एजबेस्टन में टी20 सीरीज का पांचवां मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया पांच मुकाबलों की इस सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना चुकी है। ऐसे में मेहमान टीम इस मुकाबले में अपनी बेंच स्ट्रेंथ को परख सकती है। टीम इंडिया ने सीरीज का पहला मैच 97 रन से जीता था, जिसके बाद अगले मुकाबले को 24 रन से अपने नाम किया। इंग्लैंड की टीम ने लंदन में खेले गए सीरीज के तीसरे मैच को पांच रन से जीतकर इंग्लिश फैंस की उम्मीदों को जरूर जगाया, लेकिन अगले मैच को छह विकेट से गंवाकर मेजबान टीम सीरीज से हाथ धो बैठी। भारत को इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर के अलावा स्मृति मंधाना, अमनजोत कौर, हरलीन देओल से बल्लेबाजी में खासा उम्मीदें होंगी, जबकि गेंदबाजी में श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और राधा यादव मैच को पलटने का माद्दा रखती हैं। वहीं, इंग्लैंड की टीम को टैमी ब्यूमोंट, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन बेल और लॉरेन फाइलर से खासा उम्मीदें होंगी। भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच साल 2006 से अब तक कुल 34 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें इंग्लैंड ने 23 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि 11 मैच भारतीय टीम जीत चुकी है। भारत-इंग्लैंड के बीच पांचवें टी20 मैच की शुरुआत भारतीय समय के अनुसार रात 11 बजकर पांच मिनट से होगी।

## फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज



पुरुष सिंगल्स का फाइनल रविवार को होगा

**लंदन।** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को चार सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के कार्लोस अल्काराज को पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन, अंत में अल्काराज ने मैच अपने नाम कर लिया। हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूट गया। 2009 में एंडी रोडिक आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराया। यह उनकी लगातार 24वीं जीत है। पहला सेट अल्काराज ने जीता, और दूसरा सेट फ्रिट्ज ने जीतकर बराबरी की कोशिश की। लेकिन, तीसरा सेट जीतकर अल्काराज ने फिर से बढ़त बना ली। चौथा सेट सबसे रोमांचक साबित हुआ, जिसका समापन टाई-ब्रेक में हुआ, जहां फ्रिट्ज ने 6/4 की बढ़त बना ली। दो सेट पॉइंट के बाद निर्णायक सेट हुआ।

### ओवरों की सीरीज से बाहर पैट कमिंस



**किंग्स्टन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज का फोकस इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज की तैयारी पर है। पैट कमिंस को पहले ही मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में आराम दिया गया था। कमिंस गर्मियों में घरेलू मुकाबलों की तैयारी के लिए फिटनेस पर फोकस करेंगे। वहीं, जोश हेजलवुड पहले टीम में शामिल थे, लेकिन अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वह स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह जेवियर बार्टलेट को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, जोश हेजलवुड अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं।

### फाइनल में एमआई न्यूयॉर्क



**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने शनिवार को क्वालीफायर-2 में टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ सात विकेट से दमदार जीत दर्ज की। अब खिताबी मैच में एमआई न्यूयॉर्क का सामना वाशिंगटन फ्रीडम से होगा। यह मैच 14 जुलाई को खेला जाना है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने पांच विकेट खोकर 166 रन बनाए। टीम ने 29 के स्कोर पर समित पटेल (9) के रूप में अपना अहम विकेट गंवा दिया। इसके बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने मोर्चा संभाला।

### क्राइस्टचर्च में सर्जरी के बाद मयंक यादव जल्द शुरू करेंगे रिहैब



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में अपनी पीठ की समस्या के सफल ऑपरेशन के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव जल्द बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब शुरू कर सकते हैं। आईएएनएस को मिली जानकारी के मुताबिक, मयंक पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में सर्जरी कराकर भारत वापस आ गए हैं। डॉ. स्काउटन के नेतृत्व में सर्जरी एल5 वर्टिब्रा, बाएं और दाएं दोनों तरफ की गई। बुनियादी उपचार चरण पूरा होने के बाद, मयंक आने वाले हफ्तों में सीओई में व्यापक पुनर्वास शुरू कर सकते हैं। उनके ठीक होने और पुनर्वास के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है। बीसीसीआई उनके मामले में कोई जल्दीबाजी नहीं करना चाहती। स्काउटन ने इससे पहले 2023 में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की पीठ संबंधी समस्याओं का सफल ऑपरेशन किया था। इसके अलावा, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ और जेम्स पैटिंसन की भी इसी तरह की सर्जरी की थी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### अजमेरा रियल्टी ने पहली तिमाही में बिक्री मूल्य में 65 प्रतिशत की गिरावट की दर्ज

**मुंबई।** अजमेरा रियल्टी ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अपने बिक्री प्रदर्शन में सालाना और तिमाही दोनों आधार पर भारी गिरावट दर्ज की है। रियल एस्टेट कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि पहली तिमाही में कंपनी का बिक्री मूल्य 108 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 306 करोड़ रुपए की तुलना में 65 प्रतिशत कम है। बेचे गए कार्पेट एरिया के संदर्भ में, अजमेरा रियल्टी ने अप्रैल-जून की अवधि में 63,244 वर्ग फुट की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 1,30,801 वर्ग फुट से 52 प्रतिशत कम है। क्रमिक रूप से, बिक्री मूल्य भी वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 250 करोड़ रुपए से 57 प्रतिशत कम रहा।

## भारत का स्वर्ण भंडार 34.2 करोड़ डॉलर बढ़ा, विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर पर : आरबीआई

- चार जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा

नवीन मेल संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार सप्ताह के दौरान 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोने के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर हो गए।

इसके अतिरिक्त, आंकड़ों के अनुसार, आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया। भंडार में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही है।

आरबीआई ने कहा कि 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। शुक्रवार को भारत में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई और चांदी की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 465 रुपए बढ़कर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक दिन पहले 97,046 रुपए थी।

> वैश्विक स्तर पर भी कीमती धातुओं में तेजी देखी गई। सोना 1.01 प्रतिशत बढ़कर 3,358 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.92 प्रतिशत बढ़कर 38.40 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार शुल्कों को लेकर नई चिंताओं को सोने जैसी सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की ओर रुझान का मुख्य कारण बता रहे हैं।

### अनुकूल कृषि उत्पादन और महंगाई में कमी से वित्त वर्ष 2026 में ग्रामीण उपभोग को समर्थन मिलेगा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** आयकर के बोझ में हालिया कमी, मुद्रास्फीति में नरमी, कम ब्याज दरें और कृषि उत्पादन के लिए अनुकूल परिदृश्य से भारत में ग्रामीण आय और समग्र उपभोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। निजी अंतिम उपभोग व्यय भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत है, इसलिए इसका भारत के समग्र विकास परिदृश्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में वृद्धि के लिए उपभोग में निरंतर सुधार भी महत्वपूर्ण है। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है, "हमें वित्त वर्ष 2026 में निजी उपभोग में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, जबकि पिछले तीन वर्षों में यह औसतन 6.7 प्रतिशत रही है। दीर्घावधि में, निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए घरेलू आय को प्रभावित करने वाले कारकों पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा।" हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में समग्र उपभोग वृद्धि स्वस्थ रही है।

### भारत की लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री 3-5 वर्षों में 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने संशोधित सरेंडर वैल्यू नियमों, कम क्रेडिट लाइफ सेल्स और ग्रुप सिंगल प्रीमियम के प्रभाव के बीच जून में 41,117.1 करोड़ रुपए के नए बिजनेस प्रीमियम रजिस्टर किए। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री अगले तीन से पांच वर्षों में 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी , जो प्रोडक्ट इनोवेशन के साथ-साथ सहायक नियमों, तेज डिजिटलीकरण, प्रभावी वितरण और बेहतर ग्राहक सेवाओं के कारण संभव होगा। जून में, एनुअल प्रीमियम इक्विवेलेंट (एपीई) में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 20.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी वृद्धि दर है। रिपोर्ट के अनुसार, एपीई के संदर्भ में, इंडस्ट्री जून 2023 और जून 2025 के बीच 11.0 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ी। इस अवधि के दौरान, निजी बीमा कंपनियों की वृद्धि दर 15.4 प्रतिशत रही। केयरएज रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर सौरभ भालेराव ने कहा, "पहली तिमाही आमतौर पर जीवन बीमा क्षेत्र के लिए एक धीमी अवधि होती है, क्योंकि यह वित्त वर्ष के अंत के बाद आती है।

### 2026 में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 10 प्रतिशत तक बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** आईसीआरए की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में भारत के घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 7-10 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट में देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2026 में 15-20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है; हालांकि, हालिया भू-राजनीतिक चिंताओं को देखते हुए यह निगरानी योग्य बना हुआ है। जून 2025 के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 138.7 लाख अनुमानित है, जो जून 2024 के 132.1 लाख से 5.1 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, क्रमिक आधार पर इसमें 1.3 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई। जून 2025 में एयरलाइनों की कैपिसिटी डिप्लॉयमेंट जून 2024 की तुलना में 4.9 प्रतिशत अधिक थी। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के लिए घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 422.4 लाख थी, जो सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मई 2025 के लिए भारतीय वाहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 29.7 लाख थी, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 के पहले दो महीनों के लिए, भारतीय वाहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 59.8 लाख रही, जो सालाना आधार पर 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। फिर भी, रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक कुल यात्रियों की संख्या और मूल्य निर्धारण स्थिर रहे हैं। भारतीय विमानन उद्योग के बारे में आईसीआरए का दृष्टिकोण स्थिर है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, उभरते भू-राजनीतिक और परिचालन संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियां जैसे इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें , भारतीय विमानन कंपनियों के लिए ईरान और पाकिस्तान के ऊपर हवाई क्षेत्र का बंद होना, हालिया विमान दुर्घटना के बाद बीमा प्रीमियम में संभावित वृद्धि और यात्रा करने में संभावित हिचकिचाहट संभावित नकारात्मक जोखिमों पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है।

## चुनाव ड्यूटी को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण सम्पन्न



- बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा- कार्य में दिखे निष्ठा व पूर्ण तत्परता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत मतदान केंद्र संख्या 214 से 261 तक के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। यह आयोजन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बीडीओ तिवारी ने बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण के उद्देश्य, प्रक्रिया और उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रोटोकॉल, विशेष पोशाक अनुशासन, टेलीफोन शिष्टाचार और कार्य निष्पादन की पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि चुनाव से जुड़े कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से एक-एक बिंदु पर चर्चा की गई और उपस्थित बीएलओ की शंकाओं का समाधान किया गया। इस मौके पर निर्वाचन कर्मी अतुल कुमार, पवन कुमार यादव, ऑपरेटर चंदन कुमार, बीएलओ सरिता देवी, सुशीला देवी, निशा राज, पूनम देवी, फुद्दू देवी, भारती देवी, ललिता देवी, गीता देवी, विमला देवी, उर्मिला देवी, गायत्री देवी, ब्रिजिट बारला, सितारा देवी, सिंधुबाला देवी, आरती देवी, मिनी देवी, उषा कुमारी समेत अनेक कर्मी उपस्थित थे।

# लातेहार नगर पंचायत की बड़ी कार्रवाई, अवैध आरओ प्लांट सील

- स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए की गई पहल से अन्य संचालकों में मची हलचल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार द्वारा शनिवार को अवैध रूप से चल रहे आरओ प्लांट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में करकट मुहल्ला निवासी मो. सुल्तान खान के घर संचालित आरओ संयंत्र को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, उक्त संयंत्र बिना नगर पंचायत से निबंधन कराए निजी आवासीय परिसर में संचालित किया जा रहा था, जो कि पेयजल आपूर्ति नियमों और नगर निकाय के मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्रवाई के दौरान नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, विधि सहायक मुकेश प्रसाद, सेनेटरी सुपरवाइजर अशफाक अंसारी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद थे। नगर पंचायत अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस तरह के अवैध संयंत्रों की जांच की जाएगी और बिना लाइसेंस के चल रहे सभी प्लांटों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ऐसे आरओ प्लांट जो बिना टीडीएस जांच और जल गुणवत्ता की पुष्टि के जल आपूर्ति कर रहे हैं, वे आमजन के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकते हैं। नगर प्रशासन की इस कार्रवाई से शहर में संचालित अन्य आरओ प्लांट संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात से युवक की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मोंगर पंचायत के घुटुवा गांव में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश गंझू के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेश गंझू छह माह के बाद अपने गांव लौट रहा था। शुक्रवार की सुबह वह जैसे ही लातेहार क्षेत्र में दाखिल हुआ तभी जिले में तेज बारिश और वज्रपात शुरू हो गई। दोपहर करीब 3:30 बजे सेमरी फील्ड के समीप एक पेड़ के नीचे वह बारिश से बचने के लिए रुका, इसी दौरान जोरदार वज्रपात हुई और वह उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के पुरना सिबला मे शनिवार को सरना क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन वरिष्ठ पत्रकार संजय राम, वार्ड सदस्य दिले उरांव, महेंद्र उरांव, अनिल ठाकुर, कपिल उरांव, सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बॉल को किक मारकर किया। सर्वप्रथम पंकरी बनाम डुमरी के टीमों द्वारा उदघाटन मैच खेला गया। जिसमे डुमरी की टीम एक गोल से बिजयी हुए। फुटबाल टूर्नामेंट के अध्यक्ष बालेसर उरांव, सचिव सुलेन्द्र उरांव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र उरांव ने बताया कि प्रथम विजेता टीम को 25 किलो मुर्गा व ट्रॉफी, द्वितीय को 20 किलो मुर्गा, तृतीय को 15 किलो व चतुर्थ को 10 किलो मुर्गा पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जायेगा। मैच 15-15 मिनट का कराया जायेगा जिसका इंट्री फी 600 निर्धारित की गई है। टूर्नामेंट आयोजन मे रमेश गंझु, महेश उरांव, संतोष सुधीर व राजकुमार ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

### अधुरी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें : बीडीओ

**बालूमाथ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सोमा उरांव ने की। आवास विभाग से कार्य प्रगति का पूरी जानकारी लेते हुए बीडीओ ने अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता देकर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए और कहा कि योजनाएं केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। बैठक में रोजगार, भुगतान पारदर्शिता और आवास योजनाओं की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की बीडीओ ने चेतावनी दी है। बैठक में मुजफ्फर कमाल, मो. राशिद, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सुषमा कुमारी समेत कई प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

### सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

**चंदवा।** शहर के नजदीक देवनद दामोदर तट छठ घाट पर शनिवार को सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित बाल कृष्ण मिश्र के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बतौर यजमान चंद्रभूषण केसरी, मनु गुप्ता व अनिकेत भाष्कर ने विधिवत पूजन किया। पूजन के उपरांत मंदिर निर्माण को लेकर आधारशिला रखी गई। इसके पश्चात भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि देवनद तट छठ घाट पर सूर्य मंदिर निर्माण का संकल्प शिला स्थापित कर किया गया था। भूमिपूजन के मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, अजय वैद्य, सौरभ श्रीवास्तव, रवि कुमार डे, इंद्रजीत भारती, शशिकांत मिश्रा, संजय दुबे, सुनील मिस्त्री, मनीष चांदो, दीपक निषाद, अंकित कुमार, रंजन सिंह, अरविंद कुमार, मुकेश सिंह, धर्मेंद्र भारती, सुमित कुमार, कमलेश कुमार समेत बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

### घर का छप्पर गिरने से युवक का हाथ हुआ बेकार, 75 वर्ष की वृद्धा विधवा मां कर रही परिवार का पालन पोषण

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत के ग्राम चिकनीकोना निवासी 75 वर्षीय वृद्धा विधवा मां फगनी देवी अपने 20 वर्षीय हाथों से अपंग हो चुके बेटा, बहु एवं दो पोते के साथ जर्जर हो चुके बिना खिड़की दरवाजे के एक कमरे के झोपड़ी में रहने को मजबूर है। वृद्ध मां फगनी देवी बताती है कि पिछले साल विश्वकर्मा पूजा से पहले बारिश के दौरान उनका घर गिर गया था। जिसके नीचे दबकर उनके 20 वर्षीय बेटे परमेश्वर यादव का हाथ भी बेकार हो गया। जिसके बाद इसका मजदूरी का कार्य भी छूट गया और घर की पूरी जिम्मेदारी वृद्ध मां एवं बहू के कंधे पर आ गया। गुजारे का कोई साधन नहीं है। जंगलों से सूखी लकड़ी लाकर बाजार में बेचती है। उससे जो पैसा मिलता है, उसमें पूरे परिवार का पालन पोषण होता है। घर बनाने के लिए पैसा नहीं है। कई बार आवास के लिए आवेदन दे चुकी है। आवास दिलाने के लिए जियो टैगिंग के नाम पर दो बार फोटो खींचकर भी ले जाया गया। आवास दिलाने के नाम पर 500 रुपए भी लिए गए लेकिन आवास नहीं मिला।

## बच्चों को वाटर बॉटल देने के बहाने गांव में घुसी एनएलसी कंपनी की टीम

- धांधू नॉर्थ परियोजना के बिचौलियों को दंडित करने की ग्रामीणों ने दिया चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत धांधू पंचायत के हेमपुर गांव में शनिवार को उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब एनएलसी इंडिया लिमिटेड कंपनी की धांधू नॉर्थ कोल परियोजना से जुड़ी एक टीम गांव में बिना किसी पूर्व सूचना और ग्रामसभा की स्वीकृति के पहुंच गई। टीम ने हेमपुर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच पानी की बोतलों का वितरण किया। जिसे लेकर ग्रामीणों में विरोध जाहिर की।

**ग्रामीण बोले यह धोखा है :** ग्रामीणों का कहना है कि एनएलसी कंपनी स्कूल में सामग्री वितरण के जरिए गांव में अपनी परियोजना को लेकर सकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। जबकि गांववासियों ने पहले ही कंपनी की किसी भी गतिविधि का विरोध किया है। उन्होंने इसे धोखे की साजिश करार देते हुए चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी घटना दोहराई गई तो कंपनी के बिचौलियों को जन अदालत लगाकर दंडित किया जाएगा।

**बिना ग्रामसभा की अनुमति कुछ भी स्वीकार्य नहीं :** ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी परियोजना संबंधी कार्य के लिए ग्रामसभा की स्वीकृति अनिवार्य है। एनएलसी को अगर गांव में कोई कार्य करना है, तो पहले ग्रामीणों की बैठक बुलाकर उनकी सहमति लेनी होगी। स्थानीय ग्राम प्रधान ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे इस कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

# शहरी क्षेत्र में सोने की चेन छिनतई की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही

- पुलिस की कार्रवाई का कोई परिणाम नहीं
- 14 घंटे में शहर में तीन जगह चैन स्नैचिंग
- छिनतई कर असानी से निकल जा रहे हैं चोर
- सीसीटीवी फुटेज में दिखे उचक्के

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रा रेजिडेंसी, मेजर मोड़ और आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास से चेन स्नैचिंग की घटना हुई है। शहर थाना क्षेत्र में चेन छिनतई का मामला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक महीने में 5 बार से ज्यादा चेन स्नैचिंग का मामला आ चुका है, जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया है। पहली घटना शुक्रवार शाम लगभग 5:45 का है। जहां मोटरसाइकिल सवार अज्ञात चोरों के द्वारा चलती स्कूटी पर बैठे अमरेश सिंह के गले से सोने (22 ग्राम) के चेन उड़ा ले गए। पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज में साफ-साफ दिख रहा है। अमरेश सिंह ने बताया की वह अपनी बेटी के लिए दुकान में बिस्कुट लेने गए थे, जब वह बिस्किट लेकर वापस घर जा रहे थे तो इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो स्नेचर आए और गले से चेन उड़ा ले गए। जब तक वहां लोगों की भीड़ इकट्ठी होती वे लोग मोटरसाइकिल से तेजी से बैरिया के तरफ निकल पड़े। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहने हुए हैं और पीछे बैठा व्यक्ति गमछा से अपना चेहरा ढके हुए है।दूसरी घटना शहर थाना क्षेत्र के ही आबादगंज के रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। जहां पल्सर मोटरसाइकिल सवार ने महिला के गले से चेन ले उड़े। शनिवार सुबह जब नीलम देवी टहल कर अपने घर वापस लौट रही थी तो मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति गले से चैन छीन ले उड़े और तेजी से कचहरी की तरफ निकल गए। नीलम देवी गले में 14 ग्राम के सोने का चेन पहनी हुई थीं। नीलम देवी ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहने हुआ था और पीछे बैठा व्यक्ति चेहरे को गमछा से लपेटे हुए था।

## हरिहरगंज में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की डीसी ने की समीक्षा

# विकास संकेतकों की प्रगति पर जताई चिंता, बच्ची के भविष्य की ली जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नीति आयोग द्वारा निर्धारित कुल 40 विकास संकेतकों के आधार पर विभिन्न विभागों की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने निष्क्रिय एफपीओ को पुनः सक्रिय करने अथवा नए एफपीओ के गठन पर बल दिया। उन्होंने टीबी मरीजों के लिए नियमित मंथली किट की आपूर्ति सुनिश्चित करने, बच्चों की वृद्धि की निगरानी नियमित और सटीक तरीके से करने, महिला समूहों को अधिक सशक्त बनाने तथा नई महिलाओं को जोड़ने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, प्रखंड में सड़कों की दशा, बिजली और पानी की व्यवस्था, स्कूलों की संख्या और उनकी वर्तमान स्थिति, जनधन खातों की संख्या समेत कई विषयों पर भी जानकारी ली। समीक्षा बैठक में छत्तरपुर एसडीओ, हरिहरगंज के बीडीओ परितोष प्रियदर्शी सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

### बच्ची से संवाद कर जताया मानवीय सरोकार, दिए निर्देश

समीक्षा के दौरान डीसी समीरा एस ने प्रखंड परिसर में एक बच्ची से बातचीत की। बातचीत के क्रम में बच्ची के नाना ने बताया कि उसकी मां का निधन हो चुका है और पिता ने भी साथ छोड़ दिया है, जिससे दस्तावेज बनवाने में कठिनाई आ रही है। इस पर उपायुक्त ने बीडीओ को बच्ची के लिए त्वरित रूप से संबंध प्रमाण पत्र तैयार करवाने और आधार कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बच्ची का स्कूल में नामांकन जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा।

## सहस्त्र शिवलिंग: एक लोटा जल से 1008 शिवलिंग का जलाभिषेक

**महेश कुमार प्रजापति**



**इटखोरी (चतरा)।** चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में बना सहस्त्र शिवलिंग श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन चुका है। इस अनोखी संरचना में एक बार जल चढ़ाने पर 1008 शिवलिंगों का एक साथ जलाभिषेक होता है, जो इसे देशभर में विशेष और चमत्कारी बनाता है। विशेष रूप से निर्मित इस शिवलिंग समूह की रचना ऐसी है कि जब कोई भक्त मुख्य शिवलिंग पर जल अर्पित करता है, 1008 शिवलिंगों तक स्वतः ही प्रवाहित हो जाता है। यह दृश्य न केवल भावनात्मक रूप से मन को छूता है, बल्कि वहां की आध्यात्मिक ऊर्जा को भी जीवंत कर देता है।

मंदिर के पुजारी दीपक गिरी और राजा गिरी के अनुसार, सहस्त्र शिवलिंग पर जल चढ़ाने से सहस्त्रगुणा पुण्य की प्राप्ति होती है और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। श्रावण मेले के दौरान स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए जाते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह धार्मिक स्थल आज न केवल चतरा, बल्कि पूरे झारखंड और भारतवर्ष में श्रद्धा, अध्यात्म और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन चुका है।

## पेज एक के शेष

### युवाओं के लिए...

अन्य देशों के साथ जो भी समझौते किए हैं, उनसे हमारे युवाओं को निश्चित रूप से लाभ होगा। आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी और दूसरी डेमोक्रेसी, यानी सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि देश में 'मेक इन इंडिया' और 'पीएलआई' स्कीम के माध्यम से 11 लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए हैं। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। रक्षा उत्पादन, रेलवे निर्माण और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी जबरदस्त प्रगति दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम सूर्य घर योजना और नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा किया है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, जो सरकार की रोजगारोन्मुख योजनाओं का प्रमाण है। विभिन्न योजनाओं के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है। लखपति दीदी मिशन के अंतर्गत अब तक 1.5 करोड़ महिलाएं इस लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह समय विकास का महायज्ञ है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में पूरी निष्ठा से योगदान दें। उन्होंने सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'नागरिक देवो भवः' की भावना के साथ सेवा करें।

### 'रोजगार मेला' विकसित...

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश में सबके विकास की बात करते हैं और वह धरातल पर उतर रहा है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेल मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की उस नीति का प्रमाण है, जिसमें मिशन विकसित भारत के लिए युवाओं को बेहतर मंच देने की प्रतिबद्धता है।

### वीर सैनिकों की...

भूलकर भी ऐसी जघन्य कृत्य मत करना, वरना दुनिया से नामोनिशां मिटा देंगे। ऐसे वीर सैनिकों के प्रति सारा देश नतमस्तक है। उनकी कुबार्नी, शहादत को सारा देश नमन करता है। उनपर गर्व करता है और कहता है-

- मेरे हिंद देश की सेना
- सीखा नहीं है झुकना,
- एक आग रगों में बहता
- ताकत मेरी मत आंकना।

### पेशरार में छापेमारी...

साथ ही, 17 सीएलए एक्ट के तहत भी उसके विरुद्ध मामला लंबित है। सूत्रों के अनुसार, वह सीपीआई (माओवादी) के कुख्यात दस्ते सदस्य नुकुल यादव के साथ वर्षों तक सक्रिय रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे उसके घर से गिरफ्तार किया। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने इस गिरफ्तारी को नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है और कहा कि इस प्रकार की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी।

**समीक्षा**

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

# स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व व किराया वसूली से जुड़े मुद्दों पर लिए गए निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्च माह में संपन्न पिछली बोर्ड बैठक के निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कई जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए धान बीज वितरण की जानकारी ली गई। इस पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने मांग की कि बीज वितरण से संबंधित सूची जिला परिषद को उपलब्ध कराई जाए, जिस पर बोर्ड ने सर्वसम्मति से सहमति दी। नौडीहा बाजार के जिप सदस्य द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में रंग-रोगन कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सदन ने सहमति दी और जांचोपरांत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। वहीं, नीलांबर-पीतांबरपुर के जिप सदस्य ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु सहायक आचार्य की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

मनातू प्रमुख द्वारा चक हाई स्कूल में शिक्षकों के सिर्फ उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय छोड़ देने और नियमित शिक्षण कार्य न करने की शिकायत की गई। इसके अलावा, पड़वा प्रमुख ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिला परिषद कार्यालय में वर्षों से अनुपयोगी पड़े उपस्करों की नीलामी की जाएगी। साथ ही 12 माह या उससे अधिक समय से किराया नहीं देने वाले दुकानदारों से तत्काल वसूली की जाएगी, और भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित दुकानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। दुकानों के हस्तांतरण की स्थिति में न्यूनतम 50,000 बतौर जमानत राशि जमा कराने, पूर्व आवंटियों को ब्लैकलिस्ट करने और उनकी जमानत राशि जब्त करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, जिला परिषद कार्यालय में कार्यरत तीन कर्मचारियों की सेवा संपुष्टि (स्थायीकरण) का निर्णय भी बोर्ड द्वारा लिया गया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न जिला परिषद सदस्यगण तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रिक्त सहिया पदों को भरने का निर्णय

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान रिक्त सहिया पदों को भरने का निर्णय लिया गया। वहीं, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में महिला डॉक्टर की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। इस पर सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि पाटन में पदस्थापित महिला चिकित्सक को हुसैनाबाद में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। साथ ही उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने पांच से दस वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित चिकित्सकों और कर्मियों के स्थानांतरण की मांग भी रखी।

## जीएलए कॉलेज के उर्दू विभाग में प्री-पीएचडी सेमिनार का आयोजन

**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर के उर्दू विभाग द्वारा शनिवार को वर्चुअल क्लासरूम में प्री पीएचडी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शोधार्थियों ने अपने शोध कार्यों की प्रस्तुति दी और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरफुद्दीन शेख ने की, जबकि संचालन डॉ. खुर्शीद आलम ने किया। सेमिनार में डॉ. शिवपूजन सिंह, दिलीप कुमार, डॉ. रविशंकर सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. भीम राम, डॉ. आर. के. झा, डॉ. संजय बाड़ा, डॉ. वीरेंद्र, विकास टोप्पनो, डॉ. अन्ना हसदा और हसमत जहां समेत कई प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने शोधार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके कार्यों पर विचार व्यक्त किए। सेमिनार में अमीना खातून, इशरत बानो, नसीम अहमद और अफससा जबीं ने अपने-अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा सराहा गया।

# आईआईएम कलकत्ता की सेकेंड ईयर की लड़की के साथ बॉयज हॉस्टल में रेप

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है। ऐसा आरोप लगा है एक सेकेंड ईयर की लड़की के साथ बॉयज हॉस्टल में रेप किया गया। इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है और एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी किया है। अपनी शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि काउंसलिंग सेशन के नाम पर उसे बॉयज हॉस्टल में बुलाया गया था। वहां पर फिर उसे कुछ चीज खाने की दी गई और पीने के लिए ड्रिंक भी मिली। उसके बाद वो बेहोश हो गई और जब होश में आई तो उसने खुद को हॉस्टल में पाया और उसे पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। लेकिन बिना घबराए पीड़िता ने पास के ही पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने एक युवक को डिटेन भी किया, लेकिन अभी तक साफ नहीं है वो शख्स ही असल मास्टरमाइंड है या नहीं। शुरुआती जानकारी के बाद ऐसा भी पता चला है कि पीड़िता और आरोपी सबसे पहले सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे से मिले थे। लेकिन लड़की का किसी दूसरे शख्स के साथ किसी बात को लेकर तनाव था, इस वजह से उसने आरोपी से मदद मांगी और फिर इस आरोपी ने लड़की को अपने कैंपस पर बुलाया। उस समय दोनों का एक कॉमन दोस्त भी उस हॉस्टल में साथ पहुंचा था। लेकिन बाद में आरोपी ने लड़की से अकेले में बात करने की बात कर दी। इस समय पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और कैंपस के छात्रों से भी लगातार पूछताछ हो रही है। एक हैरानी वाली बात यह भी सामने आई है कि लड़की से विजिटिंग रजिस्टर पर कोई साइन नहीं करवाया गया था। समझने वाली बात यह है कि कैंपस नियमों के मुताबिक अगर कोई बॉयज हॉस्टल में आएगा तो सबसे पहले उसे रजिस्टर में साइन करना जरूरी है, लेकिन यहां पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। शुरुआती जानकारी के मुताबिक जिस समय पीड़िता बॉयज हॉस्टल में पहुंची, वहां उसे सबसे पहले पिज्जा और सॉफ्ट ड्रिंक दी गई। कुछ देर बाद ही वो बेहोश हो गई।कॉलेज कैंपस से इस मामले का सामने आना चिंता का विषय बन चुका है। इससे पहले कोलकाता ला कॉलेज से भी एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था जहां पर पीड़िता के साथ गैंगरेप किया गया। उस मामले में भी पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# केंद्र व दिल्ली ने बनाया 'क्लीन यमुना' प्लान, खर्च होंगे 9000 करोड़ रुपए

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्र में तो भाजपानीत सरकार का तीसरा टर्म है, लेकिन न दिल्ली में हाल ही में भाजपा की सरकार बनी है। इसके पहले आम आदमी पार्टी की सरकार थी। आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना क्लीन योजना के लिए केन्द्र की मोदी सरकार से लगातार धन की मांग करती रही , इसी तरह अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए धन की मांग करती रही। लेकिन केन्द्र सरकार ने धन नहीं दिया। अब दिल्ली राज्य में भाजपा की सरकार आ गई है तो यमुना के साफ करने के लिए 9000 करोड़ रुपये महा बजट वाला प्लान बन गया। इस के लिए कहा जा रहा है कि इस अभियान का उद्देश्य देश की राजधानी को स्वच्छ जल व प्रदूषण मुक्त यमुना उपलब्ध कराना है। राज्य की मुख्यमंत्री इस नदी पुनरुद्धार प्रयासों का नेतृत्व कर रही हैं, और इसकी निगरानी उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना व लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा कर रहे हैं।देखिए कितने माह में ये परियोजना पूरा होती है और 9000 करोड़ रुपये खर्चने के बाद कितना साफ होती है?वैसे तो कहा जा रहा है कि दिल्ली जल बोर्ड ने राजधानी के जल बुनियादी ढांचे में सुधार, सीवरेज नेटवर्क को उन्नत करने, टैंकर सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और अत्यधिक प्रदूषित यमुना नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 45-सूत्री कार्य योजना शुरू की है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 9,000 करोड़ रुपये के बजट से समर्थित इस व्यापक योजना के अगले वर्ष तक पूरा होने की उम्मीद है। इस अभियान का उद्देश्य राजधानी को स्वच्छ जल और प्रदूषण मुक्त यमुना उपलब्ध कराना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) शहर के कुल 360 छोटे-बड़े नालों का पुनर्मूल्यांकन करेगा और नदी में गिरने वाले 22 बड़े नालों का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। यमुना नदी में प्रदूषण निगरानी के लिए कुल 67 स्थानों की पहचान की गई है। जुलाई तक एक सर्वेक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट दिल्ली जल बोर्ड को सौंपी जाएगी।

## 'बोल्सोनारो इफैक्ट टैरिफ' पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा ने कहा

# डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ वाले पत्र को रिसीव नहीं करेंगे

**ब्रासीलिया/वाशिंगटन (हि.स.)**

ब्राजील का राष्ट्रपति कार्यालय अमेरिका से भौतिक रूप से आने वाले डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत वाले पत्र 'बोल्सोनारो इफैक्ट टैरिफ' को रिसीव नहीं करेगा।



ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला द सिल्वा ने अपने राजनयिकों को इस आशय का आदेश दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस कदम से ब्राजील के राष्ट्रपति भड़के हुए हैं। अमेरिका के सीबीएस न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, लुईज इनासियो लूला द सिल्वा ने आरोप लगाया कि ट्रंप की ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो से मित्रता है। इसलिए वह जेयर के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को खत्म करने का दबाव बनाने के लिए आयात करों में 50 फीसद की वृद्धि करने के वादे पर आमादा हैं। उन्होंने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप यह टैरिफ ब्राजील पर लगाते हैं, तो वह अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाएंगे। लूला ने कहा कि अगर अमेरिका के साथ बातचीत विफल हो जाती है, तो वे इस साल की शुरुआत में कांग्रेस से मंजूर किए गए ब्राजील के पारस्परिकता कानून को लागू कर देंगे। सीबीएस का मानना है कि लूला की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच टैरिफ युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है। ऐसा इसलिए कि ट्रंप की जिद है कि अगर कोई देश अपने टैरिफ लगाकर अमेरिका को दंडित करने की कोशिश करेगा, तो वह इसका कड़ा जवाब देंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति का मानना है कि ट्रंप बोल्सोनारो के आपराधिक मुकदमे के नतीजे को तय करने की कोशिश कर रहे हैं। बोल्सोनारो ने 2022 में चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए ट्रंप जैसा काम किया। उधर, बोल्सोनारो का कहना है कि ब्राजील का सर्वोच्च न्यायालय उन्हें राजनीतिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। साओ पाउलो स्थित इंस्पर विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर कार्लोस मेलो का मानना है कि बोल्सोनारो के मुकदमे के बारे में लूला या ब्राजील कुछ नहीं कर सकते। इसमें कोई भी बदलाव ब्राजील के लिए आत्मसमर्पण जैसा होगा। इस बीच, लूला ने अपने राजनयिकों को आदेश दिया कि अगर ट्रंप का पत्र ब्रासीलिया स्थित राष्ट्रपति भवन में भौतिक रूप से पहुंचता है, तो उसे वापस कर दिया जाए।

## 1 अगस्त की समय सीमा से पहले देश टैरिफ वार्ता के लिए कड़ी मेहनत करते रहें : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन के साथ चल रही व्यापार वार्ता में शामिल देशों को 1 अगस्त की वार्ता की समयसीमा से पहले कड़ी मेहनत करते रहने की सलाह दी है। उन्होंने अपना यह दावा भी दोहराया है कि दोस्त और दुश्मन दोनों ने अमेरिका का कई वर्षों से फायदा उठाया है। ट्रंप ने यह टिप्पणी टेक्सास के बाढ़ प्रभावित इलाके के लिए रवाना होने से पहले की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया, जापान और अन्य देश 1 अगस्त से लागू होने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव से बचने या उसे कम करने के लिए अमेरिका के साथ समझौते करने की कोशिश कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, "मेरा मानना है कि कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। आप जानते हैं, कई वर्षों से दोस्त और दुश्मन, दोनों देशों ने हमारा फायदा उठाया है और सच कहूं तो कई मामलों में दोस्त दुश्मनों से भी बदतर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं कहूंगा, बस मेहनत करते रहो। सब ठीक हो जाएगा।" ट्रंप ने सोमवार को दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग को एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया कि अमेरिका 1 अगस्त से दक्षिण कोरियाई उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाना शुरू करेगा। उन्होंने अमेरिकी वस्तुओं के लिए व्यापार बाधाओं को दूर करने, अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और अमेरिकी विनिर्माण के पुनर्निर्माण के अभियान के तहत अप्रैल में नई टैरिफ योजना की घोषणा की थी।

## आयुष में एआई समावेश पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट ऐतिहासिक

# डब्ल्यूएचओ ने किया भारत के अग्रणी प्रयासों को स्वीकार

- **डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग के लिए तैयार किया है पहला रोडमैप**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, विशेष रूप से आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों को स्वीकार किया है। इसकी जानकारी आयुष मंत्रालय ने दी।

डब्ल्यूएचओ ने अपने तकनीकी विवरण 'पारंपरिक चिकित्सा में एआई' में भारत के इन प्रयासों को प्रमुखता से उजागर किया है, जो पारंपरिक चिकित्सा में डिजिटल तकनीकों के उपयोग को दर्शाता है। आयुष मंत्रालय ने बताया कि भारत की ओर से मिले प्रस्ताव के बाद हमारे प्रयासों को सराहा गया है। हमारे प्रस्ताव के परिणामस्वरूप डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग के लिए पहला रोडमैप तैयार किया। मंत्रालय ने इस मान्यता को 'पारंपरिक चिकित्सा के लिए मजबूत वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में भारत के नेतृत्व का प्रमाण' करार दिया।

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा, डब्ल्यूएचओ के तकनीकी विवरण में भारत की एआई-आधारित पहल हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इसके अंतर्गत आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी में एआई-संचालित अनुप्रयोग शामिल हैं, जैसे नाड़ी रीडिंग, जीभ परीक्षण और प्रकृति मूल्यांकन को मशीन लर्निंग और डीप न्यूरल नेटवर्क के साथ जोड़ने वाली निदान सहायता प्रणालियां।

जाधव ने आगे कहा, एसएएचआई पोर्टल, नमस्ते पोर्टल और आयुष अनुसंधान पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से भारत न केवल अपनी सदियों पुरानी चिकित्सा विरासत को संरक्षित कर रहा है, बल्कि व्यक्तिगत, साक्ष्य-आधारित और वैश्विक स्तर पर सुलभ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को भी आकार दे रहा है।

डब्ल्यूएचओ के विवरण में आयुजीनोमिक्स पर भी प्रकाश डाला गया है, जो जीनोमिक्स को आयुर्वेदिक सिद्धांतों के साथ जोड़ने वाली एक वैज्ञानिक उपलब्धि है। यह पहल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के तहत एआई-आधारित विश्लेषण से रोगों के पूवानुमानित संकेतों की पहचान कर वैयक्तिक परामर्श प्रदान करती है। इससे आधुनिक रोगों के लिए हर्बल योगों के जीनोमिक और आणविक आधार को समझने के प्रयासों को भी मान्यता मिली है।

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा, ये एआई-सक्षम प्लेटफॉर्म भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को संरक्षित और सत्यापित करने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक साक्ष्य-आधारित डिजिटल स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत कर रहे हैं।



### डब्ल्यूएचओ ने की टीकेडीएल की प्रशंसा

डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) की भी प्रशंसा की, जो स्वदेशी चिकित्सा विरासत के संरक्षण और जिम्मेदार उपयोग के लिए वैश्विक मॉडल बन चुकी है। इसके अतिरिक्त, डब्ल्यूएचओ ने ऑनलाइन परामर्श के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, आयुष चिकित्सकों में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा के साथ जोड़ने के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ व पूर्व सीजेआई केयर ने कहा-

# चुनाव आयोग को बेलगाम ताकत नहीं दी जानी चाहिए

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



एक देश एक चुनाव को लेकर जेपीसी का गठन किया गया है, जिसकी बैठक शुक्रवार को हुई थी। चुनावी प्रक्रिया में कथित सुधारों को लेकर हुई इस बैठक में देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर और डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने-अपने सुझाव दिए। दोनों ने ही इस बात पर सहमति जताई कि एक देश एक चुनाव का ये विधेयक सिद्धांतों के आधार पर संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता है लेकिन चुनाव आयोग को बेलगाम ताकत नहीं दी जा सकती है। इस विधेयक को लेकर पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा है कि चुनाव आयोग की भूमिका गहन जांच के दायरे में आ गई है, क्योंकि उसे अत्यधिक शक्तियां प्रदान करने के प्रस्ताव पर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं और इस धारा के पुनर्मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय बहस की आवश्यकता है। इसलिए इस पर सभी से चर्चा की जानी चाहिए।पूर्व सीजेआई जेएस खेहर हों या फिर डीवाई चंद्रचूड़ दोनों ने ही जेपीसी की मीटिंग में यह सुझाव भी दिया है कि चुनाव आयोग को इतनी ज्यादा बेलगाम ताकत नहीं दी जानी चाहिए, जितनी संविधान संशोधन बिल में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक सिस्टम होना चाहिए। इतना ही नहीं, दोनों ही पूर्व न्यायाधीशों ने यह भी कहा कि एक देश एक चुनाव के नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक सिस्टम बनाया जाना चाहिए। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश एक चुनाव के विधेयक को लेकर पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने तीन अहम सुझाव दिए हैं। उन्होंने कथित तौर पर चेतावनी दी कि इन सुरक्षा उपायों के बिना, प्रस्ताव के परिणामस्वरूप आयोग के हाथों में सत्ता का गैर-जवाबदेह नियंत्रण हो सकता है-

1- भारत निर्वाचन आयोग को केवल राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित स्थितियों में ही चुनाव स्थगित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

ऐसी किसी भी सिफारिश को संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। स्थगन की अनुमति केवल एक निश्चित, सीमित अवधि के लिए दी जानी चाहिए।

वहीं बैठक के दौरान भाजपा सांसद व जेपीसी के चेयरमैन पीपी चौधरी ने कहा कि जेपीसी की बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. एस. खेहर व न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड शामिल हुए। उनसे हमनें वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जो संवैधानिक सवाल हैं, उनको लेकर उनकी राय जानी है। मालूम हो कि बीते वर्ष दिसंबर में 'एक देश एक चुनाव' का बिल संसद में पास हो गया था। सरकार इसे 2029 से लागू करने की तैयारी कर रही है।

# 'भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत': सीजेआई बीआर गवई

- **छात्र अपने परिवारों पर आर्थिक बोझ डालने के बजाय छात्रवृत्ति पर विदेश में आगे की पढ़ाई करें**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली में सुधार की सख्त जरूरत है। यह अनूठी चुनौतियों का सामना कर रहा है। जिसमें अक्सर दशकों तक चलने वाले मुकदमे भी शामिल हैं।मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय प्रणाली में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं आशावादी हूं कि मेरे साथी नागरिक चुनौतियों का सामना करेंगे।व्यवस्थागत मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद भी कोई निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं उन समस्याओं को सुलझाने में हमारी मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं।स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए सीजेआई ने भारतीय न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में आने वाली पीढ़ी पर विश्वास जताया और उन्हें अपने परिवारों पर आर्थिक बोझ डालने के बजाय छात्रवृत्ति पर विदेश में आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दीक्षांत समारोह में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी,सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और तेलंगाना हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल ने भाग लिया।

# टीवी और मोबाइल से पहले सिनेमा हॉल में देखी फिल्में दिलो दिमाग पर छा जाती थीं : काजोल

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल 'बाजीगर', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'गुप्त', 'इश्क', 'दुश्मन', और 'कुछ कुछ होता है' जैसी यादगार फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। अपनी पुरानी फिल्मों को लेकर उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में फिल्मों का असर लोगों पर ज्यादा होता था, क्योंकि सिनेमा हॉल ही एकमात्र जगह होती थी जहां लोग अपने पसंदीदा सितारों को देख सकते थे। उस वक्त टीवी या मोबाइल पर फिल्में आसानी से नहीं मिलती थीं, इसलिए लोग फिल्मों को बहुत खास मानते थे और उनकी यादें भी लंबे समय तक बनी रहती थीं। उन्होंने आगे कहा कि आजकल सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन से फिल्मों को लेकर उत्साह और याददाश्त पहले के मुकाबले काफी कम हो गई हैं। जब काजोल से पूछा गया कि आज रिलीज हुई फिल्मों की याददाश्त पहले वाली फिल्मों जैसी क्यों नहीं है, इस पर काजोल ने आईएएनएस से कहा, "मुझे लगता है कि आज भी कुछ फिल्में अच्छी और याद रखने लायक होती हैं, लेकिन शायद उनकी संख्या कम है। मैं ये नहीं कहूंगी कि आज ऐसी कोई फिल्म नहीं है।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि पहले समय में सिर्फ सिनेमा हॉल ही एकमात्र तरीका था अपने पसंदीदा सितारों को देखने का। अगर किसी को शाहरुख खान को देखना होता था, तो उसे थिएटर जाना पड़ता था। अगर कोई अजय देवगन का फैन होता था, तो वो भी उन्हें देखने सिनेमा हॉल जाता था।" अभिनेत्री ने कहा, "उस समय न सोशल मीडिया था, न ओटीटी। कुछ भी नहीं था। अगर किसी को अपने पसंदीदा अभिनेता या अभिनेत्री को देखना होता था, तो उन्हें सिनेमा हॉल जाना होता था। जब किसी चीज को देखने या अनुभव करने का सिर्फ एक ही तरीका होता है, तो वही अनुभव सबसे गहरी याद बन जाता है।" उन्होंने कहा, "जब किसी चीज को देखने के लिए 15 अलग-अलग तरीके होते हैं, तो शायद वो उतनी गहराई से आपके दिल में नहीं बसती।" वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही कायोज ईरानी की फिल्म 'सरजमीन' में नजर आने वाली हैं।

